শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 64 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 29 सितंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

तीन सरकारी लोक सेवक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार पेज 3
द. कोरिया से और मजबूत होगा रक्षा सहयोग, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से हुई वार्ता पेज 4
उप्र के विधानसभा व विधान परिषद सचिवालय भर्ती में कई प्रमुखों... पेज 5
महिला आरक्षण बिल 2024 में लागू कर ओबीसी महिलाओं को आरक्षण की मांग पेज 8

### *असम अंतर्देशीय जल परिवहन विभाग की महत्वपूर्ण छलांग*

## मुख्यमंत्री ने दिखाई दस कैटामरैन, तीन टग नाव और एक खोजी जहाज को हरी झंडी

**गुवाहाटी ( विभास )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य सरकार के परिवहन मंत्री परिमल शुक्लाबैद्य की उपस्थिति में औपचारिक रूप से राज्य का अंतर्देशीय जल परिवहन बेड़ा का लाचित घाट पर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 10 कैटामरैन जहाज, 3 टग नौका और एक खोज-बचाव जहाज को हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पथ परिवहन के समानांतराल जल परिवहन को उन्नत करने की दिशा में सरकार के कदमों के बारे में विस्तार से बताया। सागरमल प्रकल्प के तहत पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गुवाहाटी से उत्तर गुवाहाटी अश्वक्लांता, दौल गोविंद, उमानंद दर्शन करते हुए पुन: गेटवे टर्मिनल में अपनी यात्रा समाप्त करने की सुविधा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7.17 करोड़ के बजट के साथ जिस प्रकल्प का शुभारंभ किया गया है, उनमें तीन डक बोर्ड को हरी झंडी दिखाई गई है, जिसमें से तीन माजुली डिवीजन के लिए और एक धुबड़ी डिवीजन के लिए है। यह राहत कार्य एवं पेट्रोलिंग के लिए काम में आएगी। माजुली मे हुई नाव दुर्घटना से सबक लेते हुए राहत कार्य जहाज का आज उद्घाटन किया गया है। गुवाहाटी-उत्तर गुवाहाटी ब्रह्मपुत्र नदी का पुल भी जल्द ही शुभारंभ होने वाला है तथा गुवाहाटी पलाशबाड़ी ब्रह्मपुत्र ब्रिज की शुरुआत हाल ही में हो गई है। रात्रि कालीन जहाज सेवाओं को भी शुरू करने में अब सुविधा प्राप्त हो गई है। यह रणनीतिक बेड़ा विस्तार एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य असम की नदी प्रणालियों की विशाल क्षमता का दोहन करना है। इन जहाजों की शुरूआत

*-शेष पृष्ठ दो पर*

## इंफाल : डीसी ऑफिस में तोड़फोड़, दो गाड़ियां फूंकीं

**इंफाल।** जुलाई में लापता हुए दो युवकों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मंगलवार को मणिपुर की राजधानी में छात्रों के नेतृत्व में हिंसा की एक ताजा घटना भड़क गई। दो युवकों की मौत पर हिंसक विरोध प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी है। छात्रों के भीड़ ने इंफाल पश्चिम में उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो वाहनों को आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि कल रात, प्रदर्शनकारी उरीपोक, याइस्कुल, सागोलबंद और तेरा इलाकों में सुरक्षा कर्मियों से भिड़ गए, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बलों को कई राउंड आंसू गैस के गोले दागने पड़े। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा

*-शेष पृष्ठ दो पर*

### राकेश बलवाल मणिपुर में

**नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थिती को संभालने के लिए सीनियर आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल को मणिपुर भेजा है। जुलाई में लापता हुए दो छात्रों की नृशंस हत्या के बाद एक बार फिर मणिपुर में हिंसा भड़क उठी है। बुधवार को छात्रों और स्थानीय लोगों से सुरक्षाबलों की झड़प हो गई, जिसके बाद आरएएफ ने लाठीचार्ज किया। इसमे 45 लोग घायल हो गए। राकेश बलवाल 2012 बैच के मणिपुर कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।

*-शेष पृष्ठ दो पर*

## असम पुलिस में पांच हजार वैकेंसी अगले माह : सीएम

**गोलाघाट ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि अगले महीने असम पुलिस की नौकरी के लिए 05 हजार वैकेंसी निकाली जाएगी। इसके बाद असम पुलिस में कोई पद खाली नहीं रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री ने गुरुवार को देरगांव स्थित असम पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में 18 सौ नवनियुक्त पुलिसकर्मियों के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ट्रेनिंग लेकर निकले 1800 नए पुलिसकर्मियों के शामिल हो जाने से असम पुलिस को और अधिक बल मिल जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना के अधीन ट्रेनिंग ले रहे असम के कमांडो फोर्स का प्रशिक्षण समाप्त होने वाला है। इसके बाद राज्य

*-शेष पृष्ठ दो पर*

### मृत बच्चों के शव को ढूंढ़ने के लिए माता पिता ने लगाई गुहार

**इंफाल।** इंफाल घाटी में दो युवाओं की मौत के बाद उनके शवों की तस्वीरें वायरल होने पर दो दिनों तक जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसके बाद गुरुवार को बच्चों के माता-पिता ने अंतिम संस्कार के लिए अधिकारियों से अपने बच्चों के अवशेष का पता लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने इस मामले में सीबीआई के शामिल होने से मौत के रहस्य सुलझने की उम्मीद जताई है। 18 वर्षीय लड़की के पिता हिजाम कुलजीत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम केवल आखिरी बार अपने बच्चों का चेहरा देखना चाहते हैं, जिससे की हम उनका अंतिम संस्कार कर सके। इस नुकसान की भरपाई कोई भी नहीं कर सकता। मैतेई रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए हमें केवल उनके पहने हुए कपड़े का एक छोटा टुकड़ा की जरूरत होगी। उन्होंने आगे कहा कि जब भी मैं उसकी तस्वीर देखता हूं मैं पूरी तरह से बेचैन हो जाता हूं। मैं शांति नहीं ढूंढ पा रहा हूं। उसकी मां सुधबुध खो चुकी है। हालांकि इस घटना में मारे गए लड़के के परिवारवालों का भी यही हाल है। लड़के की मां ने बताया कि वह अपे बेटे के लिए रोज खाना बनाकर रखती है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे ढाई महीने हो गए और मैंने अबतक अपने बेटे का कंबल साफ नहीं किया, क्योंकि मुझे उसमें से उसकी खुशबु

*-शेष पृष्ठ दो पर*

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## रिनिकी भुईयां मामला : गौरव गोगोई पर न्यायालय का प्रतिबंध

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (मेट्रोपॉलिटन) की एक अदालत ने आज जारी आदेश में कांग्रेस सांसद तथा लोकसभा में प्रतिपक्ष के उप-नेता गौरव गोगोई को हिदायत दी है कि वे रिनिकी भुईयां के सब्सिडी मामले में कोर्ट के अगले आदेश तक कुछ नहीं बोलेंगे। न्यायालय ने यह आदेश प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट कंपनी के मालिक तथा असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिनिकी भुईयां द्वारा दायर किए गए एक मानहानि के मुकदमे पर सुनवाई करते हुए दिए। न्यायालय के अपने आदेश में कहा है कि जब तक कोर्ट की

*-शेष पृष्ठ दो पर*

## साल के अंत तक नेशनल हाईवे होगा गड्ढा मुक्त : गडकरी



**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि इस साल दिसंबर तक 1.46 लाख किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। इस योजना को सफल बनाने के लिए युवा इंजीनियरों की मदद ली जाएगी और उन्हें एनएच को गड्ढा मुक्त रखने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। नई दिल्ली में गुरुवार को गडकरी ने कहा कि बारिश की वजह से एनएच पर गड्ढे हो जाते हैं और इस समस्या को दूर करने के लिए नई नीति लाई गई है। बारिश की वजह से एनएच के पास के नाले जाम हो जाते हैं। रोबोट की मदद से इन नालों की जांच व सफाई का काम किया जाएगा। राजमार्ग के अतिक्रमण को भी समाप्त किया जाएगा क्योंकि इस कारण कई बार दुर्घटना हो जाती है। जल्द ही एनएच के सेफ्टी ऑडिट का काम आईआईटी व अन्य इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों को दिया जाएगा। इससे सरकार का काम कम लागत में हो जाएगा और छात्रों को नौकरी भी मिलेगी। गडकरी ने कहा कि सरकार शहर के ठोस कचरे का इस्तेमाल सड़क निर्माण में करने जा रही है। इस दिशा में भी एक नीति लाई जा रही है जिसके तहत शहरों के ठोस कचरे से प्लास्टिक, शीशा व एल्युमीनियम को अलग कर लिया जाएगा और इनका इस्तेमाल सड़क निर्माण में होगा। बाकी कचरे से बायोफ्यूल का उत्पादन किया जाएगा। इससे कचरे का निस्तारण भी होगा और पर्यावरण को भी स्वच्छ रखा जा सकेगा। ठोस कचरे से शीशा, प्लास्टिक को अलग करने के लिए नगर निगम को 40-50 लाख रुपए का प्लांट लगाना होगा। शहरी विकास मंत्रालय व अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

*-शेष पृष्ठ दो पर*

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## पाठशाला में 24 स्कूली छात्र भीषण गर्मी के कारण बेहोश

**पाठशाला।** असम के पाठशाला में कम से कम 24 स्कूली छात्र भीषण गर्मी के कारण गुरुवार (28 सितंबर) को बेहोश हो गए. ये छात्र असम के पाठशाला के साडेरी गांव में साहिद मदन रौता हाई स्कूल के थे। गुरुवार (28 सितंबर) को सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान छात्र बेहोश हो गए। सूत्रों के अनुसार, सुबह की प्रार्थना के दौरान चिलचिलाती गर्मी सहन नहीं कर पाने के कारण छात्र बेहोश हो गए। छात्रों को चिकित्सा देखभाल के लिए असम के पाठशाला में साहिद मदन रौता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गूगल वेदर रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार (28 सितंबर) को असम के पाठशाला में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 10 जून को, असम के कछार जिले के बाम बिद्या पिथ हाई स्कूल के 30 छात्र चिलचिलाती गर्मी के कारण अपनी कक्षाओं के अंदर बेहोश हो गए थे। अचानक हुई सामूहिक बेहोशी से स्कूल परिसर में अफरा-तफरी

*-शेष पृष्ठ दो पर*

### एक परिवार के तीन बच्चियों की डूबने से मौत

**पटना ( हि.स. )।** बिहार के बांका में बाराहाट थाना क्षेत्र के बभनगामा गांव में गुरुवार दोपहर तालाब में नहाने के दौरान डूबकर एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत हो गई। इनमें बभनगामा निवासी संजय मंडल की बेटी किरण कुमारी (11), वकील मंडल की बेटी जूही और ज्योति कुमारी हैं। बभनगामा गांव निवासी संजय मंडल और वकील मंडल की बेटी घर के पास तालाब में नहा रही थी। इसी दौरान एक बच्ची डूबने लगी। जब

*-शेष पृष्ठ दो पर*

## चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान ने वह काम कर दिया है जिसकी हमें उम्मीद थी : सोमनाथ

**गिर।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस. सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि उनके चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान ने वह काम कर दिया है जो इससे किए जाने की अपेक्षा की गई थी और यदि यह वर्तमान निष्क्रिय अवस्था (स्लीप मोड) से सक्रिय होने में विफल रहता है तो भी कोई समस्या नहीं होगी। वह गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर दर्शन करने गए थे और इसके बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी अब एक्सपीओसैट या एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह प्रक्षेपण के लिए तैयारी कर रही है और यह प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जा सकता है। चंद्रमा पर वर्तमान में प्रज्ञान के सुप्तावस्था या निष्क्रिय अवस्था में होने की स्थिति पर इसरो प्रमुख ने कहा कि चंद्रमा पर तापमान शून्य से लगभग 200 डिग्री सेल्सियस नीचे जाने पर अत्यधिक प्रतिकूल मौसम के कारण इसके

*-शेष पृष्ठ दो पर*

### सुप्रभात

*कोई मनुष्य अगर बड़ा बनना चाहता है, तो छोटे से छोटा काम भी करे, क्योंकि स्वावलंबी ही श्रेष्ठ होते है।*

**- ईश्वर चंद्र विद्यासागर**

### न्यूज गैलरी

### गणपति विसर्जन बारिश में भी सोत्साह जारी

**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र और देश में अलग-अलग जगहों पर उत्साह के साथ गणपति विसर्जन जारी है। बड़ी संख्या में लोग घरों से निकलकर गणपति विसर्जन में हिस्सा ले रहे हैं। मुंबई में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। कई गणेश मंडल भगवान गणेश के विसर्जन के लिए मुंबई के समुद्र तट पर जुटने लगे हैं। बारिश के बीच मुंबई के जुहू बीच पर लोग भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन कर रहे हैं। इस दौरान समुद्र तट

*-शेष पृष्ठ दो पर*

## राजस्थान में भी भाजपा केंद्रीय मंत्रियों समेत सासंदों को लड़ा सकती है विस चुनाव

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। बीजेपी ने मध्य प्रदेश में करीब 80 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। मध्य प्रदेश में पार्टी ने तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत अब तक 7 सासंदों को विधानसभा चुनाव का टिकट दिया है। इनमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते के अलावा सीधी से सांसद रीति पाठक, जबलपुर से सांसद राकेश सिंह को भी मैदान में उतारा है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की हार से भाजपा बहुत पेशोपेश में है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में अंतिम समय में उम्मीदवारों का ऐलान करना पार्टी को भारी पड़ गया और विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। इसी से सबक लेते हुए और स्थानीय नेताओं को भरोसे में लेकर पार्टी राजस्थान समेत सभी राज्यों में चुनाव चिन्ह कमल और नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव मैदान में उतरना चाहती है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश और राजस्थान के दौरे पर थे। मध्य प्रदेश में एक जनसभा को संबोधित

*-शेष पृष्ठ दो पर*

## जहां कांग्रेस नेताओं के दौरे, वहां पड़ते है ईडी-आईटी के छापे : खड़गे

**रायपुर/भाटापारा ( हि.स. )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को भाटापारा में श्रमिक सम्मेलन में कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद श्रम कानूनों को कमजोर किया है। सिर्फ अमीरों के हक में कानून बनाये हैं। कांग्रेस जैसा काम गांव-गरीब-मजदूर-किसान के लिए करती है, वैसा भाजपा वाले सोच भी नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस नेताओं के दौरे होते हैं, वहां ईडी-आईटी के छापे पड़ते हैं। हमें डरना नहीं, लड़ना है। डर गए तो समझो मर गए। देखते हैं कितना सताते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने भाषण की शुरुआत डॉ. एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने

*-शेष पृष्ठ दो पर*

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

## गुवाहाटी में शव बरामद

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के फैंसी बाजार इलाके में एक शव बरामदगी को लेकर सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आज बताया कि शव फैंसी बाजार के केदार रोड पर बाइलेन नंबर 3 स्थित एक घर से बरामद हुआ। शव बाथरूम में लटकते हुए देखा गया। आज सुबह लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा। मृतक की पहचान बिहार के अरुण कुमार जयसवाल के रूप में हुई है। काम के सिलसिले में मृतक गुवाहाटी में अपने बेटे विनय कुमार जयसवाल के साथ किराए के मकान में रहता था। मृतक अरुण कुमार चॉकलेट की थोक दुकान में काम करता था। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# देश में 25 से कम उम्र के 42 फीसदी स्नातक बेरोजगार

## *क्लर्क की परीक्षा दे रहे एमबीए और इंजीनियर*

**नई दिल्ली।** भारत में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। इसमें छिपी हुई बेरोजगारी की स्थिति तो और भी ज्यादा चिंताजनक है। दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर अपनी बातचीत के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देखा था कि बड़ी संख्या में शिक्षित युवा, जिनमें इंजीनियरिंग डिग्री वाले भी शामिल हैं, औपचारिक रोजगार पाने में असमर्थ हैं। वे मजबूरी में कुली जैसा अनिश्चित और अनौपचारिक रोजगार कर रहे हैं। संसद सदस्य और कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने अपने एक बयान में कहा है कि अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2021-22 में 25 साल से कम उम्र के 42 फीसदी ग्रेजुएट बेरोजगार थे। जनवरी 2023 में, 8,000 उम्मीदवारों ने गुजरात विश्वविद्यालय में क्लर्क के 92 पदों के लिए आवेदन किया। इनमें एमएससी और एमटेक वाले भी शामिल थे। जून 2023 में महाराष्ट्र में क्लर्क के 4,600 पदों के लिए 10.5 लाख लोगों ने आवेदन किया। इनमें एमबीए, इंजीनियर और पीएचडी होल्डर्स भी शामिल थे। जयराम रमेश के अनुसार, औपचारिक क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने में मोदी सरकार की घोर विफलता के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 2021-22 के आंकड़ों से पता चलता है कि औपचारिक क्षेत्र में रोजगार, 2019-20 की तुलना में 5.3 फीसदी कम हैं। इसके अलावा 2019-20 से 2021-22 तक औपचारिक क्षेत्र में रोजगार देने वालों की संख्या में भी 10.5 फीसदी की भारी गिरावट आई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी के आंकड़ों के मुताबिक, 2016-17 और मार्च 2023 के बीच मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की नौकरियों में 31 फीसदी की गिरावट आई है। जनवरी-मार्च 2023 के नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में भी 50 फीसदी से कम श्रमिक वेतनभोगी हैं। नवीनतम अखिल भारतीय पीएलएफएस डाटा, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल है, बहुत चिंताजनक है। इसके मुताबिक 2021-22 में केवल 21 फीसदी श्रमिकों के पास ही औपचारिक नौकरियां थी, जो अभी भी 23 फीसदी की महामारी-पूर्व अवधि से कम है। इसके बजाय, स्व-रोजगार और अनौपचारिक रोजगार में वृद्धि हुई है। जयराम रमेश के मुताबिक, ये आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार की विनाशकारी आर्थिक नीतियों और बिना किसी प्लानिंग के किए गए लॉकडाउन ने वास्तव में शिक्षित युवाओं के लिए औपचारिक रोजगार के अवसरों को कम कर दिया है। आर्थिक संकट के कारण निजी क्षेत्र में नौकरियां कम हो रही हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को बहुत कम संख्या में मौजूद सरकारी पदों के लिए प्रतिस्पर्धा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। मोदी सरकार में सार्वजनिक क्षेत्र के सिकुड़ने के कारण यह स्थिति और भी बदतर होती जा रही है। अगस्त 2022 तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 9.8 लाख पद खाली थे। सीएमआईई के डाटा से पता चलता है कि 2015-16 और 2022-23 के बीच सरकारी नौकरियों में 20 फीसदी की कमी आई है। भारत में अब प्रति 1000 जनसंख्या पर सार्वजनिक कर्मचारियों की संख्या सबसे कम है। यह संख्या संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील और यहां तक कि चीन से भी कम है। कांग्रेस पार्टी के महासचिव ने कहा कि मोदी सरकार रोजगार संकट से निपटने के बजाय आंकड़ों को छिपाने, तोड़-मरोड़ कर पेश करने और तरह-तरह की नौटंकी करने में व्यस्त है।

## जोनाई में लगी भीषण आग में सात दुकानें जलकर राख

**धेमाजी ( हिंस )।** जिले के जोनाई सदर के बीचों-बीच लगी भीषण आग में सात व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह जलकर राख हो गए। पुलिस ने आज बताया कि आग बुधवार रात को लगी। आग में किराना की दो दुकानें और एक मोबाइल की दुकान सहित सात दुकानें पूरी तरह जल गईं। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## करोड़ों की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**आइजल ( हिंस )।** मिजोरम में असम राइफल्स ने सीमा शुल्क निवारक बल, आबकारी तथा नारकोटिक्स विभाग, चंफाई और विशेष नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन सीआईडी क्राइम (मिजोरम) के साथ एक संयुक्त अभियान में विदेशी मूल की सिगरेट के 247 एक्स केस बरामद किए। असम राइफल्स द्वारा आज दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार 408.08 ग्राम हेरोइन नंबर 4 भी इस दौरान जब्त किया गया। जिसकी कीमत 5.79 करोड़ रुपए है। मिजोरम के जोतलांग और जोटे, चंफाई और एजल जिले में तीन अलग-अलग अभियानों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## कच्छ : समुद्र किनारे से मिला 500 करोड़ रुपए का 80 किलो ड्रग्स

પોલીસ અધિક્ષકશ્રી ની કચેરી
પૂર્વ કચ્છ-ગાંધીધામ
S. P. OFFICE EAST KUTCH - GANDHIDHAM

**गांधीधाम ( हि.स. )।** गुजरात के कच्छ जिले में समुद्र किराने से एक बार फिर बड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद हुआ है। कच्छ के गांधीधाम में स्थानीय पुलिस के ऑपरेशन में यह बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 500 करोड़ रुपए का 80 किलो ड्रग्स बरामद किया है। एफएसएल की प्राथमिक जांच में इसे कोकेन बताया गया है। ड्रग्स मामले में पुलिस ने आरोपितों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कच्छ जिले के समुद्र किनारे से लावारिस स्थिति में ड्रग्स बरामद किया गया है। पिछले दिनों से कच्छ-गांधीधाम पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को लावारिस हालत में कई पैकेट्स मिले। पुलिस जांच में इसे ड्रग्स होने की शंका में एफएसएल की जांच कराई गई तो इसके कोकेन होने की जानकारी मिली। इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स किसने मंगाई थी और इसे किसने भिजवाया था, इन सारे मुद्दों पर पुलिस ने जांच शुरू की है। राज्य सरकार और पुलिस उच्चाधिकारियों ने इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद करने पर कच्छ पुलिस को बधाई दी है। कुछ दिनों पूर्व भी कच्छ के समुद्र किनारे से बीएसएफ के गश्त में ड्रग्स के पैकेट्स मिले थे। गुजरात के समुद्री रास्ते से ड्रग्स लाने की कई कोशिशों को भारतीय कोस्ट गार्ड, बीएसएफ और स्थानीय पुलिस ने विफल किया है।

## यूक्रेन को मदद का विरोध कर निशाने पर आए रामास्वामी

**वाशिंगटन ( हि.स. )।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के भारतीय मूल के दावेदार विवेक रामास्वामी उस समय अन्य दावेदारों के निशाने पर आ गए, जब उन्होंने यूक्रेन को अमेरिकी मदद का विरोध कर दिया। विवेक ने रिपब्लिकन पार्टी की एक डिबेट के दौरान कहा कि वह यूक्रेन को आर्थिक मदद देने के खिलाफ हैं और वह रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन का समर्थन नहीं करेंगे। कैलिफोर्निया के सिमी वैली स्थित रीगन लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की डिबेट में विवेक रामास्वामी ने यूक्रेन युद्ध में रूस के खिलाफ अमेरिका की मदद का विरोध किया। रामास्वामी ने कहा कि चीन असली दुश्मन है और हम यूक्रेन को युद्ध में समर्थन देकर रूस को चीन के पाले में धकेल रहे हैं। हमें इस संकट के समाधान के लिए कोई बेहतर योजना बनानी चाहिए। डिबेट में यूक्रेन के मसले पर रामास्वामी अलग-थलग पड़ गए और अन्य उम्मीदवारों ने इस मुद्दे पर रामास्वामी के खिलाफ हमला बोल दिया। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि अगर पुतिन को यूक्रेन पर कब्जा करने दिया जाता है, तो यह एक तरह से चीन के लिए हरी झंडी होगी कि वह ताइवान पर हमला कर दे। अन्य उम्मीदवार और न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी ने कहा कि यूक्रेन में लड़ने के लिए चीन, रूस की मदद कर रहा है। ईरान, रूस को हथियार उपलब्ध करा रहा है और उत्तर कोरिया भी ऐसा कर रहा है। अगर हम पुतिन को यूक्रेन लेने देंगे, तो अगला नंबर फिर पोलैंड का होगा।

## उज्जैन मामला : मुख्य आरोपी गिरकर हुआ चोटिल, दो पुलिसकर्मी भी घायल

**उज्जैन।** उज्जैन दुष्कर्म मामले में पुलिस की गिरफ्त से एक आरोपी ने गुरुवार को भागने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया और उसे पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपित भारत सोनी ने क्राइम सीन रीक्रिएट करने के दौरान भागने की कोशिश की, जिसमें वह गिर गया और उसके पांव में चोट लग गई। पुलिस ने कहा कि आरोपी को पकड़ने के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। पुलिस अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि आज हम क्राइम सीन को रीक्रिएट करने और लड़की द्वारा पहने गए कपड़े बरामद करने के लिए मौके पर पहुंचे। मौका पाकर भरत सोनी ने भागने की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। पुलिस ने कहा कि इस दौरान आरोपी गिर गया और उसके हाथ और पैर में चोटें आईं।

अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई
चेन्नई
Apollo HOSPITALS
ईएनटी हेड एंड नेक स्कलबेस सर्जरी क्लीनिक
**डॉ. वी कार्थिकेयन,** MS (AIIMS), DNB, FELLOWSHIP (USA) वरिष्ठ सलाहकार ईएनटी सर एवं गर्दन (नेक) स्कलबेस सर्जरी, न्यूरो-ऑटोलोजी एवं कोचर इंप्लिमेंट सर्जरी, क्लिनिकल हेड, रॉबोटिक हेड एवं नेक ऑनकोलोजी
**14 अक्तूबर, 2023 को गुवाहाटी में मरीज देखेंगे**
जो मरीज अल्सर, मुंह में कैंसर, टॉन्सिल गला, आवाज (वॉयसबॉक्स), गर्दन में घाव (ट्यूमर्स), थायरॉयड नोड्यूल्स, पैरैथायरायड, पैरोटिड व सबमैनडिब्यूलर ट्यूमर्स, कामप्लेक्स कान, नाक एवं गला संबंधी समस्याएं, सुनने में कठिनाई, वर्टिगो, स्कल आधारित बीमारियों से परेशान हैं तो संपर्क करें।
**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *मुख्यमंत्री ने दिखाई ...*

राज्य में अंतर्देशीय जल परिवहन को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है, जो दक्षता, सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता के संदर्भ में कई लाभ प्रदान करती है। नदियां हमेशा असम के लिए जीवन रेखा रही हैं। ये आधुनिक जहाज न केवल जलमार्गों को पुनर्जीवित करेंगे, बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और हरित भविष्य के द्वार खोलेंगे। माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने भी अपने संबोधन में इस विस्तार के महत्व पर जोर दिया। 10 कैटामरैन जहाजों का प्रक्षेपण जलमार्ग परिवहन में एक आदर्श बदलाव है। 38.43 करोड़ रुपए मूल्य के 10 अत्याधुनिक कैटामरैन जहाजों की शुरूआत, 100 यात्रियों और 50 मोटर बाइक की क्षमता के साथ असम के जलमार्गों में लोगों और सामानों की आवाजाही के तरीके को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। लंबाई: 31.20 मीटर और चौड़ाई: 10.20 मीटर के इन आधुनिक समुद्री जहाजों को 2×180 हॉर्स पावर प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है। 10 समुद्री मील की अधिकतम गति के साथ बेजोड़ स्थिरता प्रदान करता है, सबसे चुनौतीपूर्ण नदी स्थितियों में भी यह सुरक्षा बनाए रखता है। दो पतवार वाला डिजाइन यात्रियों के लिए एक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करता है, जो हमारे अंतर्देशीय जलमार्गों पर उनके यात्रा अनुभव को बदल देता है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयंतमल बरुआ, गुवाहाटी नगर निगम के मेयर मृगेन शरणिया, सांसद क्वीन ओझा, असम सरकार के पुलिस महानिदेशक जेपी सिंह, परिवहन विभाग के सचिव आदिल खान, असम परिवहन निगम के उपाध्यक्ष प्रणब ज्योति लहकर, स्टेट प्रोजेक्ट के गौरव उपाध्याय, आईडब्ल्यूटी के निदेशक हनीफ नूरानी, परिवहन निगम के संचालक रातुल चंद्र दास मंच पर उपस्थित थे।

### *इंफाल : डीसी ऑफिस...*

बलों को आवासीय इलाकों में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों को टायर, बोल्डर और लोहे के पाइप जलाकर अवरुद्ध कर दिया। भीड़ ने डीसी कार्यालय में भी तोड़फोड़ की और दो वाहनों को आग लगा दी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित किया। सुरक्षा बलों द्वारा हिंसक विरोध प्रदर्शनों का मुकाबला करने के लिए दो जिलों – इंफाल पूर्व और पश्चिम में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया है। इस हिंसा में मंगलवार से 65 प्रतिशत प्रदर्शनकारी घायल हो गए हैं। पुलिस ने कहा कि इस बीच, थौबल जिले के खोंगजाम में एक भाजपा कार्यालय में आग लगा दी गई। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि भीड़ ने एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया और उसे आग के हवाले कर दिया, जबकि एक पुलिसकर्मी से मारपीट की और उसका हथियार छीन लिया। बयान में आगे बताया गया कि ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, छीने गए हथियारों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। छात्रों के इस प्रदर्शन के बीच, मणिपुर बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सुरक्षा बलों से किशोरों के खिलाफ मनमाने ढंग से लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह किया है। आपको मालूम हो कि 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 180 से अधिक लोग मारे गए हैं और कई सौ घायल हुए हैं। बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* आयोजित किया गया था। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि नागा और कुकी सहित आदिवासी 40 प्रतिशत हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

### *राकेश बलवाल मणिपुर...*

इस समय वह श्रीनगर के एसएसपी के पद पर तैनात थे। केंद्र सरकार ने बलवाल को समय से पहले ही मणिपुर उनके होम कैडर वापस भेज दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के मुताबिक, राकेश बलवाल को समय से पहले एजीएमयूटी कैडर से उनके मूल राज्य में वापस भेजा गया है। उन्होंने 2021 के अंत में श्रीनगर एसएसपी के रूप में कार्यभार संभाला था। इससे पहले राकेश बलवाल पुलिस अधीक्षक के रूप में साढ़े तीन साल तक एनआईए में प्रतिनियुक्ति पर थे। वह साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमले की जांच दल के सदस्य थे। इस आतंकी हमले में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे। दरअसल, 6 जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या का विरोध कर रहे छात्र और स्थानीय लोगों से आरएएफ जवानों की मंगलवार रात झड़प हो गई थी। इसके बाद आरएएफ ने प्रदर्नकारियों के ऊपर आंसू गैस के गोले, रबर की गोलियां और लाठीचार्ज किया, जिसमें 45 छात्र घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों में अधिकतर छात्र हैं। कांग्रेस मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है और सवाल कर रही है कि प्रधानमंत्री ने हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा क्यों नहीं किया? ताजा हिंसा को देखते हुए मणिपुर सरकार ने बुधवार को स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी गई। बता दें कि 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से अबतक 180 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, वहीं सौकड़ों लोग घायल हुए हैं। यह हिंसा बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में *आदिवासी एकजुटता मार्च* आयोजित होने के बाद भड़ी थी। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि नागा और कुकी सहित आदिवासी 40 प्रतिशत हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

### *रिनिकी भुईयां मामला...*

सुनवाई चलेगी सांसद गौरव इस मामले में कुछ भी टिप्पणी नहीं कर सकते हैं। ज्ञात होकर रिनिकी भुईयां ने न्यायालय में इस संबंध में सभी कागजात जमा कराए। रिनिकी का कहना है कि केंद्र सरकार से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए उनकी कंपनी ने कोई सब्सिडी प्राप्त नहीं की है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया था कि रिनिकी की कंपनी ने केंद्र सरकार से 10 करोड़ रुपए सब्सिडी के तौर पर लिए हैं। रिनिकी ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने या उनकी कंपनी ने सब्सिडी के लिए कोई आवेदन ही नहीं किया था। कोर्ट ने इस संदर्भ में सुनवाई की अगली तारीख 09 नवंबर को मुकर्रर की है।

### *असम पुलिस में ...*

में तीन नये कमांडो बटालियन स्थापित हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने आज प्रशिक्षण समाप्त करने वाले पुलिसकर्मियों से कहा कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त पुलिसकर्मियों तथा उनके माता-पिताओं को शुभकामनाएं दी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए अन्य कई सवालों के सीधे-सीधे उत्तर दिए।

### *साल के अंत तक ...*

उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे और अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेस वे के निर्माण में शहर के कचरे का इस्तेमाल किया गया। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे बनाने में दिल्ली शहर के 30 लाख टन कचरे का इस्तेमाल किया गया। इस कारण दिल्ली के गाजीपुर स्थित कचरे वाले पहाड़ की ऊंचाई सात मीटर कम हो गई। गडकरी ने कहा कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली मशीन में सालना 400 करोड़ लीटर डीजल की खपत होती है। इसलिए वह हरित ईंधन से चलने वाले निर्माण उपकरण को बनाने के लिए इंसेंटिव देने के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। इस संबंध में वित्त मंत्रालय से भी बातचीत की जाएगी। वहीं, सड़क परिवहन और राजमार्ग सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मंत्रालय ने 1,46,000 किलोमीटर की लंबाई वाले पूरे राष्ट्रीय राजमार्गों की मैपिंग कर ली है और इस साल दिसंबर तक गड्ढों को मुक्त करने के लिए अनुबंधों को मजबूत कर रहा है। मालूम हो कि ईपीसी परियोजनाओं में सरकार राजमार्ग के निर्माण के लिए डेवलपर को भुगतान करती है, जबकि टोल राजस्व सरकार को मिलता है।

### *मृत बच्चों के शव ...*

आती है। यह घटना छह जुलाई की है, जब दोनों युवाओं को आखिरी बार बिष्णुपुर जिले के नमबोल में देखा गया था। पुलिस को उनका मोबाइल फोन लामदान में मिला। बुधवार को मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया है कि जिसने भी दोनों युवाओं की हत्या की है, उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जएगी। इस मामले की जांच के लिए सीबीआई के विशेष निदेशक अजय भटनागर की टीम राज्य में पहुंच चुकी है। युवाओं के मौत की घटना के बाद इंफाल घाटी में दो दिनों तक विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसमें करीब 60 लोग घायल हो गए थे। इसके बाद बुधवार शाम चार बजे से जिले में कर्फ्यू की छूट को अनियमित समय के लिए रद्द कर दिया गया है।

### *पाठशाला में 24 स्कूली...*

और चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना भीषण गर्मी वाले शनिवार को स्कूल में नियमित कक्षाओं के दौरान सामने आई। जैसे-जैसे तापमान बढ़ा, अत्यधिक गर्मी ने छात्रों पर भारी असर डाला, जिससे वे एक साथ बीमार पड़ गए।

### *एक परिवार के ...*

दूसरी बच्ची उसे बचाने के गई तो वह भी डूबने लगी। यह देख तीसरी बच्ची भी तालाब में उतरी लेकिन तीनों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तीनों को तालाब से निकालकर बाराहाट पीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बच्चियों के घर में कोहराम मच गया और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

### *चंद्रयान-3 के रोवर ...*

इलेक्ट्रॉनिक सर्किट यदि क्षतिग्रस्त नहीं हुए हैं, तो यह फिर से सक्रिय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि यह सक्रिय नहीं हुआ तो भी ठीक है क्योंकि रोवर ने वह काम कर दिया है जो इससे करने की अपेक्षा की गई थी। इसरो ने पिछले सप्ताह कहा था कि चंद्रमा पर सुबह होने के साथ ही *चंद्रयान-3* के सौर ऊर्जा से संचालित लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के साथ संपर्क स्थापित कर इन्हें फिर से सक्रिय करने का प्रयास कर रहा है ताकि वे वैज्ञानिक प्रयासों को जारी रख सकें। चंद्रमा पर रात होने से पहले, लैंडर और रोवर दोनों क्रमशः चार और दो सितंबर को निष्क्रिय अवस्था में चले गए थे। सोमनाथ ने आगामी मिशन के बारे में कहा कि इसरो अब एक्सपीओसैट या एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह के लिए तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक्सपोसैट तैयार है और इसे हमारे पीएसएलवी रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। हमने अभी तक किसी तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन इसका प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जा सकता है। सोमनाथ ने कहा कि एक और मिशन इन्सैट-3डीएस की भी तैयारी है, जो एक जलवायु उपग्रह है और जिसे दिसंबर में प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिर हम एसएसएलवी डी3 का प्रक्षेपण करेंगे। जैसा कि आप जानते हैं यह हमारा लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान है। यह तीसरा प्रक्षेपण है। यह प्रक्षेपण नवंबर या दिसंबर में किया जाएगा। इसके बाद नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार या निसार की बारी आएगी। इसे अगले साल फरवरी में प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गगनयान मिशन के परीक्षण यान डी1 का प्रक्षेपण अक्तूबर में किया जाएगा।

### *राजस्थान में भी ...*

करते हुए उन्होंने जनता से अपील की कि इस बार कमल के निशान को प्रत्याशी मानकर वोट करें। उन्होंने एक बार भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम नहीं लिया। इतना ही नहीं राजस्थान के जयपुर में चुनावी शंखनाद करते हुए पीएम मोदी ने किसी नेता का नाम लिए बगैर कहा कि भाजपा और कमल का निशान के पर ही मुहर लगानी है। माना जा रहा था कि मध्य प्रदेश में भाजपा शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को आगे कर चुनाव लड़ेगी। लेकिन मोदी की रैली के बाद चुनावी विश्लेषकों का मानना है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी बिना चेहरे के चुनाव मैदान में उतर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा बिना मुख्यमंत्री के चेहरे के विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मध्य प्रदेश में भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को टिकट देकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। माना जा रहा है कि राजस्थान में भी भाजपा मध्य प्रदेश वाला दांव खेल सकती है। राजस्थान में भी पार्टी केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव लड़ा सकती है। इनमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश गहलोत और अर्जुन राम मेघवाल का नाम सबसे आगे चल रहा है। सूत्रों का मानना है कि पार्टी पहली लिस्ट में तीनों केंद्रीय मंत्रियों के नाम पर मुहर लगा सकती है। इसके अलावा सांसद दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौर को भी टिकट दे सकती है। सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान की पहली लिस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का भी नाम हो सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को राजस्थान के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ कई घंटे तक बैठक की। बैठक में शाह ने कहा कि सभी नेता गुटबाजी से दूर होकर एक साथ चुनाव लड़ें। सूत्रों ने बताया कि शाह और नड्डा ने सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ बैठक की। राजे से मुलाकात करीब 15 मिनट तक चली। बैठक में इस बात पर मंथन किया गया कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मेवाड़, वागड़, शेखावाटी, हाड़ौती, मारवाड़ क्षेत्र और पूर्वी राजस्थान में अधिक से अधिक सीटें कैसे जीती जाएं। सूत्रों ने बताया कि इस बात का बारीकी से आकलन किया गया कि किन निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी कमजोर है और जीत सुनिश्चित करने के लिए क्या रणनीति की जरूरत है। उन सीटों की श्रेणियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई – जहां पार्टी पिछले तीन चुनावों से जीत रही है या हार रही है और जहां पार्टी वैकल्पिक रूप से जीत रही है। सूत्रों ने कहा कि बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि पार्टी संगठन सर्वोच्च है और चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। पार्टी की राज्य इकाई के सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को कुछ अन्य सांसदों के साथ विधानसभा चुनाव में उतारा जा सकता है। पार्टी नेताओं ने कहा कि बैठक में टिकट वितरण और अन्य चुनाव संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि बैठक में भाजपा द्वारा राज्य में निकाली गई चार परिवर्तन यात्राओं से प्राप्त फीडबैक पर भी चर्चा की गई।

### *जहां कांग्रेस नेताओं ...*

के साथ की। उन्होंने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन फादर ऑफ ग्रीन रिवोल्यूशन थे, जिनकी तारीफ इंदिरा गांधी ने भी की थी। कांग्रेस ने उनके योगदान के लिए राज्यसभा सांसद बनाया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रख कर डॉ. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी गई। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गरीब की जो मदद करता है, उसे याद रखा जाता है। इतिहास में सम्मान वही पाते हैं, जो गरीबों के लिए लड़ते हैं। जो गरीबों से लड़ते है, वो खुद ही खत्म होते हैं। आज भाजपा के लोग गरीबों को खत्म कर रहे हैं, अमीरों को बढ़ावा दे रहे हैं। राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा कर देश को जोड़ने का काम किया। भाजपा के लोग सिर्फ भेदभाव करने का काम करते हैं। देश के 5 प्रतिशत लोगों के पास 65 फीसदी और 50 प्रतिशत लोगों के पास सिर्फ 3 प्रतिशत संपत्ति है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कृषक सह मजदूर सम्मेलन के दौरान महिला आरक्षण को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण में सभी वर्गों को आरक्षण मिलना चाहिए। ओबीसी की जनगणना होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को उनका पूरा हक मिलना चाहिए। कांग्रेस की यही मांग है, इसलिए हम जनता से उनका साथ चाहते हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल कोई नया नहीं है। राजीव गांधी ने तो पंचायत में ही महिलाओं आरक्षण दे दिया था। आज महिलाएं राजनीति में हर जगह हैं तो यह कांग्रेस की देन है। भाजपा के लोग पहले महिला आरक्षण का विरोध करते रहे। आज भाजपा इसका श्रेय लेने में लगी है। हालांकि यह लागू कब होगा, इसका कोई अता-पता नहीं है। अगर भाजपा में इच्छाशक्ति है तो आज ही लागू कर दें। 2024 में लागू कर दें, हम तैयार हैं। खड़गे ने कहा कि भाजपा सिर्फ भ्रमित करने में लगी है। मोदी महिलाओं को आरक्षण आज नहीं दे रहे हैं, 2024 में भी नहीं देंगे, 2029 में भी नहीं देंगे। 10 करोड़ लोगों की नौकरी का वादा पूरा नहीं हुआ, 15 लाख लोगों के बैंक खाते में नहीं आये। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। ये सब एक जुमला ही निकला। बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग जादू दिखाते हैं। जंतर-मंतर दिखाते हैं। आजकल बगैर सोचे-समझे बहुत से नौजवान लोग भी साधु बन रहे हैं। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता। जंतर मंतर बताते हैं, लेकिन सतनामी समाज के गुरु अपने जीवन में दुखों को सहन करके, संघर्ष करके, लोगों को बचाने के लिए, धर्म के रास्ते में लाने के लिए और अच्छाई दिखाने के लिए काम किया है।

### *गणपति विसर्जन बारिश...*

पर लाइफगार्ड और एम्बुलेंस तैनात किए गए हैं। इस बीच खबर आ रही है कि मुंबई के जुहू तट पर सुरक्षा के लिए एक युवक बिजली की चपेट में आ गया जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल भेज दिया गया। गणपति विसर्जन के उत्साह के बीच मुंबई में बारिश भी जारी है। कई जगहों पर बिजली चमक रही है और गरज के साथ बारिश भी हो रही है। कुछ इलाको में भारती बारिश भी हो रही है। गणपति विसर्जन के लिए लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए हैं। युवक पर आकाशीय बिजली गिरने की घटना केबाद पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मुंबई के लालबाग चा राजा से भगवान गणेश की मूर्ति को लोगों की भारी भीड़ के बीच विसर्जन के लिए समुद्र तट की ओर ले जाया जा रहा है। मुंबई के साथ ही पुणे में भी भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर इकट्ठा हुए हैं। मुंबई के गणेश उत्सव के आखिरी दिन गुरुवार को गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निकाले जाने वाले जुलूसों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने केलिए 19 हजार से अधिक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने भी लोगों से विसर्जन के दौरान अंधेरे वाली जगहों या सुनसान इलकों से दूर रहने की अपील की है। एक अधिकारी ने बताया है कि गणपति विसर्जन को देखते हुए 1,337 गोताखोर भी तैनात किए गए हैं।

## कांग्रेस विधायक कमलाक्ष के कार्यालय पर सीएम विजिलेंस का छापा

**करीमगंज ( हिंस )।** करीमगंज के विधायक कमलाक्ष दे पुरकायस्थ के कार्यालय पर सीएम विजिलेंस ने छापामारी की। विजिलेंस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार विधायक के चाय बागान के कार्यालय पर 10 सदस्यीय टीम ने छापा मारा। सीएम विजिलेंस ने विधायक के दो सहयोगियों को तलब किया है। विधायक पर नियम के विरुद्ध चाय बगान खरीदने का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर सीएम विजिलेंस ने ऑपरेशन चलाया।

## तीन सरकारी लोक सेवक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** सीएम विजिलेंस विभाग द्वारा आज तीन सरकारी मुलाजिमों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें, आरोप लगाया गया था कि बिनोद कुमार पायेंग, एएफएस, प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ), धुबड़ी डिवीजन ने डीएफओ धुबड़ी के अधिकार क्षेत्र के भीतर अपने रेत महल से वाहनों की निर्बाध आवाजाही की अनुमति देने के लिए शिकायतकर्ता से एक बार रिश्वत के रूप में 50 हजार रुपए की मांग की। धुबड़ी के डीएफओ बिनोद कुमार पायेंग ने तब शिकायतकर्ता को रिश्वत के भुगतान की मासिक प्रणाली तय करने के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों से मिलने का निर्देश दिया। तदनुसार, शिकायतकर्ता ने धुबड़ी डिवीजन के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर के कार्यालय में अधीनस्थ अधिकारियों से मुलाकात की, जिन्होंने आगे चार लाख रुपए की रिश्वत मांगी। बाद में डीएफओ के साथ परामर्श करने के बाद, उन्होंने रिश्वत की राशि को घटाकर दो लाख रुपए कर दिया। रिश्वत देने के लिए तैयार नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए इस निदेशालय से संपर्क किया। तदनुसार, आज को सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक, असम के एक दल द्वारा धुबड़ी जिले के तहत धुबड़ी डिवीजन के प्रभागीय वन अधिकारी के कार्यालय में एक जाल बिछाया गया। जियाउल इस्लाम और सहबाज सुल्तान उर्फ बिट्टू दोनों फॉरेस्टर ग्रेड-1 हैं, जिन्हें डीएफओ धुबड़ी के साथ साजिश रचकर रिश्वत के रूप में क्रमश: 15 हजार रुपए और केवल पांच हजार रुपए स्वीकार करने के तुरंत बाद 11:35 बजे रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। रिश्वत की यह राशि उनके कब्जे से बरामद कर ली गई है और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में इसे जब्त कर लिया गया। डीएफओ के एएफएस बिनोद कुमार पायेंग को भी शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगने और उनके साथ साजिश में अपने अधीनस्थों के माध्यम से इसे स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त तीनों आरोपित लोक सेवकों के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाते हुए, उन्हें सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में एसीबी पुलिस स्टेशन में आज एसीबी पीएस केस नंबर 72/2023 के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 7 (ए) के साथ धारा 120 (बी) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई चल रही है।

## आचार्यश्री के दर्शनार्थ के लिए महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विसेज शिविर में पहुंचे श्रवण और वाणी बाधित बच्चे

**गुवाहाटी ( विभास )।** फैंसी बाजार के भगवान महावीर धर्म स्थल में श्रवण व वाणी बाधित बच्चे आचार्य श्री प्रमुख सागर महाराज के दर्शनाथ पहुंचे। आचार्य श्री ने कहा ने कहा कि इन बच्चों की बोलने की शक्ति किसी पाप कर्म की वजह से नहीं है आप लोग ओमकार ध्वनि सुन रहे थे तो मेरे मन मे चल रहा था अंधा गूंगा गावे, लंगड़ा पर्वत पर चढ़ जावे है। भगवान आपकी भक्ति में बहुत ताकत है, गूंगे गाने लगते हैं और बहरे सुनने लगते हैं। हम रोज पदम पुरुष चालीसा में पढ़ते हैं। भगवान की वाणी में अंतर नहीं होता है। भगवान की वाणी शाश्वत होती है। इस प्रकार रोज एक योग मुद्रा करें इनका जीवन आनंदमय हो जाएगा। आचार्य श्री ने कहा कि मुझे लोगों ने पूछा महाराज आपके जन्म दिवस पर क्या करना है। मेरी दिल से इच्छा थी ऐसे बच्चों की सेवा भाव हो जाए तो यह हमारे जन्म दिवस की सबसे बड़ी सफलता होगी। हम अपने बच्चों को हजारों लाखों रुपए देकर पढ़ना सिखाते है ताकि वह सबलंबन बने, स्वीकार करें, स्वयं अपने आप पर डिपेंड हो। अगर यह बच्चे समय से आगे बढ़ गए तो यह अपना भी और अपने परिवार का भी पालन पोषण करेंगे। आचार्य श्री ने कहां की महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विसेज के जो भी लोग यहां पर उपस्थित है उनसे इतना ही कहूंगा कभी आपने बहुत पुण्य किए होंगे जो आपको ऐसी सेवा करने का मौका मिला है नहीं तो बहुत दुर्लभ होता है लोग ऐसी सेवा करते रहे। आपका जीवन बहुत आदर्श बने और इन बच्चों को भी बहुत-बहुत मंगलमय आशीष इनका जीवन मंगलमय हो। मालूम हो की महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विसेज ऑर्गेनाइजेशन गुवाहाटी चैप्टर, अनाम प्रेम, मुंबई और आचार्य तुलसी महाश्रमण रिसर्च फाउंडेशन गुवाहाटी के संयुक्त तत्वावधान मैं तुलसी ग्रैंड धारापुर में श्रवण और वाणी बाधित बच्चों के लिए कौशल विकास शिविर का आयोजन 28 से 2 अक्तूबर किया जा रहा है।

## गुवाहाटी में भीषण हादसे में चार घायल दो की हालत गंभीर

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के गणेशगुड़ी में भीषण सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने आज बताया कि बाइक सवार को एक तेज रफ्तार लग्जरी गाड़ी ने बीती रात जोरदार टक्कर मार दी। गाड़ी में सवार चार युवक कथित तौर पर नशे की हालत में थे। वाहन ने फुटपाथ और पुल के कई हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थानीय लोगों ने वाहन से शराब की बोतलें बरामद की है। बाइक सवार और चार युवकों को गंभीर हालत में गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रेलवे ने पूर्वोत्तर के दूरस्थ इलाकों को मुंबई और सिकंदराबाद से जोड़ा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रेल मंत्रालय ने देश के अत्यंत महत्वपूर्ण शहरों से पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न हिस्सों की रेल कनेक्टिविटी में सुधार करने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने बताया कि ट्रेन संख्या 12513/12514 सिकंदराबाद - गुवाहाटी साप्ताहिक एक्सप्रेस की सेवा का दक्षिणी असम में सिलचर तक विस्तार किया गया है। गुवाहाटी और सिलचर के बीच ठहराव बदरपुर, न्यू हाफलोंग, लामडिंग, होजाई और जागीरोड स्टेशनों पर होगा। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 12519/12520 लोकमान्य तिलक - कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस की सेवा को त्रिपुरा के अगरतला स्टेशन तक विस्तार किया गया है। गुवाहाटी और अगरतला के बीच ठहराव आमबासा, धर्मनगर, बदरपुर, न्यू हाफलोंग, लामडिंग, होजाई और चापरमुख स्टेशनों पर होगा। ये ट्रेन सेवायें पूर्वोत्तर के सबसे सुदूर इलाके को मुंबई और सिकंदराबाद से जोड़ेंगी। ट्रेन संख्या 12514 (सिलचर - गुवाहाटी - सिकंदराबाद) एक्सप्रेस अब सिलचर स्टेशन से बुधवार की शाम 07:45 बजे प्रस्थान करेगी और सिकंदराबाद शुक्रवार की सुबह 03:35 पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन संख्या 12513 (सिकंदराबाद - गुवाहाटी - सिलचर) एक्सप्रेस सिकंदराबाद स्टेशन से शनिवार की शाम 04:35 बजे प्रस्थान करेगी और सिलचर स्टेशन सोमवार की रात 11:45 पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 12520 (अगरतला - कामाख्या - लोकमान्य तिलक) एक्सप्रेस अब अगरतला स्टेशन से गुरुवार की सुबह 06:00 बजे प्रस्थान करेगी और लोकमान्य तिलक स्टेशन शनिवार की शाम 04:15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, ट्रेन संख्या 12519 (लोकमान्य तिलक - कामाख्या - अगरतला) एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक स्टेशन से रविवार की सुबह 07:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगरतला स्टेशन मंगलवार की शाम 07:50 बजे पहुंचेगी।

## बाघमारा चर सहकारी समिति की आम बैठक आयोजित

**नगरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बाघबर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बाघमारा चर सहकारी समिति की आम सभा की बैठक आज समिति के कार्यालय के परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाघमारा चर सहकारी समिति के अध्यक्ष फजल हक चौधरी ने की और पर्यवेक्षक के रूप में जिला आपूर्ति विभाग के एसओ नूर महम्माद और गौतम सैकिया ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न चर्चाओं के अंत में कई प्रस्तुतियां ली गईं। आज की बैठक में निर्णय लिया गया कि सहकारी समिति का पूरा लेखा-जोखा कुछ दिनों के भीतर देना होगा क्योंकि सभा स्थल पर इसका हिसाब नहीं दिया जा सका है। बैठक में सहकारी समिति के भ्रष्टाचार के लिए सचिव रिपुन सरकार के आधिकारिक निलंबन के मुद्दे पर चर्चा की गई और निलंबित सचिव को जल्द से जल्द सहकारी समिति के सचिव के रूप में नियुक्त करके कार्य के सुचारू संचालन सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां ली गईं। आम सभा की बैठक में प्रभारी संपादक रमजान अली ने उद्देश्य के बारे में बताया।

## पूर्वोत्तर में जीप इंडिया ने लांच किया कंपास का स्पेशल वेरिएंट

**गुवाहाटी ( विभास )।** देश के अन्य हिस्सों सहित पूर्वात्तर के प्रवेश द्वार गुवाहाटी में भी जीप इंडिया ने एमवाई 24 कंपास मॉडल का नया वेरिएंट आज लांच किया। महानगर के आर जी बरुआ रोड स्थित महेश मोटर्स में युवा व्यवसाय मोहित अग्रवाल ने इस नए मॉडल का अनावरण किया। इस मौके पर साहिल अग्रवाल यमन अग्रवाल ध्रुव अग्रवाल सहित अन्य गण मान्य लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया की जीप इंडिया ने भारत के लिए खास एमवाई 24 कंपास मॉडल 9 स्पीड ऑटोमेटिक डीजल लांच की है। जीप इंडिया के मुताबिक ये कंपास एटी पोर्टफोलियो में भारत की मांग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जीप कंपास नौ स्पीड एटी डीजल है। इसमें 4×2 कंफीग्रेशन है, जिसे खासतौर पर भारत के लिए लांच और डेवलप किया गया है। श्री अग्रवाल के मुताबिक ये नया वर्जन बेहतरीन परफॉर्मेंस, बिना किसी रुकावट के गीयर शिफ्ट्स, बेहतरीन क्षमता और चुस्त ड्राइविंग का अनुभव मिलेगा। नए वेरिएंट में कई नए फीचर्स जैसे ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, पानोरेमिक सनरूफ और कनेक्टिविटी जैसे बेहतरीन फीचर्स मीडियम रेंज में मिलेगा. जीप कंपास की शुरुआती कीमत 20.49 लाख रुपए है। ऑटोमेटिक रेंज का एक्स शोरूम प्राइज 23.99 लाख रुपए है। कंपास का ये नया वर्जन पहले से 20 फीसदी यानी लगभग छह लाख रुपए सस्ता है, जिससे ग्राहकों का फायदा होगा। नया जीप कंपास 5 वेरिएंट जैसे इनमें स्पोर्ट, लांगिट्यूड, लांगिट्यूड+, लिमिटेड और मॉडल एस है। इनमें से लांगिट्यूड प्लस का पेनोरोमिक सनरूफ है। वहीं ये सीएसयूवी 7 रंगों और 3 पावरट्रेन 4×2 एटी, 4×4 एटी, 4×2 एमटी में उपलब्ध हैं। अब जीप कंपास लिमिटेड का नया ब्लैक शार्क एडिशन है। इसमें सभी ब्लैक इंटीरियर और इग्नाइट रेड हाइलाइट्स है, जिसमें अलॉय व्हील्स है। इंटीरियर पूरा ब्लैक है। इसमें 2.0 लीटर का डीजल इंजन है, जिसमें नौ स्पीड ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन है। जीप के मुताबिक नए मॉडल में 16.2 किमी प्रति लीटर फ्यूल क्षमता है। एसयूवी 0 से 100 किलोमीटर की स्प्रिंट केवल 9.8 सेकंड में पूरा कर लेता है।

## फकीराग्राम सहकारी समिति की 50वीं वार्षिक साधारण सभा संपन्न

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** आज कोकराझाड़ जिले के प्रतापखाता वीसीडीसी के सभा कक्षा में सुबह 10 बजे से फकीराग्राम सहकारी समिति के अध्यक्ष जमिउल हक की अध्यक्षता समिति की 50वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में कोकराझाड़ जिले की सहकारी समितियों के निरीक्षक मणिकांत बोड़ो, राजू राय के साथ-साथ समिति के महासचिव मन दे, समिति के उपाध्यक्ष, सदस्य, डीलर एवं स्थानीय समाजसेवी उपस्थित थे। सभा में वर्ष 2022 -23 के आय एवं खर्च का हिसाब पेश किया गया, जिसे पारित किया गया। सभा में समिति के हालात को सुधारने, शेयर की संख्या बढ़ाने तथा पुरानी आधी बनी समवाय समिति के कार्यालय को पूरा करवाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

## अनंत चतुर्दशी पर निकली भव्य शोभायात्रा

### आत्मा धर्ममयी है : गुलाबचंद कटारिया

**गुवाहाटी ( विभास )।** पयुषण पर्व के अवसर पर आज गुरुवार को असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने अपने संबोधन में जैन धर्म के नियमों के प्रति अपनी आस्था प्रकट की उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन में एक भी धर्म को उतार ले तो अपना आत्म कल्याण कर सकते हैं। श्री कटारिया ने कहा कि हमें अपने जीवन में धर्म कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने व्रतियों का अभिनंदन भी किया। इससे पूर्व आज धर्म स्थल में दस लक्षण धर्म की आराधना अत्यंत श्रद्धा व भक्ति भाव पूर्वक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ की गई। इस अवसर पर ब्रहमचर्य धर्म की व्याख्यान करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि ब्रह्मा अर्थात् निज शुद्धात्मा में रमन करना ही ब्रह्मचर्य है। प्रचार प्रसार संयोजक ओमप्रकाश सेठी ने बताया कि आज दिन में 1 बजे अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष में श्री दिगंबर जैन (बड़ा) मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्रीजी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य संतोष कुमार महेंद्र कुमार पांडया परिवार गुवाहाटी/ईटानगर को प्राप्त हुआ। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए श्रमण संदेश विस्तारित कर रही थी। जुलूस की समाप्ति महावीर धर्मस्थल में हुई। जहां पर अनंत चतुर्दशी का कलशाभिषेक संपन्न हुआ। पंचायत के मंत्री वीरेंद्र कुमार सरावगी ने बताया की शाम 5 बजे इसी स्थल में सभी व्रती भाई बहनों का सामाजिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जुलूस व्यवस्था के संयोजक संजय रारा, श्री दिगंबर जैन यूथ फेडरेशन के अलावा समाज के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। यह जानकारी प्रचार-प्रसार विभाग के सह संयोजक सुनील कुमार सेठी एवं जयकुमार छाबड़ा द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

## रंगिया के बालागांव में सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**गुवहाटी ( विभास )।** तेज रफ्तार से वाहन चलाने के लिए राज्य में आये दिन दुर्घटना देखने को मिल रही है। इसी का उदाहरण बुधवार को रंगिया में देखा गया। तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण रंगिया के बालागांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग में एक भयंकर सड़क दुर्घटना में एक वाहन चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान भवानीपुर के जितुमनी दास के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक भवानीपुर से अपने रॉयल एनफील्ड वाहन द्वारा गुवाहाटी जा रहा था। जोकि वाहन तेज रफ्तार होने के कारण युवक ने सड़क पर खड़े एक गैस टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी और इस भयंकर टक्कर के कारण युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं सड़क पर वाहन को खड़ा रखने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन से उक्त टैंकर के विरुद्ध व्यवस्था ग्रहण करने की मांग की गई है।

## वैद्यगढ़ गांव पंचायत और बिस्सेनाला गांव पंचायत में अमृत कलश यात्रा आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार द्वारा देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी वीर शहीदों को याद करने के महान उद्देश्य के लिए जारी एक देशव्यापी कार्यक्रम *मेरा देश मेरी माटी* के संयोजन में आज रंगिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वैद्यगढ़ और बिस्सेनाला गांव पंचायत में एक पद यात्रा का आयोजन किया गया। रंगिया के विधायक भवेश कलिता के नेतृत्व में रंगिया खंड विकास विभाग के सौजन्य से तथा दोनों गांव बासियों के सहयोग से आयोजित इस पदयात्रा में अमृत कलश यात्रा द्वारा क्षेत्र के हर घर की पवित्र भूमि से मिट्टी इकट्ठा की गई। इस अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम में वैद्यगढ़ और बिस्सेनाला गांव पंचायत के निवासियों की अभूतपूर्व भागीदारी रही। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों के सहयोग के लिए विधायक कलिता द्वारा सभी को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया है।

## गुवाहाटी समेत कई हिस्सों में जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** हजरत मुहम्मद की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर अंजुमन मिल्लत ए इस्लामी, गुवाहाटी द्वारा आज एक शांति जुलूस (जुलुस ए मोहम्मदी) का आयोजन किया गया। शांति जुलूस इस्लामपुर के हाजी मुसाफिरखाना से गुवाहाटी प्रेस क्लब-फैंसी बाजार होते हुए आठगांव कब्रिस्तान तक गया। शांति जुलूस में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। शांति जुलूस के अंत में, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश के सैयद हामिद हसन अल जिलानी (पीर) ने असम के लोगों के बीच शांति, एकता और भाईचारे के लिए प्रार्थना की। **पल्टन बाजार** से हमारे संवाददाता के अनुसार गौस ए ख्वाजा ओ राजा सोसाइटी कांटाबारी गुवाहाटी के तरफ से जलसे व जुलूस निकाला गया । जो कांटाबारी जामे मस्जिद से होकर आमबाड़ी फाटाशील होते हुए-आठगांव कब्रिस्तान कंपाउंड मस्जिद में संपन्न हुआ। मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी ने बताया कि यह जलसा व जुलूस हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। जो उर्दू कैलेंडर के मुताबिक 12 बारह रब्बि-उल-अव्वल को मनाई जाती है! यह जलसा व मिलाद-उन-नब्बी-प्रत्येक वर्ष मनाई जाती है! लेकिन सुरक्षा कारणों से प्रशासन द्वारा गत वर्ष परमिशन नहीं मिलने के कारण नहीं मनाई गई थी! इस बार हाजी मुसाफिर खाना इस्लाम पुर तथा गौस-ए-ख्वाजा-ओ-राजा सोसाइटी कांटाबारी गुवाहाटी दोनों हीं जगहों से एक साथ सुबह 7:30 साढ़े सात बजे जुलूस निकाला गया था। जो सुबह 11 ग्यारह बजे आठगांव कब्रिस्तान मस्जिद कंपाउंड में संपन्न हुआ। जहां पर हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हिस्सा लिया। कोलकता टिकियापाड़ा से पीर-ए तरिकत-पीर अब्दुल कलाम साहब ने दुआों में शामिल हुए और देश में अमन-चैन व भाईचारा तथा सुख-शांति के लिए फातिहा। कुरान खानी व दुआएं की। इस जलसे को कामयाब करने के लिए जिन-जिन लोगों ने हिस्सा लिया व तन-मन- धन से सहयोग किया वह इस प्रकार है-मो: अब्दुल हालिम प्रेसिडेंट-मो:समसेर आलम वाइस प्रेसिडेंट मो: एनामुल हक सेक्रेटरी, मो: मेराजूल हक ज्वाइंट सेक्रेटरी मो: इरसाद अहमद व म: अली अकबर ट्रेजर तथा सलाहकार व गुवाहाटी के शायर अशहर गुवाहाटी साहब भी शामिल हुए। कमिटी के तरफ से मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी उर्फ (मुखियाजी) ने असम सरकार व प्रशासन को-हजरत मुहम्मद साहब की जयन्ती समारोह को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया! इसकी जानकारी कमिटी के ओर से मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है।

جلوس محمدی
जुलूसे मोहम्मदी
JULOOS-E-MOHAMMADI

# द. कोरिया से और मजबूत होगा रक्षा सहयोग, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से हुई वार्ता

- दक्षिण कोरियाई चीफ ऑफ स्टाफ ने 60 पैरा फील्ड अस्पताल का दौरा किया
- राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि के बाद गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चार दिनों की भारत यात्रा पर आये दक्षिण कोरिया के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल पार्क, जियोंग ह्वान से सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने द्विपक्षीय वार्ता करके दोनों सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के साझा हित और तरीकों के पहलुओं पर चर्चा की। दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कोरियाई युद्ध के दौरान अमूल्य योगदान की याद में 60 पैरा फील्ड अस्पताल का दौरा किया। दक्षिण कोरिया के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल पार्क, जियोंग ह्वान बुधवार को दिल्ली पहुंचे और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी यात्रा शुरू की। भारत दौरे पर दक्षिण कोरियाई सेना प्रमुख को साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने दक्षिण कोरिया के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल पार्क, जियोंग ह्वान का गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के साझा हित और तरीकों के पहलुओं पर चर्चा की। दक्षिण कोरिया के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल पार्क जियोंग ह्वान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कोरियाई युद्ध के दौरान 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस के अमूल्य योगदान की याद में 60 पैरा फील्ड अस्पताल का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल ने युद्ध के बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और संकट के समय भारतीय सेना की ओर से दी गई अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया ने पिछले कई वर्षों में द्विपक्षीय संधियों और समझौतों के माध्यम से अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। प्रधानमंत्री मोदी की वर्ष 2019 में दक्षिण कोरियाई यात्रा अहम रही, जब उन्हें सियोल शांति पुरस्कार से नवाजा गया। दोनों देशों के बीच वैश्विक महामारी के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बेहतर आपसी समन्वय देखने को मिला। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए दक्षिण कोरिया ने परीक्षण की तेज गति, कठोर क्वारंटीन नीति तथा कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग जैसी रणनीतियों पर गंभीरता से कार्य किया, जो भारत के लिए पथ-प्रदर्शक साबित हुए। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच मजबूत व्यापारिक और आर्थिक संबंध के अलावा रक्षा संबंधों को भी समान महत्व दिया जा रहा है। भारत और दक्षिण कोरिया ने वर्ष 2019 में विशेष रणनीतिक साझेदारी के तहत एक समझौता किया है, जिसके अंतर्गत दोनों देश एक-दूसरे के नौसैनिक अड्डों का उपयोग रसद के आदान-प्रदान के लिए करेंगे। इस तरह दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध काफी मजबूत हुए हैं। भारत दक्षिण कोरिया का 15वां बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत और दक्षिण कोरिया व्यापार में पोत निर्माण, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण तथा विनिर्माण आदि प्रमुख हैं।

# मुख्यमंत्री केजरीवाला के आवास रिनोवेशन में बेफिजूल खर्च नहीं बल्कि भ्रष्टाचार भी हुआ : भाजपा

**अजय त्यागी**

BJP live
भाजपा BJP

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के रिनोवेशन में सीबीआई द्वारा अनियमितता और गड़बड़ी की जांच शुरू किए जाने का स्वागत किया है। पार्टी का कहना है कि रिनोवेशन में बेफिजूल ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार भी हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई ने मुख्यमंत्री आवास के रिनोवेशन मामले में प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। भाजपा मुख्यमंत्री आवास के रेनोवेशन में हुए घोटाले की सीबीआई जांच को जरूरी बताया। भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज दिल्ली स्तब्ध है। सरकारों और राजनीति में रूचि रखने वाला हर तबका दिल्ली में अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए अपराध और भ्रष्टाचार पर स्तब्ध है। सीबीआई जांच शुरू हुई है अब आम आदमी पार्टी का बचना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में अगर किसी पार्टी ने सबसे कम समय में लूट और भ्रष्टाचार का कीर्तिमान स्थापित किया है, तो वह पार्टी अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी है। जहां तक दिल्ली के राजमहल के भ्रष्टाचार का मामला है, तो दिल्ली का हर व्यक्ति ये मानता है कि इसमें टॉयलेट और पर्दे ही करोड़ों रुपये के लगे हैं। प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि रेनोवेशन आप नेताओं की मानसिकता का हुआ है। यह बेफजूल खर्च का मामला नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार का भी मामला है। सारे नियमों को ताक पर रख कर अरविंद केजरीवाल ने अपने घर का रेनोवेशन किया। सीबीआई की जांच जरुरी थी इसलिए आज दिल्ली की जनता की जीत हुई है।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में किए संशोधन

सूचना एवं
प्रसारण मंत्रालय
MINISTRY OF
INFORMATION AND
BROADCASTING
सत्यमेव जयते

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में संशोधन करते हुए इसकी अधिसूचना जारी की है। इसके तहत मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) पंजीकरणों के नवीनीकरण के लिए एक प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अलावा अंतिम छोर तक इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के लिए केबल ऑपरेटरों द्वारा ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं के साथ बुनियादी ढांचे को साझा करने हेतु नियमों में अनिवार्य प्रावधान शामिल किए गए हैं। एमएसओ पंजीकरण के लिए संशोधित नियमों की कई विशेषताएं हैं, जिसमें एमएसओ पंजीकरण या पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना, एमएसओ पंजीकरण दस वर्षों की अवधि के लिए प्रदान या नवीनीकृत करने, पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए भी प्रोसेसिंग शुल्क एक लाख रुपये, पंजीकरण के नवीनीकरण का आवेदन पंजीकरण की समाप्ति से पहले सात से दो महीने की अवधि के भीतर करना शामिल है। मंत्रालय के अनुसार नवीनीकरण प्रक्रिया कारोबार करने में सुगमता की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, क्योंकि यह केबल ऑपरेटरों को अपनी सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए निश्चितता प्रदान करेगी और इस तरह इस क्षेत्र को विदेशी निवेश के लिए आकर्षक बनाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि जिन एमएसओ का पंजीकरण 7 महीने के भीतर समाप्त हो रहा है, उन्हें ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता पड़ने पर पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 1994 के तहत केवल नए एमएसओ पंजीकरण ही प्रदान किए जाते थे। नियमों में एमएसओ पंजीकरण के लिए वैधता की अवधि निर्दिष्ट नहीं की गई थी, न ही ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने की अनिवार्यता प्रकट की गई थी। केबल ऑपरेटरों द्वारा ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं के साथ बुनियादी ढांचे को साझा करने से संबंधित प्रावधान को शामिल करने से इंटरनेट की पहुंच में वृद्धि और संसाधनों के कुशल उपयोग का दोहरा लाभ मिलेगा। इससे ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे की आवश्यकता भी कम हो जाएगी।

# एनआईए ने ठाणे नकली मुद्रा मामले में चार आरोपितों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र किया दायर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने ठाणे नकली मुद्रा मामले में एक "नामित आतंकवादी" सहित चार आरोपितों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया है। चारों की पहचान जावेद पटेल उर्फ जावेद चिकना (नामित आतंकवादी), रियाज शिकिलकर, फयाज शिकिलकर और नासिर चौधरी के रूप में हुई है। ये मूल रूप से मुंबई के रहने वाले हैं। पिछले साल अप्रैल में ठाणे पुलिस ने तीन अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। फैयाज शिकिलकर पर आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। एनआईए के मुताबिक 2,000 रु. मूल्य वर्ग के 149 रुपये के नकली नोटों की बरामदगी के बाद तीनों आरोपितों के खिलाफ पिछले साल ठाणे पुलिस ने मामला दर्ज किया था। एनआईए ने बाद में यह मामला अपने हाथ में ले लिया। जांच के बाद इस साल मई में अवैध हथियार रखने के आरोप में फयाज शिकिलकर को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए की जांच में यह भी पता चला है कि फयाज व्हाट्सएप के जरिए जावेद पटेल के संपर्क में था और पैसे का लेन देन करता था। उसने भारत में गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची थी। उसे जावेद पटेल द्वारा अपने सहयोगी 'भाई' के माध्यम से व्हाट्सऐप द्वारा भेजा गया पैसा भी मिला था। एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक वांछित आरोपित जावेद पटेल ने स्वीकार किया है कि भारत की मौद्रिक स्थिरता को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से अपने सहयोगियों के माध्यम से नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) का इंतजाम कर आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया था।

# एमएस स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया दुख

PRIME MINISTER OF INDIA
FILE PHOTO

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत में हरित क्रांति के जनक एवं कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर एम एस स्वामीनाथन के साथ दो तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी के निधन से गहरा दुख हुआ। हमारे देश के इतिहास के एक बहुत ही महत्वपूर्ण समय में, कृषि में उनके अभूतपूर्व कार्य ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अपने क्रांतिकारी योगदान के अलावा डॉ. स्वामीनाथन नवप्रवर्तन के पावरहाउस और कई लोगों के लिए एक प्रेरक गुरु थे। अनुसंधान और परामर्श के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने अनगिनत वैज्ञानिकों और नव प्रवर्तकों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन के साथ अपनी बातचीत को हमेशा याद रखूंगा।

भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।

# बंगाल कांग्रेस ने अधीर रंजन पर टिप्पणी के लिए शरद पवार की आलोचना की

**कोलकाता, (हि.स.)।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार की आलोचना की। पवार ने पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष एवं लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ बोलने से पहले सोचने की सलाह दी थी। अधीर रंजन पर पवार की टिप्पणी थी कि बनर्जी और चौधरी के बीच जारी कड़वाहट वांछनीय नहीं है और चौधरी को मुख्यमंत्री के खिलाफ लगातार कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने से पहले सोचना चाहिए। पवार की टिप्पणियों पर चौधरी ने कहा कि एनसीपी नेता ने जो कुछ कहा, वह उनका निजी दृष्टिकोण था, जो पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत से परे है। चौधरी ने कहा, "पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस आतंक का दूसरा नाम है और कांग्रेस पीड़ित है। मैं पश्चिम बंगाल के लिए प्रासंगिक राजनीतिक स्थिति पर बोल रहा हूं।" राज्य कांग्रेस के नेता सौम्या आइच रॉय ने दावा किया कि पवार पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत की स्पष्ट समझ के बिना बोल रहे हैं। सीपीआई (एम) नेतृत्व ने भी इस घटनाक्रम पर चौधरी का समर्थन किया है। पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य डॉ. सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि अगर एनसीपी नेता वास्तव में सोचते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा की विरोधी है, तो उन्हें तृणमूल को महाराष्ट्र में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि क्या एनसीपी नेता के पास इस बात का कोई जवाब है कि उनके भतीजे के नेतृत्व में उनकी पार्टी का एक गुट क्यों अलग हो गया और भाजपा से हाथ मिला लिया।

# अशांत मणिपुर में कश्मीर से भेजे गए आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्र सरकार ने 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल का कश्मीर के श्रीनगर से मणिपुर स्थानांतरण किया है। मणिपुर में हाल ही में हिंसा एक बार फिर बढ़ी है। एक सरकारी आदेश के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति मामलों की समिति ने आईपीएस राकेश बलवाल को एजीएमयूटी कैडर से मणिपुर कैडर में समय से पहले वापस भेजने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पुलवामा हमले के जांच अधिकारी बलवाल वर्तमान में श्रीनगर के एसएसपी रहे, जो मणिपुर कैडर में वापस भेजे गए हैं। मणिपुर कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी बलवाल 16 दिसंबर,2021 को श्रीनगर शहर के पुलिस प्रमुख बने थे। इससे पहले साढ़े तीन साल के लिए एनआईए में प्रतिनियुक्ति पर थे। बलवाल ने श्रीनगर में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने में महत्वपूर्ण कार्य किया है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर एनआईए प्रमुख के रूप में उन्होंने पुलवामा आतंकी हमले मामले की जांच का नेतृत्व किया था और उनके काम के लिए उन्हें सम्मानित किया गया था।

# राजस्थान विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा ने दूसरे राज्यों के 44 नेताओं को दी जिम्मेदारी, सांसद रमेश बिधूड़ी भी शामिल

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान
लक्ष्य अंत्योदय प्रण अंत्योदय पथ अंत्योदय

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राजस्थान विधान सभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी रणनीति के तहत दूसरे राज्यों के 44 नेताओं को जिम्मेदारी दी है। इस सिलसिले में राज्य में अबतक 26 नेता आ चुके हैं और बाकी भी जल्दी ही जिलों में जाएंगे। संसद में दानिश अली पर विवादित टिप्पणी करने वाले और दक्षिणी दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी को भी टोंक विधान सभा में चुनावी ड्यूटी पर भेजा गया है। बिधूड़ी ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि वे टोंक विधान सभा में पहुंचे और राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ चुनाव की तैयारियों की जानकारी ली।

टोंक विधानसभा सीट गुजर बहुल क्षेत्र हैं जिसे कांग्रेस के सचिन पायलट का गढ़ माना जाता है। सूत्रों के अनुसार कल, गुरुवार को, प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में विधानसभा वार कार्य आवंटित किया गया। जिसमें दिल्ली सांसद प्रवेश वर्मा को जोधपुर देहात, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ को सीकर, केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह को जयपुर शहर, हरियाणा विधायक महिपाल ढाडा को हनुमानगढ, हरियाणा प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी को चूरू, यूपी से बीजेपी नेता जुगलकिशोर को जयपुर देहात उत्तर, जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह को जयपुर देहात दक्षिण, जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम कविन्द्र गुप्ता को दौसा, हरियाणा के बीजेपी नेता अरविंद यादव को अजमेर देहात, उत्तर प्रदेश के नेता अरुण असीम को कोटा देहात, उत्तराखंड में प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को बारां की जिम्मेदारी दी गई है।

### मध्यप्रदेश में भी उत्तर प्रदेश के मंत्रियों की लगाई गई ड्यूटी

इसी तरह मध्यप्रदेश विधान सभा चुनाव के लिए भी उत्तर प्रदेश के बड़े नेताओं की ड्यूटी लगाई गई है। उत्तर प्रदेश से 12 मंत्रियों को मध्यप्रदेश की चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। बृजेश पाठक को भोपाल, स्वतंत्र देव सिंह को सतना, दयाशंकर सिंह को बालाघाट, बेबीरानी मौर्य (मंत्री) को ग्वालियर, दिनेश प्रताप सिंह (मंत्री) को रायसेन, दयाशंकर मिश्र दयालु (मंत्री) को दतिया, कपिलदेव अग्रवाल(मंत्री) को दमोह, अनिल राजभर(मंत्री) को सिवनी, जेपीएस राठौर(मंत्री) को भोपाल संभाग और पंकज सिंह (विधायक) को विदिशा की जिम्मेदारी दी गई है।

# शिक्षा मंत्री आतिशी ने ''डीओई निरीक्षण'' ऐप का किया शुभारंभ

**अजय कुमार**

SHAHEED BHAGAT SINGH
ARMED FORCES PREPARATORY SCHOOL

**नई दिल्ली।** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने गुरुवार को ''डीओई निरीक्षण'' मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया है। इस ऐप के माध्यम से सरकारी स्कूलों में बच्चे व शिक्षक सीधे विभाग को स्कूल व पढ़ाई-लिखाई से जुड़े सुझाव व शिकायत भेज सकेंगे। यह इनोवेटिव एप्लिकेशन छात्रों और शिक्षकों को स्कूल से संबंधित समस्याओं को उठाने और स्कूल प्रशासन द्वारा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐप को लांच करते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि शिक्षा विभाग का यह तकनीकी हस्तक्षेप स्कूल में छात्रों और शिक्षकों की जरूरतों को तेजी से पूरा करने में बेहद मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि डीओई निरीक्षण एप हमारे स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। जहां शिक्षक व विद्यार्थी जो स्कूल में महत्वपूर्ण स्टेकहोल्डर के रूप में भूमिका निभाते हैं, सीधे विभाग तक अपने सुझावों और शिकायतों को भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि इनके सुझावों के साथ हमें अपने स्कूलों में जरूरी बदलाव लाने में मदद मिलेगी और इनकी शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जा सकेगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार छात्रों और शिक्षकों के जीवन को आसान बनाने के लिए विभिन्न तकनीकी हस्तक्षेप शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। डओई निरीक्षण ऐप के साथ रोजमर्रा स्कूल में आने वाली चुनौतियों का सामना करने वाले छात्र इन मुद्दों को आसानी से अपने प्रिंसिपल के ध्यान में ला सकते हैं। छात्रों और शिक्षकों को अपनी चिंताओं के समाधान के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि छात्र और शिक्षक समान रूप से अपने स्कूलों से संबंधित किसी भी प्रकृति के प्रश्न और शिकायत दर्ज करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं। एक बार जब उनकी समस्याएं सबमिट हो जाती हैं तो वे ऐप के भीतर अपने शिकायत की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं। शिकायतों और प्रश्नों से निपटने की पूरी प्रक्रिया की क्षेत्रीय, जिला और मुख्यालय स्तर पर डीडीई द्वारा बारीकी से निगरानी की जाती है।

# 2070 तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने के लिए निर्माण क्षेत्र में हरित पहल की जाएगी : गडकरी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए निर्माण क्षेत्र में हरित पहल की जाएगी। गडकरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि परिवहन मंत्रालय सड़क निर्माण में नगर निगम के कचरे का उपयोग करने के लिए नीति को अंतिम रूप दे रहा है। इसके अलावा सरकार जीवाश्म ईंधन का उपयोग नहीं करने के लिए निर्माण उपकरण निमार्ताओं को प्रोत्साहन देने पर भी विचार कर रही है। देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का उल्लेख करते हुए गडकरी ने कहा कि 13 हजार स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क किनारे सुविधाओं, ढाबों, टोल प्लाजा पर सफाई अभियान सहित कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है और लगभग 7000 स्थानों पर काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि दैनिक आधार पर उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे का निपटान देश भर के शहरी क्षेत्रों में पेश आने वाली प्रमुख पर्यावरणीय चुनौती है। मंत्री ने कहा कि लगभग 10,000 हेक्टेयर भूमि डंप साइटों में बंद है। मंत्रालय राजमार्ग निर्माण में शहरी ठोस कचरे का उपयोग करने के समाधान पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से कचरे से धन बनाना संभव है। देश में वैकल्पिक जैव ईंधन के बारे में बात करते हुए गडकरी ने कहा कि वह इथेनॉल अर्थव्यवस्था बनाने के प्रबल समर्थक रहे हैं और कृषि विकास को 6 प्रतिशत तक बढ़ावा देने के लिए इथेनॉल के बड़े पैमाने पर उपयोग पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य 2 लाख करोड़ रुपये की इथेनॉल इकोनॉमी बनाना है। दिल्ली में दुनिया के पहले बीएस-6 अनुरूप फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन के लॉन्च के साथ फ्लेक्स इंजन 100 प्रतिशत इथेनॉल पर काम करेगा और अर्थव्यवस्था के लिए बचत 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पानीपत में आईओसीएल संयंत्र चावल के भूसे जैसे कृषि अपशिष्ट को इथेनॉल और बायोबिटुमेन में परिवर्तित करता है। गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए कई पहल की हैं और सरकार दिल्ली और जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक राजमार्ग विकसित करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक हाइवे वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन को उसी तरह से पूरा करते हैं, जैसे रेलवे के लिए किया जाता है। यह स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों में प्रचलित तकनीक पर आधारित है। इसमें बिजली केबलों का प्रावधान शामिल है, जिसका उपयोग ऐसे वाहन द्वारा किया जा सकता है जो इस प्रकार की प्रौद्योगिकी को पूरा करता है। वाहन अपने कर्षण के लिए इस केबल से बिजली का उपयोग करेगा। फिलहाल मंत्रालय विभिन्न तकनीकों का मूल्यांकन कर रहा है।

# बिहार की बदहाली के लिए नीतीश कुमार जिम्मेदार : चिराग पासवान

**बलिया, (हि. स.)।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार की बदहाली के लिए नीतीश कुमार जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी उनसे समझौता नहीं किया। जबकि चाहता तो मैं बिहार में नीतीश के साथ होता। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि न मेरे पिता ने कभी समझौता किया और न मैं करूंगा। जो मुझे गलत दिखेगा उसका हमेशा विरोध करूंगा। गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में गुरूवार को आयोजित पासवान-पासी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि ने बिना नाम लिए राजद और जेडीयू पर हमला करते हुए कहा कि बिहार में दलित को दलित से अलग किया गया। भाई को भाई से लड़ाया गया। अपनी राजनीतिक यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे नेता रामविलास पासवान के निधन के बाद मैं चाहता तो नीतीश के साथ जा सकता था। लोजपा ( रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता की जो लड़ाई रामविलास पासवान ने शुरू की थी। उसे जारी रखूंगा। रामविलास पासवान का सपना था कि समाज का अंतिम व्यक्ति मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए। इसी सपने को पूरा करने का दायित्व मेरे ऊपर है। मैं अपने पिता के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए संघर्ष करता रहूंगा। चिराग पासवान ने कहा कि सामाजिक न्याय के पहिए को मजबूती देने की जरुरत है। आज भी कहीं-कहीं देश में जाति के आधार पर अन्याय होता है। अभी कौशाम्बी में पासी समाज के तीन लोगों की हत्या कई गई थी। मैं वहां गया था। जिसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने न्याय का भरोसा दिया था। जिसके बाद उस परिवार को मुआवजा मिला है जो इस विश्वास को बढ़ावा है कि यह सरकार हमारे संरक्षण का काम कर रही है। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बड़े ही सधे अंदाज में उन्हें देखने आई भीड़ से कनेक्ट किया। अपने भाषण की शुरूआत उन्होंने यह कहते है किया कि मैं यहां अपनी पार्टी के नेता के तौर पर नहीं बल्कि आपका भाई और बेटा बनकर आया हूं। जब तक जिंदा रहूंगा मैं सबके दुख में शामिल रहूंगा। आज मुझे मेरे पिता रामविलास पासवान की कमी खलती है। मेरे पिता हमेशा कहते थे कि अपने विचारों से कभी समझौता मत करना। उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान जब संघर्ष कर रहे थे। समाज में भेदभाव की पराकाष्ठा थी। जिस संविधान के आधार पर सरकार चलती है। उसके निमार्ता डा. अम्बेडकर की संसद में एक तस्वीर तक नहीं थी। मेरे नेता के प्रयास से बाबा साहब अम्बेडकर की तस्वीर संसद में लगी। उनके ही प्रयासों से बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न मिला। सभा में युवाओं के हाथों में दिख रहे मोबाइल फोनों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज जो यह मोबाइल है, वह रामविलास पासवान की देन है। जब वे दूरसंचार मंत्री थे, तब इनकमिंग काल पर भी पैसे लगते थे। उन्होंने सपना देखा था कि एक रिक्शा वाले के भी हाथ में भी मोबाइल हो जो आज पूरा हो रहा है। कोरोना काल में करोड़ों मजदूर दूसरे प्रदेशों से भूखे-प्यासे पैदल घरों को लौट रहे थे। उनकी पीड़ा हमारे नेता रामविलास पासवान ने महसूस की थी। रामविलास पासवान ने खाद्य मंत्रालय के जरिये 21 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिलवाया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आज भी जारी है। प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि गरीब कल्याण की योजना को वे आगे बढ़ा रहे हैं। पासवान-पासी समाज के लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि समाज में कई तरीके से बांटने का काम किया जाता है। ऐसे में सतर्क रहने की जरूरत है। पासी और पासवान एक हैं। हम भाई हैं। जब तक हम एक हैं, हमें हमारे अधिकार से कोई वंचित नहीं कर सकता। अपील किया कि हम एक होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहें। कहा कि जिस समाज की कल्पना डा. अम्बेडकर ने की थी। उसके लिए काम कर रहा हूं। अपने परिवार का भी चिराग पासवान ने जिक्र किया। कहा, मेरे परिवार के कई लोगों ने मुझे धोखा दिया। मेरे परिवार का कोई मेरे साथ नहीं है। ऐसे में हमारा समाज ही मेरा परिवार है। अब उत्तर प्रदेश में पासी-पासवान सम्मेलन का अगला कार्यक्रम कौशाम्बी में 27 अक्टूबर को और 16 नवम्बर को प्रतापगढ़ में होगा। अध्यक्षता करते हुए सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि चिराग पासवान भविष्य में सामाजिक न्याय के प्रतीक बनेंगे। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक गोरख पासवान ने सबके प्रति आभार जताया। इस अवसर पर महिला लोजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष कमला कुमारी, राजीव पासवान व केवी भारती आदि थे।

# उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेंगे : भूपेंद्र सिंह

**मेरठ, (हि.स.)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत हासिल करेंगी। 2019 में हारी 14 लोकसभा सीटों पर भी कमल का फूल खिलेगा। विधानसभा चुनावों में ही आईएनडीए गठबंधन का अस्तित्व पता चल जाएगा। भाजपा का मेरठ, सहारनपुर, गाजियाबाद और मुरादाबाद के चार महापौर और 182 पार्षदों का प्रशिक्षण वर्ग गुरुवार को मेरठ में शुरू हुआ। एनएच-58 बाईपास पर दोआब होटल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने महापौर-पार्षद प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया। शुक्रवार को समापन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य महापौर और पार्षदों को चुनावी मंत्र देंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग के जरिए महापौर और पार्षदों को जनता से बेहतर संवाद बनाने और हर घर तक भाजपा की योजनाएं पहुंचाने का जिम्मा दिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का पूरा जोर उत्तर प्रदेश में हारी गई 14 लोकसभा सीटों पर 2024 में भाजपा का परचम लहराने पर है। उन्होंने कहा कि 2019 में हम 66 सीटें जीते थे। इस बार हारी हुई 14 सीटों पर भी कमल खिलेगा। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी। आईएनडीए गठबंधन पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव अभी दूर है। इससे पहले विधानसभा चुनावों में ही आईएनडीए के अस्तित्व का पता चल जाएगा। सनातन संस्कृति, धार्मिक ग्रंथों, देवी-देवताओं पर आईएनडीए के घटक दलों के नेताओं की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि इससे विपक्षी नेताओं का दोहरा चरित्र पता चलता है। लोग सब जानते हैं। इस प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल भी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग के जरिए भाजपा का जोर जनता से संवाद पर करने पर है।

# एसटी जाति प्रमाण पत्र के मामले में रघुवर दास ने हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

**रांची, (हि.स.)।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एसटी सर्टिफिकेट जारी किए जाने के मामले में गुरुवार को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि अनुसूचित जनजाति समाज के हित में केरल हाई कोर्ट के फैसले को झारखंड में उतारने का काम करें। कार्मिक विभाग से अविलंब निर्देश जारी कराएं कि जो व्यक्ति जनजाति समाज के रीति रिवाज को नहीं मानते हों, उनका जाति प्रमाण पत्र निर्गत न किया जाये। रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समाज की परंपरा और पहचान आपकी सरकार की वजह से संकट में है। पर्दे के पीछे से आपकी सरकार चलाने वाले चाहते हैं कि यहां का अनुसूचित जनजाति समाज मांदर की जगह गिटार पकड़ ले। ऐसे में सरना कोड के नाम पर आप जनजातीय समाज विशेष कर सरना समाज को गुमराह ना करें। अनुसूचित जनजाति समाज की सालों पुरानी मांग है कि स्थापित रीति रिवाज, पारंपरिक वेशभूषा और परंपराओं को मानने वालों को ही एसटी जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाये। उन्होंने कहा है कि 1997 में केरल राज्य बनाम चन्द्रमोहन मामले में केरल हाई कोर्ट ने स्पष्ट फैसला सुनाया था कि अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का क्या-क्या आधार होना चाहिए लेकिन राज्य सरकार इस अहम मुद्दे पर मौन है।

**केरल हाई कोर्ट के निर्णय का सार** : आवेदक के माता एवं पिता दोनों ही अनुसूचित जनजाति के सदस्य होने चाहिए। उनके माता-पिता का विवाह संबंधित जनजाति के रूढ़ियों एवं परंपरा के अनुसार किया गया होना चाहिए। उनका विवाह जनजाति समाज द्वारा किया गया हो एवं उसे समाज के द्वारा मान्यता दी गई हो। आवेदक एवं उसके माता-पिता के द्वारा जातिगत रूढ़ियों, परंपराओं एवं अनुष्ठान का पालन किया जा रहा है। आवेदक एवं उसके माता-पिता के द्वारा अपने पूर्वजों की विरासत एवं उत्तराधिकार के नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इन सब मामलों की जांच के पश्चात ही जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना चाहिए।

# दुर्घटना में मरे तीन मजदूरों के परिजन से मिले सांसद चंदन, दस - दस हजार की ढ़ी सहायता

## सड़क जाम कर घंटों नवादा - गया पथ पर की थी यातायात बाधित

**नवादा, (हि. स.)।** नवादा- गया पथ पर नगर थाने के कृषि फार्म के निकट गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रक से कुचलकर मरे 3 मजदूरों के परिजनों तथा घायल से सदर अस्पताल में मिलकर नवादा के सांसद चंदन सिंह ने 10- 10000 रुपए की सहायता राशि दी। सांसद ने कहा कि लाख रुपए आपदा कोष से भी सहायता राशि दिला दी जाएगी। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सांसद चंदन सिंह सबसे पहले अस्पताल पहुंच गए जहां तीनों लाशों का उन्होंने पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिजनों का आंसू पूछ कर संसद भावुक हो गए। उन्होंने सभी परिजनों को हर स्तर का मदद देने का भी वादा किया। उन्होंने घायल युवक के इलाज के लिए भी सहायता राशि प्रदान की। संसद के साथ उनके प्रतिनिधि से भूषण सिंह बबलू सहित भारी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता भी मौजूद थे। सोभिया कृषि फॉर्म के समीप सब्जी मंडी जाने के दौरान गुरुवार को दुर्घटना में मरे मजदूर आकाश कुमार पिता श्रीकांत चौहान, नंदे चौहान, पिता श्री राम चौहान, प्रहलाद कुमार पिता रामबाबू चौहान तीनों मृतकों के पिता को सांसद चंदन सिंह ने अस्पताल में सहायता राशि प्रदान की। ट्रक से कुचलकर मरे मजदूर नगर परिषद वार्ड संख्या 36 के रहने वाले थे। इस हादसे के बाद लोगों ने प्रदर्शन कर गयानवादा पाठ को जाम कर यातायात पारित कर दी थी । जिसके बाद मौके पर बीडीओ भी पहुंच गए हैं । हादसे में मारे गए मयूरों के परिजनों ने मुख्यमंत्री से 10-10 लाख मुआवजे की मांग की।

# उप्र के विधानसभा व विधान परिषद सचिवालय भर्ती में कई प्रमुखों की संलिप्तताएं



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा व विधान परिषद सचिवालय में भर्ती के मामले में सरकार में बैठे कई प्रमुखों की संलिप्तताएं सामने आ रही हैं। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो जिस कम्पनी के जरिये परीक्षा करायी गई है, उसका पंजीयन 2019 में हुआ है, जबकि उसका अनुभव प्रमाण-पत्र 2017 का दिखाया गया है। सूत्र बताते हैं कि सीबीआई इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि ब्लैक लिस्टेड टीएसआर डाटा प्रोसेसिंग प्रा.लि.कंपनी को किसके दबाव में यह काम मिला। सूत्र बताते हैं कि सीबीआई की जांच में ऑनलाइन परीक्षा परिणाम में मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर विधानसभा एवं विधान परिषद के अधिकारियों के दबाव में मनमाफिक परिणाम निकालकर भर्ती की रेवड़ियां बांटी गईं। इसमें विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे के भतीजे शलभ दुबे व पुनीत दुबे, विधान परिषद के प्रमुख सचिव राजेश सिंह के बेटे अरवेंदु और अरचेंधु सिंह, अजय सिंह के बेटे अभय प्रताप सिंह, रितेश पाण्डेय, संसदीय कार्य के प्रमुख सचिव जे.पी.सिंह के बेटे शिवम सिंह एवं शिवाजी सिंह, टीएसआर डाटा प्रोसेसिंग प्रा.लि.कंपनी के निदेशक आशीष राय के संबंधी साकेत राय एवं सेठी राय, दूसरे निदेशक की पत्नी भावना यादव, उप लोकायुक्त डी. के. सिंह के पुत्र अविनाश कुमार, विकास अवस्थी, सरकार में प्रमुख पदों पर बैठे एक अपर मुख्य सचिव के सिफारिश पर पुनीत वाजपेयी, अलिशा गुप्ता, अभिषेक शुक्ल समेत 12 लोगों की विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई है इतना ही नहीं तात्कालीन विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के निजी सहायक पंकज मिश्र की ओएसडी के पद पर हुई नियुक्ति पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। इसके अलावा शासन और विधानसभा सचिवालय में कार्यरत अधिकारियों के रिश्तेदारों को भी सहायक समीक्षा अधिकारी और समीक्षा अधिकारी बनाया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ खण्डपीठ में दाखिल याचिका में बताया गया है कि किस तरह अयोग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। परीक्षा में लोक सेवा आयोग या सचिवालय सेवा के भर्ती नियमों का पालन भी नहीं हुआ। याचिका में विभिन्न पदों पर करीब 26 कर्मियों की नियुक्ति को याचिकाकर्ता ने नियमों की अनदेखी करते हुए भर्ती किया जाना बताया गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2020-21 में विधानसभा एवं विधान परिषद में रिक्त पदों पर भर्तियां की गई थी, जिसके चलते विधान सभा में 95 पदों पर भर्ती की गई, इनमें समीक्षा अधिकारी के 20, सहायक समीक्षा अधिकारी के 23, एपीएस के 22, अनुसेवक के 12, रिपोर्टर के 13 और सुरक्षा गार्ड के 05 पदों पर भर्ती हुई, जबकि विधान परिषद में विभिन्न श्रेणी के 100 पदों पर भर्तियां की गई। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद सचिवालय में हाल ही में हुई विभिन्न पदों पर भर्तियों की सीबीआई जांच का आदेश दिया है। शुरूआती जांच की रिपोर्ट छह हफ्ते में पेश करने को भी कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने सुशील कुमार व दो अन्य की विशेष अपील के साथ विपिन कुमार सिंह की याचिका पर दिया। कोर्ट ने इस धांधली मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में दर्ज करने का भी आदेश दिया है।

# यूपी बोर्ड में अंकपत्र व प्रमाणपत्र संशोधन के लिए अब ऑनलाइन आवेदन

**प्रयागराज, (हि.स.)।** यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया है कि अब लोगों को अंकपत्र और प्रमाणपत्र में संशोधन के लिए बोर्ड या क्षेत्रीय कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। बल्कि यूपी बोर्ड की शीघ्र जारी होने वाली वेबसाइट पर ऑनलाइन संशोधन के लिए आवेदन करेंगे तो उनको ट्रैकिंग नंबर मिलेगा जिससे वे आवेदन पत्र पर चल रही कार्रवाई की स्थिति जान सकेंगे। इसमें मामले का निस्तारण एक हफ्ते से लेकर 10 दिन के भीतर होगा और स्पीड पोस्ट से अंकपत्र विद्यालय को मिल जाएगा। विगत दिनों सचिव द्वारा कैम्प लगवा कर दो माह में लगभग 60 हजार अभ्यर्थियों के मामलों का निस्तारण कराने पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश संरक्षक डॉ, हरि प्रकाश यादव के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकान्त शुक्ला से मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूपी बोर्ड के सचिव ने एक अच्छी पहल की है, जिसके तहत छात्रों और उनके अभिभावकों को उनके जनपद में आराम से संशोधन हो गया। इस अवसर पर प्रदेश निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री तीरथराज पटेल, मिथिलेश मौर्य, विजय यादव, विनोद यादव, देवराज सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# 97,211 किसानों ने नहीं कराया ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से होंगे वंचित

पीएम किसान सम्मान निधि

**मीरजापुर, (हि.स.)।** जिले के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 97 हजार 211 लाभार्थी किसानों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले किसान 15वीं किस्त से वंचित हो सकते हैं। वहीं जनपद भर के 3,05,077 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त भेजी गई थी। किसान मोबाइल से स्वयं घर बैठे फेसियल आथेंटिकेशन से ई-केवाईसी कर सकते हैं। किसानों की सुविधा के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आरंभ किया है। इसमें लाभार्थियों को वर्ष भर में हर तिमाही दो हजार रुपये के हिसाब से कुल छह हजार रुपये दिया जाता है। उप कृषि निदेशक विकेश कुमार पटेल के अनुसार जनपद में अभी तक 97211 किसानों ने ई-केवाइसी, 46548 ने एनपीसीआई और 64260 किसानों ने भूलेख अंकन नहीं कराया है। अभी तक 263431 किसानों ने ही ई केवाईसी कराया है। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले किसानों को 15वीं निधि से वंचित होना पड़ सकता है। उप कृषि निदेशक विकेश पटेल ने बताया कि लगभग तीन लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान निधि का लाभ मिल रहा है। किसान बैंक खाते के ई-केवाईसी करा लें अन्यथा भविष्य में निधि का लाभ नहीं मिलेगा। किसान बिना सहज जन सेवा केंद्र गए घर बैठे ही एंड्रायड मोबाइल से ई-केवाईसी अपडेट करके योजना का लाभ ले सकते हैं। शासन ने ई-केवाईसी अपडेशन को सुलभ बनाने के लिए मोबाइल एप पर ई-केवाइसी की सुविधा दी है। इसके लिए सर्वप्रथम गुगल एप पर आनलाइन प्रधानमंत्री किसान जीओआई मोबाइल एप डाऊनलोड करें। इसके बाद लैंग्वेज या भाषा का चयन करना होगा। फिर लागिन पर क्लिक करें। लागिन टाइप लिखकर आएगा। यहां पर रजिस्ट्रेशन नंबर, आधार नंबर, मोबाइल नंबर का आप्शन आएगा। इसमें से किसी एक को इंटर करेंगे। मोबाइल नंबर पर ओटीपी जाएगा। ओटीपी को इंटर करें। इसके बाद छह डिजिट का एमपिन सक्रिय करना होगा। इसमें एमपिन बनाएं। इसके बाद फेसियल आर्थेटिकेशन आएगा। फोटो क्लिक करें और एमपिन पुनः इंटर करें। इसके बाद सफलतापूर्वक ई-केवाईसी लिखकर आएगा। अर्थात ई-केवाईसी अपडेट हो गया है। इस प्रक्रिया से स्वयं सहित 10 दूसरे किसानों का भी ई-केवाईसी अपडेट कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे विश्वजीत

**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेटे विश्वजीत एच सोरेन तमिलनाडु में होने वाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। शतरंज के खेल में विश्वजीत सहित 20 खिलाड़ियों ने झारखंड की टीम में जगह बनायी है। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत राष्ट्रीय स्कूली खेल के लिए चेस समेत आठ खेलों का ओपन ट्रायल हुआ था। बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव में आयोजित चेस के ट्रायल में सीएम के बेटे विश्वजीत एच सोरेन ने राष्ट्रीय स्कूली खेल के लिए स्थान पक्का किया। चेस खेल का ट्रायल इंटरनेशनल आर्बिटर दीपक कुमार की देखरेख में आयोजित किया गया था। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि राष्ट्रीय स्कूली खेल में भागीदारी से पहले झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा 21 दिन का कैंप लगाया जायेगा। ट्रायल के अंतिम दिन बास्केट बॉल और साइक्लिंग खेल गांव में जबकि हॉकी का आयोजन बरियातू बालिका स्कूल में होगा। फुटबॉल का ट्रायल संत जॉन्स स्कूल में होगा। ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 6 बजे से 10 तक आयोजन स्थल पर ही किया जायेगा।

# दिल्ली से लौट रहे युवक को आई झपकी, चलती ट्रेन से गिरा कोयल नदी में-आरपीएफ ने किया रेस्क्यू

**पलामू, (हि.स.)।** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से टाटानगर एक्सप्रेस के जनरल बोगी में अपने एक दोस्त के साथ सवार होकर बोकारो अपने घर लौट रहा एक 22 वर्षीय युवक गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन से पहले कोयल नदी में गिर गया। सूचना मिलने के बाद गढ़वा रोड रेलवे सुरक्षा बल-आरपीएफ ने उसका रेस्क्यू किया और करीब 80 फीट ऊपर रस्सी के सहारे खींच कर युवक की जान बचाई गई। युवक को मामूली चोट आई है। उसका इलाज विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। डॉक्टर ने उसे खतरे से बाहर बताया है। इस संबंध में आरपीएफ गढ़वा रोड के प्रभारी ने युवक के बोकारो के महुआटॉड थाना क्षेत्र के बड़की पुन्नू स्थित घर पर उसके भाई टिंकू को सूचना दे दी है। युवक की पहचान मनोज करमाली के रूप में हुई है। मनोज अपने दोस्त विजय करमाली के साथ पुरानी दिल्ली में टाटानगर एक्सप्रेस में सवार हुआ था। बुधवार को वह अपने दोस्त के साथ सफर कर रहा था। इसी क्रम में गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन से पहले कोयल नदी से जब ट्रेन पार कर रही थी, उसी क्रम में मनोज ट्रेन से नीचे नदी में गिर गया। मनोज के अनुसार उस वक्त वह गेट पर खड़ा था और झपकी आने पर हादसे का शिकार हुआ।

उस वक्त उसका दोस्त सीट पर बैठा हुआ था। ट्रैफिक इंस्पेक्टर गढ़वा की सूचना पर गढ़वा रोड आरपीएफ सक्रिय हुई और कुछ घंटे की रेस्क्यू के बाद युवक की जान बचाई। युवक के अनुसार कोयल नदी में चारों तरफ पानी फैला हुआ था और नदी में गिरने के बाद उसने पाए पर शरण ले रखा था। कई घंटे तक वह पाए पर सुरक्षित बैठा रहा। इधर चलती ट्रेन से नीचे नदी में गिरने के बाद भी युवक को मामूली चोट आने पर लोगों ने हैरानी व्यक्त की है। बता दें कि कोयल नदी में रेलवे ब्रिज की ऊंचाई करीब 80 फीट है।

# मोक्ष एवं ज्ञान की भूमि गया में पितृपक्ष मेले का विधिवत शुभारंभ, 4 हजार से अधिक जवान सुरक्षा में तैनात

**पटना/गया, (हि.स.)।** मोक्ष और ज्ञान की भूमि बिहार के गया में मंत्र उच्चारण के साथ पितृपक्ष मेले का गुरुवार को शुभारंभ हो गया। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। विष्णुपद मंदिर परिसर में बने भव्य पंडाल में मंत्रों उच्चारण के साथ पितृपक्ष मेला का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव, कृषि मंत्री कुमार सर्बजीत, सांसद विजय कुमार मांझी, नगर विधायक प्रेम कुमार समेत बड़ी संख्या जिला पुलिस प्रशासन एवं पंडा समाज एवं आम लोग शामिल हुए। पितृपक्ष मेला के दौरान प्रशासन ने गया शहर के कई मार्गों की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है ।पिंडदानियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी 4278 पुलिस कर्मियों के कंधे पर है ।इसमें आठ डीएसपी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा वरीय अधिकारी भी समय-समय पर सहयोग करते रहेंगे। इस बात की जानकारी प्रभारी एसएसपी हिमांशु कुमार ने दी है। उन्होंने दावा किया कि मेला में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को गया जी में आने वाले तीर्थ यात्रियों का सेवा भाव से हर सम्भव मदद करने की नसीहत दी गई है। इसके अलावा ट्रैफिक की भी ठोस व्यवस्था की गई है। माउंटेन मिलिट्री फोर्स को भी मेला परिसर में तैनात किया जाएगा। ताकि भीड़ को अच्छे से हैंडिल किया जा सके। इसके अलावा रैपिड एक्शन फोर्स भी मेला परिसर खासकर विष्णुपद मंदिर व उसके आसपास तैनात रहेगी। एसएसपी ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी मंदिर कर गर्भ गृह के पास भी तैनात रहेगी ताकि वह भीड़ को बेहतर तरीके से चलायमान रखे।उन्होंने बताया कि 90 बाइक सवार पुलिस के जवानों की एक टीम तैयार की गई है। इस टीम के सदस्य मेला सेक्टर के अंदर सुबह से लेकर देर शाम तक गश्रत लगाते रहेंगे।तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा व यातायाता व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। प्रभारी एसएसपी ने बताया कि मेला के तहत क्राउड मैनेजमेंट के बिंदु को प्रमुखता से देखा जा रहा है। मंदिर परिसर व उसके आसपास व संकीर्ण जगहों पर फोर्स की संख्या बढ़ा दी गई है। मेला क्षेत्र में 200 सीसीटीवी कैमरे काम करे रहे हैं।इस बीच पितरों को मोक्ष की कामना को लेकर तीर्थयात्रियों का आगमन प्रारंभ हो गया है। देश-विदेश से पिंडदानी कर्मकांड के लिए आने लगे हैं। वे फल्गु के पवित्र जल से पिंडदान एवं तर्पण करेंगे। इसके साथ ही पिंडवेदियों पर कर्मकांड करेंगे। पिंडदान एवं तर्पण के लिए फल्गु तट पर देवघाट, ब्राह्मणी घाट, पितामहेश्वर व सीताकुंड घाट का खास महत्व है। इन घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। इस साल पितृपक्ष मेले में अधिक तीर्थयात्रियों के आने का संभावना है। गत वर्ष तीर्थयात्री कम आए थे। इस वर्ष 10 से 12 लाख तीर्थयात्रियों के आने की संभावना जताई गई है। पितृपक्ष मेला के दौरान प्रशासन ने गया शहर के कई मार्गों की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। मेला क्षेत्र को वन वे किया गया है। शहर में प्रातः तीन बजे से रात्रि 11 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मेला क्षेत्र में छोटे वाहनों के जाने को ही अनुमति दी गई है। हां, इसके अलावा वे वाहन भी प्रवेश कर सकेंगे, जिन्हें सदर एसडीओ द्वारा निर्गत पास प्राप्त हो। पार्किंग यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए बड़े एवं छोटे वाहनों की पार्किंग के लिए सिकड़िया मोड़ बस स्टैंड,चांद चौरा कोलरा अस्पताल,केन्दुई, पहड़तली, चंदौती बाजार, प्रेतशिला, आइटीआई कैंपस, पॉलीटेक्निक परिसर में व्यवस्था की गई है। इसके अलावा छोटे वाहनों के लिए संक्रामक अस्पताल परिसर व पंचयतिया अखड़ा में पार्किंग की व्यवस्था है।

## संपादकीय

# कनाडा 'दूसरा पाकिस्तान'

**जिस** तरह पाकिस्तान आतंकियों की 'पनाहगाह' है, कनाडा भी उसी राह पर है। पंजाब में जो नौजवान मौजूदा व्यवस्था से नाराज हैं और लंबे वक्त से बेरोजगार हैं। कनाडा जाने वाले ऐसे पंजाबियों को वहां प्लंबर, ड्राइवर, सेवादार, मैकेनिक, पाठी और रागी आदि के काम भी दिलवा दिए जाते हैं, लेकिन खालिस्तान के भारत-विरोधी धंधों में भी उन्हें शामिल किया जाता है। कनाडा में ऐसे 30 गुरुद्वारे बताए जाते हैं, जिनका पूरा नियंत्रण खालिस्तानियों के पास है। भारतीय पंजाब से जाने वाले नौजवानों को इन गुरुद्वारों में ही रहने-ठहरने की जगह दी जाती है। धीरे-धीरे खालिस्तान-समर्थकों की एक 'फौज' तैयार हो जाती है, जो कनाडा के ही नागरिक बना दिए जाते हैं। वे खालिस्तानी ही भारतीय दूतावासों और संस्थानों पर धावा बोल कर प्रदर्शन करते हैं, लेकिन कनाडा सरकार कोई कारगर कार्रवाई नहीं करती। दोनों देशों के बीच अब यह विवाद और तनाव कूटनीतिक रंग लेता जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा का नाम लिए बिना ही संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा है कि राजनीतिक सुविधा के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करना गलत है। सवाल यह है कि क्या कनाडा 'दूसरा पाकिस्तान' बन गया है? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ 'इंटरपोल' का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की जासूस एजेंसी आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों की पनाह के लिए, पाक-ईरान की पश्चिमी सीमा पर, सेना मुख्यालय में ही 'सेफ हाउस' बना रखा है। करीब 15 आतंकियों को 12 'सेफ हाउस' में पनाह दी गई है। आजकल कई खालिस्तानी आतंकियों का 'अंतरराष्ट्रीय बेस' पाकिस्तान में ही है। क्या इस संदर्भ में कनाडा-पाकिस्तान साथ-साथ नहीं हैं? चिट्ठी पाने वाले पंजाब के नौजवानों को कनाडा के अलावा ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और अमरीका में भी 'राजनीतिक शरण' दी जाती रही है। क्या इन देशों ने भारत से कभी पूछा है कि ऐसे चेहरों को 'राजनीतिक शरण' क्यों दी जाए? किन्होंने इनका उत्पीडन किया है या मानवाधिकार छीने हैं? वैसे ये देश खुद को भारत का 'जिगरी दोस्त' और 'रणनीतिक साझेदार' कहते हुए नहीं थकते! ब्हरहाल खालिस्तानियों को लेकर हमारी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने आक्रामक रुख अख्तियार किया है और एजेंसियां लामबंद हुई हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रॉ, आईबी, राज्यों के एटीएस प्रमुखों की बैठक बुलाई है। खालिस्तान समर्थक 19 आतंकियों की सूची भी तैयार की गई है, जिनकी पंजाब में संपत्तियां जब्त की जा रही हैं और उनकी कुर्की भी की जा सकती है। कनाडा को, अंततः, झुकना ही पड़ेगा, क्योंकि वहां के प्रधानमंत्री ट्रूडो अपनी कुर्सी बचाए रखने को झूठ बोल रहे हैं। आश्चर्य है कि एक प्रधानमंत्री ऐसे आतंकवादी की पैरवी कैसे कर सकता है, जिसके खिलाफ कई केस पंजाब में दर्ज हैं और जो 1996 में फर्जी पासपोर्ट लेकर कनाडा में घुसा था। हैरानी यह भी है कि ऐसे व्यक्ति को कनाडा का नागरिक कैसे बना दिया गया? क्या कनाडा खुद एक फर्जी देश है? किसी भी बड़े देश ने कनाडा के प्रधानमंत्री के भारत पर आरोप का समर्थन नहीं किया है और न ही ठोस साक्ष्य कनाडा ने भारत को सौंपा है। बल्कि हमारी एजेंसियों को अब साफ तौर पर कनाडा को आगाह कर देना चाहिए कि भारत-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए किसी भी खालिस्तानी को अब माफ नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे तुरंत ढेर कर दिया जाएगा। कनाडा खालिस्तानियों पर फिदा होकर भी देख ले। अमरीका, रूस, ब्रिटेन आदि देशों को चाहिए कि वे कनाडा का बहिष्कार करें। वैसे अमरीका और पश्चिमी देशों ने कनाडा से दूरी बना ली है। भारत को कूटनीति से काम लेना होगा।

भारतीय पंजाब से जाने वाले नौजवानों को इन गुरुद्वारों में ही रहने-ठहरने की जगह दी जाती है। धीरे-धीरे खालिस्तान-समर्थकों की एक 'फौज' तैयार हो जाती है, जो कनाडा के ही नागरिक बना दिए जाते हैं। वे खालिस्तानी ही भारतीय दूतावासों और संस्थानों पर धावा बोल कर प्रदर्शन करते हैं, लेकिन कनाडा सरकार कोई कारगर कार्रवाई नहीं करती। दोनों देशों के बीच अब यह विवाद और तनाव कूटनीतिक रंग लेता जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा का नाम लिए बिना ही संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा है कि राजनीतिक सुविधा के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करना गलत है। सवाल यह है कि क्या कनाडा 'दूसरा पाकिस्तान' बन गया है? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ 'इंटरपोल' का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की जासूस एजेंसी आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों की पनाह के लिए, पाक-ईरान की पश्चिमी सीमा पर, सेना मुख्यालय में ही 'सेफ हाउस' बना रखा है।

## कुछ अलग

# सांप और सीढ़ी का खेल

**लोकतंत्र** के चार स्तम्भों की जानकारी हमें थी। पहला स्तम्भ प्रेस है, इसमें से गोदी मीडिया कौनसा है और तीखा सच बयान करने वाला कौनसा, इसकी पहचान आजकल कठिन होती जा रही है। गोदी मीडिया क्या वह होता है जिसे सरकार ने या धनपतियों ने गोद ले रखा हो। क्रांति या यथार्थ मीडिया वह, जिसकी जुबान सच बयान करते हुए तनिक भी न थरथराए। ऐसी दूर की कौड़ी तलाश कर लाए कि आदमी को किसी सनसनीखेज घटना से टकराने का एहसास हो जाए। लेकिन सुनने और पढने वालों की परेशानी यह है कि प्रैस और मीडिया के दोनों रूप एक-दूसरे को गोदी और अपने आप को यथार्थ कहते फूले नहीं समाते। कुछ भी अघटनीय घट जाए, लेकिन जो जिसके हाजमे में नहीं उतरता, वह उसके बारे में चुप लगा कर अभयदान की मुद्रा में आ जाता है और मीडिया का दूसरा रूप उसकी नकाबनोच सनसनी फैला देता है। मीडिया का एक रूप अगर बिका हुआ या कालाबाजारियों का पिट्ठू कहलाता है तो दूसरा देश द्रोह और धर्म, जाति तथा क्षेत्र विभाजन के आम फहम लांछनों को उछालने वाला। जांच चल रही है और जल्द ही झूठों की नकाबें नुच जाएंगी और खरे सोने सा सच सबके सामने चौंका देगा कि दावे हवा में उछलते रहते हैं। मजे की बात यह है कि ये दावे दोनों तरह के मीडिया की ओर से किए जाते हैं। पाठक बौराया कभी सनसनी भरे धूल धक्कड़ का सामना करता है, और कभी कीचड़ भरी दलदल में उतर जाता है। फिर शीर्षक की यह उखाड़-पछाड़ थक कर मौन हो जाती है। मीडिया के दोनों पक्ष किसी नए या अविष्कृत हैडिंग का कनकौआ लूटने के दौड़ भाग करने लगते हैं। धीरे-धीरे मौन पसरने लगता है। कल की जलती हुई खबरें बासी हो जाती हैं। खड़े जल में किसी ने पत्थर फेंक दिया था। कटी पतंग बीच राह लूट ली गई। पाठक और श्रोता जांच के थैले से बिल्ली के बाहर आने का इंतजार करते रहते हैं। इंतजार जब लम्बा हो जाए तो लगता है यहां चन्द नारे उछालने के कोलाहल के सिवाय कभी कुछ और तो होता ही नहीं। इसलिए क्यों न बड़े बूढ़ों की बात को बीती सदी सा शिरोधार्य कर लिया जाए कि बच्चन, एक चुप में ही तेरे हजार सुख छिपे हैं। यह मन्त्र सिद्ध वाक्य केवल लोकतंत्र के एक स्तम्भ के लिए ही सिद्ध सूत्र नहीं। स्तम्भ तो अभी तीन और हैं- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। पहले विधायकों की बात न ले बैठना। यहां तो चुप्पी तोड़ी तो सांप और सीढ़ी का खेल चलने लगता है। जो चुना जाए, वह चाहे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का बासी हो या सबसे पुराने लोकतंत्र का, एक जाना-पहचाना लेबुल तो उसके माथे पर लगना ही है कि भ्रष्ट तरीके से वोटों की खरीद-फरोख्त कर नेता जीते हैं। जीतने वाला आरोपित है, और हारने वाला छटपटाता है।

### डेढ़ महीने के अंदर लगातार चार मामले प्रकाश में आए हैं, लेकिन कोई खूनी वारदात नहीं हुई है

# रैगिंग से टेंशन में छात्र-अभिभावक

डा. एके यादव

**सुप्रीम** कोर्ट द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। डेढ़ महीने के अंदर लगातार चार मामले प्रकाश में आए हैं, लेकिन कोई खूनी वारदात नहीं हुई है। इसके बावजूद छात्रों और अभिभावकों में टेंशन का माहौल है। चारों मामले सरकारी क्षेत्र के तीन प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े हैं। इनमें से एक केंद्रीय शिक्षण संस्थान है, जहां इंजीनियरिंग के प्रतिष्ठित कोर्स में दाखिला के लिए देश भर के मेधावी छात्र आते हैं, जबकि अन्य दो संस्थान हिमाचल प्रदेश सरकार के नियंत्रण वाले दो मेडिकल कालेज हैं। इनमें से एक कालेज में तीन दिन के भीतर रैगिंग की दो वारदातें हुई हैं। सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर संदेश देने का प्रयास किया गया है कि रैगिंग अक्षम्य अपराध है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

पहला मामला आईआईटी, मंडी से जुड़ा है, जहां 11 अगस्त को प्रथम वर्ष के जूनियर्स के लिए 'फ्रेशर मिक्सर' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आरोप है कि इस कार्यक्रम में सीनियर्स ने अपने जूनियर्स की रैगिंग की। सभी को लम्बे टाइम तक एक कोने में खड़ा रहने के लिए विवश किया गया। जूनियर्स ने इसकी शिकायत एंटी रैगिंग सेल से की। इसके बाद, आईआईटी प्रशासन हरकत में आया और जांच-पड़ताल शुरू हुई तो सीनियर्स ने रैगिंग के आरोप को सीरे से नकार दिया। अपने बचाव में उन्होंने जांच दल के सामने कहा कि 11 अगस्त को जो कुछ हुआ, वह एक 'मजाक' था। 'फ्रेशर मिक्सर' के दौरान जूनियर्स के साथ ऐसा करने की परम्परा रही है। वहां वही सब कुछ हुआ, जो पहले से होता आ रहा है। सीनियर्स के इस जवाब से आईआईटी प्रशासन संतुष्ट नहीं हुआ और जूनियर्स की रैगिंग करने के आरोप में 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। छात्र संगठन के तीन पदाधिकारियों सहित दस आरोपियों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। सभी से छात्रावास खाली करा लिए गए हैं। इस घटना के ठीक एक महीने बाद अर्थात 12 सितंबर को मंडी जिले के नेरचौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में रैगिंग का दूसरा मामला प्रकाश में आया, जहां सीनियर्स ने अज्ञात नंबर से फोन कर जूनियर्स को छात्रावास की छत पर बुलाया और परिचय के बहाने रैगिंग की। बताया जाता है कि सीनियर्स ने अपने जूनियर्स को गाना गाते हुए परिचय देने का आदेश दिया। ऐसा करने से मना करने वालों के साथ दुव्र्यवहार किया गया। यह प्रकरण कालेज प्रशासन के पास पहुंचा था, जिस पर कोई कार्रवाई होती, उससे पहले तीसरा मामला सामने आ गया। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में ही 14 सितम्बर को देर रात दो सीनियर छात्राएं दीवार फांद कर जूनियर्स के छात्रावास में घुस गई तथा गैलरी में प्रथम वर्ष की छात्राओं की परिचय के नाम पर रैगिंग करने लगी। इस दौरान जूनियर्स से नृत्य कराया गया।

जूनियर्स ने इसकी शिकायत एंटी रैगिंग सेल से की। इसके बाद, आईआईटी प्रशासन हरकत में आया और जांच-पड़ताल शुरू हुई तो सीनियर्स ने रैगिंग के आरोप को सीरे से नकार दिया। अपने बचाव में उन्होंने जांच दल के सामने कहा कि 11 अगस्त को जो कुछ हुआ, वह एक 'मजाक' था। 'फ्रेशर मिक्सर' के दौरान जूनियर्स के साथ ऐसा करने की परम्परा रही है। वहां वही सब कुछ हुआ, जो पहले से होता आ रहा है। सीनियर्स के इस जवाब से आईआईटी प्रशासन संतुष्ट नहीं हुआ और जूनियर्स की रैगिंग करने के आरोप में 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। छात्र संगठन के तीन पदाधिकारियों सहित दस आरोपियों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। सभी से छात्रावास खाली करा लिए गए हैं।

गीत गाने के लिए विवश किया गया। इस घटना की जानकारी जूनियर्स ने अपने परिजनों को दी। 15 सितम्बर को देर शाम एक छात्रा के अभिभावक ने प्राचार्य को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। इसके बाद 16 सितम्बर को कालेज प्रशासन हरकत में आया। आनन-फानन में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई, जिसमें जूनियर्स, सीनियर्स के अलावा हॉस्टल वार्डन भी सम्मिलित थे। सात घंटे तक चली मैराथन बैठक में आरोपियों के बयान कलमबंद किए गए। इस दौरान छह सीनियर्स ने लिखित रूप से रैगिंग करने का जुर्म कबूल किया। एंटी रैगिंग कमेटी की सिफारिश पर कॉलेज प्रशासन ने सभी को छह महीने के लिए छात्रावास से तथा तीन महीने के लिए क्लास रूम से निष्कासित कर दिया है। सभी आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। चौथा मामला कांगड़ा जिले के टांडा स्थित डा. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज से जुड़ा है, जहां 17 सितम्बर को छात्रावास की रूटीन चेकिंग के दौरान जूनियर्स के कमरे से सीनियरों की फाइल्स और बुक्स मिली। पूछताछ के दौरान जूनियर्स ने स्वीकार किया कि सीनियर्स जबरन अपना काम कराते हैं। इसकी जानकारी मिलने पर कालेज प्रशासन ने आपात बैठक बुलाई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि सीनियर्स द्वारा जूनियर्स से जबरन काम कराना रैगिंग के अंतर्गत आता है, जो अक्षम्य श्रेणी का अपराध है। इसके बाद रैगिंग के आरोप में चिन्हित किए गए 12 सीनियर्स के परिजनों को बुलाया गया, जिनकी उपस्थिति में सभी को छह महीने के लिए छात्रावास और तीन महीने के लिए क्लास रूम से सस्पेंड करने की सजा सुनाई गई। सभी आरोपी छात्रों को 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड जमा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी मेडिकल कालेज में वर्ष 2009 में अमन काचरू नामक छात्र की रैगिंग के दौरान मौत हो गई थी।

इसके बाद रैगिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए देशभर में बवाल मच गया था। इस घटना का सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और रैगिंग की समस्या का समाधान तलाशने के लिए एक उप-समिति का गठन किया, जिसने अपनी रिपोर्ट में रैगिंग को शिक्षा व्यवस्था का सबसे बड़ा घाव बताया बताया और इलाज करने के लिए सख्त कानून बनाने की सिफारिश की। इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट ने रैगिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया। यूजीसी ने रैगिंग की शिकायत के लिए टोल फी नम्बर 1800-180-5522 और ई-मेल भी जारी किया। साथ ही अपनी वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई। रैगिंग की शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ सात दिनों के अंदर कार्रवाई न करने वाले शिक्षण संस्थानों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया। तब से पूरे देश में रैगिंग पर ब्रेक लग गई, लेकिन हिमाचल प्रदेश की तरह देश के अन्य राज्यों में भी रैगिंग के मामले इसी तरह बढ़ते रहे तो किसी अप्रिय घटना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

# शहरों की तरफ पलायन करता गांव

**आज़ादी** के अमृतकाल में सभी नागरिकों तक पीने का साफ़ पानी और शौचालय जैसी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर प्रयासरत हैं। देश के अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र जो बरसों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जी रहे थे, आज वहां के नागरिकों को सुविधाएं मिलने लगी हैं। इसका सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और रोज़गार पर पड़ा है। इन बुनियादी ज़रूरतों के पूरा होने से पलायन जैसे मुद्दों को हल करने में मदद मिली है। लेकिन इसके बावजूद आज भी देश के कई ऐसे दूर दराज़ के गांव हैं, जहां न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जहां शिक्षा और रोज़गार की कमी के कारण लोगों का पलायन जारी है। ऐसा ही एक पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का चोरसो गांव है। जहां कोई रोज़गार के लिए, तो कोई अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए परिवार समेत शहर की ओर पलायन करने पर मजबूर है। इस गांव की कुल जनसंख्या लगभग 3584 है। जबकि साक्षरता दर 75 प्रतिशत से अधिक है। गांव में उच्च और निम्न जातियों की संख्या लगभग बराबर है। लेकिन बुनियादी सुविधाओं की बात करें तो यहां इसका काफी अभाव है। न तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है और न ही स्थानीय स्तर पर रोज़गार का कोई विशेष साधन उपलब्ध है। रोज़गार की खातिर गांव के अधिकांश युवा शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। दिल्ली, मुंबई, गुजरात और पंजाब जैसे शहरों के होटलों, ढाबों और कंपनियों में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के तौर पर मामूली वेतन पर काम करने को मजबूर हैं। वहीं गांव के 35 प्रतिशत लोग बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए अपने परिवार के साथ मैदानी इलाकों की तरफ पलायन करने पर मजबूर हैं। इस संबंध में, 18 वर्षीय युवा सौरभ का कहना है कि 'मैं 12वीं के बाद ही शहर चला गया, क्योंकि मुझे अपने परिवार का खर्चा उठाना था। गांव में रहकर क्या करता? यहां न तो अच्छी शिक्षा है और ना ही रोज़गार का कोई साधन। जिससे मैं गांव में ही रहकर अपने घर का खर्चा उठा सकूं।' सौरभ के अनुसार गांव के अधिकांश युवा शहरों का रुख करते हैं। जिससे कि उन्हें रोज़गार मिल सके और वह अपने परिवार की ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकें। वहीं 21 साल के दिनेश कहते हैं कि 'अगर हमारे गांव में सभी सुविधाएं होती तो आज हम अपने गांव में ही खुद का रोजगार करते, न कि हमें अपने गांव से अनजान शहर में रहना पड़ता। गांव में ही पढ़-लिखकर यदि रोज़गार की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो कोई भी अपने परिवार को छोड़कर शहर जाने को मजबूर नहीं होता। परंतु हमारे लिए यह मजबूरी है कि गांव में रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। रोज़गार की खातिर युवा शहरों का रुख करने पर मजबूर हैं।' दिनेश के अनुसार आज चोरसो गांव लगभग युवा विहीन होता जा रहा है। चोरसो की तरह आसपास के कई गांवों के युवा भी इसी राह पर निकल पड़े हैं। जो काफी चिंता का विषय है। वहीं गांव की एक 18 वर्षीय किशोरी काजल का कहना है कि एक तरफ युवा जहां रोज़गार के लिए गांव से पलायन कर रहे हैं, वहीं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भी कई लोग परिवार के साथ गांव से पलायन करने को मजबूर हैं। यदि गांव में ही अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होती तो पलायन के इस स्वरुप पर रोक लगता।' वह कहती है कि जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं, वह अपने बच्चों को शहर ले जाकर प्राइवेट स्कूल में पढ़ा रहे हैं। लेकिन गांव के अधिकांश परिवार जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उनके बच्चे गांव के ही स्कूल में पढ़ने को मजबूर हैं। जहां निजी विद्यालयों की अपेक्षा शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा नहीं है। कई स्कूलों में वर्षों से शिक्षकों के पद खाली हैं। जिन्हें आज तक शिक्षा विभाग भर नहीं पाया है। एक शिक्षक पर न केवल कई विषयों को पढ़ाने की ज़िम्मेदारी होती है बल्कि कार्यालय का काम और स्कूल में अनुशासन को बनाये रखने का बोझ भी उठाना पड़ता है। जिसका सीधा प्रभाव उनकी शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ता है। यदि शिक्षा विभाग इस तरफ गंभीरता से ध्यान दे तो न केवल शिक्षा का स्तर सुधरेगा बल्कि पलायन पर भी रोक लगेगी। पलायन का दर्द सबसे अधिक माता पिता को उठाना पड़ता है। गांव की एक बुजुर्ग ममता देवी अपना दर्द बयां करते हुए कहती हैं कि 'बच्चों का यह सोचकर लालन पालन किया कि वह बुढ़ापे का सहारा बनेंगे, लेकिन बच्चे रोज़गार की खातिर शहर चले गए और वहीं बस गए हैं। अब तो कभी कभी गांव आते हैं और जल्दी लौट जाते हैं। इस बुढ़ापे में हमें अकेले ज़िंदगी गुज़ारनी पड़ रही है।' हालांकि 46 वर्षीय रमेश राम पलायन को गैर ज़रूरी मानते हैं। उनका कहना है कि गांव में खेती के साथ साथ कई ऐसे माध्यम हैं जिससे रोज़गार सृजन किया जा सकता है। दरअसल युवाओं में शहरों की चकाचौंध का नशा है। उन्हें लगता है कि बड़े शहरों में ज़्यादा पैसा कमाया जा सकता है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। वहां उनका कोई बेहतर भविष्य नहीं है। जबकि गांव में ही रहकर आसानी से रोज़गार के साधन उपलब्ध हो सकते हैं। समाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रेंडी का कहना है कि गांव में बढ़ती बेरोजगारी पलायन की सबसे बड़ी वजह बन चुका है। लोग विशेषकर युवा उज्जवल भविष्य और अधिक पैसा कमाने की लालच में गांव से शहर की तरफ कूच कर रहे हैं। यह एक सिलसिला बन चुका है। लोगों को लगता है कि गांव में कोई भविष्य नहीं है। जबकि गांव के संसाधनों का सही इस्तेमाल किया जाए तो रोज़गार की असीम संभावनाएं निकल सकती हैं। इसमें सबसे बड़ा पर्यटन और जैविक फल फूल का उत्पादन शामिल है।

Help Wanted
UNEMPLOYMENT

देश के अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र जो बरसों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जी रहे थे, आज वहां के नागरिकों को सुविधाएं मिलने लगी हैं। इसका सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और रोज़गार पर पड़ा है। इन बुनियादी ज़रूरतों के पूरा होने से पलायन जैसे मुद्दों को हल करने में मदद मिली है। लेकिन इसके बावजूद आज भी देश के कई ऐसे दूर दराज़ के गांव हैं, जहां न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जहां शिक्षा और रोज़गार की कमी के कारण लोगों का पलायन जारी है। ऐसा ही एक पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का चोरसो गांव है। जहां कोई रोज़गार के लिए, तो कोई अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए परिवार समेत शहर की ओर पलायन करने पर मजबूर है। इस गांव की कुल जनसंख्या लगभग 3584 है। जबकि साक्षरता दर 75 प्रतिशत से अधिक है। गांव में उच्च और निम्न जातियों की संख्या लगभग बराबर है।

## देश दुनीया से

# अहम ब्रह्मास्मि

**ब्रह्मांड** के इस महासमुद्र में हम मानो सिर्फ एक कतरा हैं, एक बूंद भर हैं, पर इस बूंद में भी पूरा समुद्र समाया हुआ है। यह बूंद, यह कतरा, समुद्र का ही पानी है, इस बूंद में वो हर गुण है जो समुद्र में है, यह बूंद भी इस रूप में पूरा एक समुद्र है। बूंद-बूंद से समुद्र है और हर बूंद में खुद एक समूचा समुद्र है। यही इस बूंद की खासियत है, यही इस बूंद की महत्ता है। विज्ञान कहता है कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से बनी है। इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन मिलकर ऐटम, यानी परमाणु बनाते हैं। ये ऐटम रासायनिक क्रियाओं के माध्यम से जब विभिन्न मात्राओं में आपस में जुडक़र अणु, यानी मालिक्यूल बन जाते हैं तो अलग-अलग वस्तुओं का निर्माण संभव हो जाता है। इसे फिर से दोहराना आवश्यक है कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बनी है। हर जीवित और मृत चीज इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बनी है। हम, हमारा भोजन, हमारा घर, हमारा फर्नीचर, यानी हर चीज इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बने हैं। प्रकृति की इस कारीगिरी को जरा गहराई से देखें तो प्रकृति के रहस्य उजागर होने शुरू हो जाते हैं। मेरा शरीर, मेरे शरीर का हर तंतु, हर नाड़ी, खून, मज्जा, हड्डी आदि सबके सब इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के मेल से ही बने हैं। मैं ही नहीं, हम सबके शरीर भी इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के मेल से बने हैं। मैं और आप इसी ब्रह्मांड का हिस्सा हैं। यह ब्रह्मांड हमसे और अन्य जीव-जंतुओं तथा वस्तुओं से बना है। यह हवा, ये बादल, यह आकाश, ये जीव-जंतु, ये वस्तुएं, सभी के सभी इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के मेल से ही बने हैं। हमारी शक्लें अलग हैं, रंग और रूप अलग हैं, ऊंचाई, मोटाई, गोलाई अलग है, पर हम सब का मूल एक ही है। प्रकृति की यही सबसे बड़ी कारीगिरी है। इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन की न कोई जाति है, न धर्म और न रंग। लगभग हर धर्म कहता है कि परमात्मा निराकार है, परमात्मा का कोई आकार नहीं है, लेकिन वह किसी भी आकार में प्रकट हो सकता है, प्रकट हो ही रहा है। अगर हम सब एक ही किस्म के इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के मेल से बने होने के बावजूद अलग-अलग रंग, रूप, शक्ल, आकार और लिंग वाले हैं, और हम सब में उसी परमात्मा की चेतना है तो हम परमात्मा ही हैं, और परमात्मा हम सब में है तो परमात्मा कितने अलग-अलग रूपों, रंगों और आकार में मौजूद है, यह हम सबके सामने प्रत्यक्ष है, इसे और किसी प्रमाण की आवश्यकता ही नहीं है। पूरी मनुष्य जाति ही नहीं, बल्कि पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और बाकी हर चीज भी इन्हीं इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बने हैं तो कोई किसी से अलग नहीं है, हम सब उसी परमात्मा का रूप हैं। अगर हम इतनी सी बात समझ लें तो सारी लड़ाई खत्म हो जाती है, झगड़े खत्म हो जाते हैं, प्रतियोगिता खत्म हो जाती है, नफरत खत्म हो जाती है और हम प्रेममय हो जाते हैं। जब हम सब एक हैं तो किससे लड़ें, किससे नफरत करें और क्यों लड़ें या नफरत करें? साधु-संत, ऋषि-मुनि इसीलिए कहते आए हैं कि हम सब प्रेममय ही हैं, प्रेम ही हमारा असली स्वरूप है, क्योंकि हम किसी से अलग हैं ही नहीं। एक मेज पर छह जार पड़े हैं, अलग-अलग आकार के हैं और अलग-अलग स्वरूप के हैं, पर उन सब में वही हवा मौजूद है जो पूरे वातावरण में है। हवा जार के अंदर हो या जार के बाहर, वह वही हवा है। जार का रंग कुछ भी हो, जार का आकार कुछ भी हो, जार के अंदर और बाहर जो हवा है, उसमें कहीं कोई अंतर नहीं है। ब्रह्मांड का यही रहस्य ऐसा रहस्य है जो असल में रहस्य नहीं है, हम इसे जानते हैं, हम इसे मानते हैं, फिर भी इस एक सच से अनजान भी हैं। यही हमारी दुर्गति का कारण है।

विज्ञान कहता है कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से बनी है। इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन मिलकर ऐटम, यानी परमाणु बनाते हैं। ये ऐटम रासायनिक क्रियाओं के माध्यम से जब विभिन्न मात्राओं में आपस में जुडक़र अणु, यानी मालिक्यूल बन जाते हैं तो अलग-अलग वस्तुओं का निर्माण संभव हो जाता है। इसे फिर से दोहराना आवश्यक है कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बनी है। हर जीवित और मृत चीज इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बनी है। हम, हमारा भोजन, हमारा घर, हमारा फर्नीचर, यानी हर चीज इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बने हैं। प्रकृति की इस कारीगिरी को जरा गहराई से देखें तो प्रकृति के रहस्य उजागर होने शुरू हो जाते हैं।

## दृष्टिकोण

# सोशल मीडिया के दुश्चक्र में आधी आबादी, दुर्भाग्य से विस्तार पा रहा है बर्बरता का दायरा

**समाज** है, तो सोशल मीडिया का होना बहुत स्वाभाविक है। समाज में रहने वाला आदमी चाहे-अनचाहे वर्चुअल दुनिया के जाल में फंसता चला जाता है। समाज की जो सोच है, वही सोच वहां भी है। इसलिए स्त्रियां घर और घर से बाहर जिस तरह प्रताड़ित और लांछित होती है, उसी तरह सोशल मीडिया पर भी अपमानित होती हैं। पर ज्यादातर पुरुषों का नारी विरोध और नारी विद्वेष सोशल मीडिया पर साफ दिखता है। स्त्रियों से मुखातिब होते ही वे उन पर गाली-गलौज और घृणा की बौछार कर देते हैं। ऐसे पुरुषों को यह बखूबी मालूम होता है कि कितना अपमान महिलाओं को मानसिक यातना की हद तक ले जाता है। यह हमारे जीवन का कटु सत्य है। हमें रोज ही इससे गुजरना पड़ता है। सच तो यह है कि सोशल मीडिया में, खासकर फेसबुक और ट्विटर (अब एक्स) पर बेहद गलीज भाषा में मुझ पर हमला बोला जाता है। बीती सदी के आठवें-नवें दशक में मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों के अलावा सड़कों पर, दुकान-बाजारों में मुझे निशाना बनाया जाता था। लेकिन यह भी सच है कि तब ज्यादातर निंदक, ईर्ष्यालु और नारी विद्वेषी मुझे छू भी नहीं पाते थे। जबकि अब सोशल मीडिया पर वैसे लोग बेहद सहजता से मुझ पर हमला बोलने में सक्षम हैं, क्योंकि अब मैं उनसे महज एक क्लिक दूर हूं। लिहाजा वे अपनी सारी घृणा, सारी हिंसा, निष्ठुरता और बर्बरता मुझ पर उगल देते हैं। एक्स पर इन गालीबाज नारी विद्वेषियों की टाइम लाइन पर जाने से पता चलता है कि इन सभी लोगों की समाज में भद्र पुरुष की छवि है। ये सभी पारिवारिक व्यक्ति हैं, जिनके घर में मां भी है, पत्नी भी और बेटियां भी। इनमें से ज्यादातर लोग अच्छी नौकरियों में हैं या व्यवसाय करते हैं। धर्म में इन लोगों की जितनी प्रबल आस्था है, उतनी ही आस्था पुरुष वर्चस्ववादी समाज में भी है। इतना ही नहीं, इन तमाम लोगों ने समाज की रीति-नीतियों से अद्भुत सामंजस्य भी बनाकर रखा है। मुझे प्रायः अभद्र भाषा में गाली-गलौज करने के लिए इन्हें समाज में असुविधाजनक सवालों का सामना तो नहीं ही करना पड़ता, उल्टे इनके नारी-विद्वेष को तार्किक और युक्तियुक्त बताया जाता है! मेरी बात अलग है। मैं किशोरी अवस्था से ही नारी विद्वेषी पुरुषों की अश्लीलता की आग में जलकर अंगार बन चुकी हूं, लेकिन समाज की अन्य नारियां तो मेरी तरह नहीं हैं। उनके लिए लगातार सोशल मीडिया पर अश्लीलता के हमले सहन करना सहज नहीं है। अनेक महिलाएं रोजाना की इस अश्लीलता से उबकर सोशल मीडिया छोड़ देती हैं। जो ज्यादा संवेदनशील होती हैं, वे दुनिया भी छोड़ देती हों, तो क्या आश्चर्य! मेरे फेसबुक के इनबॉक्स पर कथित भद्रपुरुषों के लगातार अभद्र और अश्लील संदेश आते रहते हैं। ये लोग मुझे अश्लील तस्वीरें भेजते हैं, साथ में बताते हैं कि मेरे साथ कैसा सुलूक करेंगे।

# मणिपुर हिंसा पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया की खबरों का कोई आधार नहीं, भारतीय कार्यकर्ता ने यूएनएचआरसी को बताया

**जिनेवा ।** मिजोरम की एक ईसाई सामाजिक कार्यकर्ता एलिनेरी लियानहलवांग ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) को बताया कि मणिपुर हिंसा पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा फैलाई जा रही बातों का कोई आधार नहीं है और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में समृद्ध जातीय विविधता है।

जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 54वें सत्र में एक आम बहस के दौरान एलिनेरी ने कहा, भारत के पूर्वोत्तर की एक स्वदेशी महिला होने के नाते मुझे मणिपुर संघर्ष और क्षेत्र में शांति और सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए भारत सरकार के दृढ़ संकल्प पर प्रकाश डालने का सौभाग्य मिला है।

एलिनेरी ने कहा, 28 लाख की आबादी वाला मणिपुर 35 से अधिक समुदायों का घर है, उनमें से अधिकांश को तीन मुख्य जातीय समूहों में वर्गीकृत किया जा सकता है- मेतई, नागा और कुकी। भौगोलिक रूप से राज्य को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है- इंफाल घाटी और पहाड़ी क्षेत्र। घाटी में 11 फीसदी से कुछ अधिक क्षेत्र है, लेकिन कुल आबादी का 57 फीसदी हिस्सा है, जिसमें मुख्य रूप से मैतई लोग हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में नगा और कुकी जनजातियों का प्रभुत्व है और वे राज्य की आबादी का 43 फीसदी हिस्सा हैं।

कार्यकर्ता ने कहा कि वर्तमान संघर्ष को जटिल जातीय संबंधों के चश्मे से देखने की जरूरत है। इस संघर्ष का एक मुख्य कारण भूमि अधिकार, नियंत्रण और दो समुदायों के बीच भूमि के स्वामित्व को लेकर है। इसलिए, जैसा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कहा जा रहा है कि मणिपुर संघर्ष धार्मिक प्रकृति का है, इसका कोई आधार नहीं है।

उन्होंने कहा, वास्तविकता यह है कि संघर्ष को बहुसंख्यक मैतई और अल्पसंख्यक ईसाई कुकी के बीच एक धार्मिक संघर्ष के रूप में वर्णित नहीं किया जा सकता है क्योंकि नगा, जो मुख्य रूप से ईसाई हैं, संघर्ष में भागीदार नहीं हैं। मैतई, आबादी के हिस्से का जिक्र न करने के लिए ईसाई धर्म का भी अभ्यास करता है।

एलिनेरी ने संयुक्त राष्ट्र से कहा, शुक्र है कि भारत की केंद्र सरकार ने दोनों समुदायों के मुद्दों पर बातचीत को जारी रखी हुई है। उसने सभी समूहों से संबंधित समुदाय के नेताओं की शांति समिति और राहत पैकेजों के साथ संघर्ष को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने की कोशिश की है और पूरे राज्य में डेरा डाला है।

बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 54वें सत्र के दौरान पाकिस्तान पर मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय का उत्पीड़न कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पश्चिम एशियाई देशों की जेलों में बंद हैं 90 प्रतिशत पाकिस्तानी भिखारी; मक्का की मस्जिद से पाक के कई जेब कतरे पकड़ाए

**सऊदी अरब/मक्का।** आंतकवाद और गधों के निर्यात के लिए पाकिस्तान अक्सर सुर्खियों में रहा है। हाल ही में एक और कारनामा पाकिस्तान के नाम हो चला है। भिक्षावृत्ति के मामले में पाकिस्तान से पश्चिम एशियाई देश भी परेशान है। हाल में मिली जानकारी के मुताबिक पता चला है कि पश्चिम एशियाई देशों में भिक्षावृत्ति के लिए बड़ी संख्या में लोगों को जेल में बंद किया गया है। हैरत की बात है कि भिक्षावृत्ति के लिए जेल में बंद 90 फीसदी लोग पाकिस्तान से हैं। इन हालातों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान की अंदरूनी स्थिति कैसी होगी। सऊदी अरब और इराक जैसे देशों ने पाकिस्तान सरकार से भिक्षावृत्ति के प्रवाह को रोकने का अनुरोध भी किया है। प्रवासी पाकिस्तानियों के सचिव जीशान खानजादा ने हाल में एक स्थायी समिति को यह जानकारी दी थी। इतना ही नहीं, मक्का की ग्रैंड मस्जिद के भीतर से गिरफ्तार किए गए ज्यादातर जेबकतरे पाकिस्तान से ही हैं। पाकिस्तान के न्यूज के अनुसार, इराक और सऊदी अरब के राजदूतों ने बताया है कि पाकिस्तानी भिखारी उमरा वीजा पर जियारत (तीर्थयात्रा) की आड़ में विदेश यात्रा करते हैं और बाद में सड़कों पर भीख मांगते हैं। उन्होंने कहा, ये व्यक्ति वीजा प्राप्त करते हैं और फिर दूसरे देशों में भीख मांगने का सहारा लेते हैं। पाकिस्तान से मध्य पूर्व की उड़ानें अक्सर पूरी तरह से भिखारियों से भरी होती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि संयुक्त अरब अमीरात में 16 लाख और कतर में दो लाख पाकिस्तानी मौजूद हैं। इराकी और सऊदी अरब के राजनयिकों ने दावा किया है कि उनके कारागार पाकिस्तानी भिखारियों से भरी हुई हैं, उन्होंने कहा कि यह मामला वैश्विक मंच पर पाकिस्तान को शर्मसार कर रहा है।

### यूएस :28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में भारतीय नागरिक दोषी करार, स्वास्थ्य की देखभाल में की धांधली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन में एक भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी का दोषी ठहराया गया है। भारतीय नागरिक पर आरोप है कि उसने स्वास्थ्य देखभाल में धांधली की और धांधली से मिले पैसों को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के जरिए भारत स्थित अपने विभिन्न बैंक खातों में भेज दिया। कोर्ट दस्तावेजों के अनुसार, योगेश पंचोली (43 वर्षीय) अमेरिका के मिशिगन राज्य में श्रिंग होम केयर इंक नाम से एक स्वास्थ्य कंपनी का संचालन करता था, जिसका मालिकाना हक भी योगेश पंचोली के पास ही है। योगेश पर आरोप है कि बिलिंग मेडिकेयर से बाहर होने के बावजूद उसने फर्जी नामों, हस्ताक्षरों और पहचान छिपाकर दो महीने तक अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर करीब 28 लाख डॉलर का मेडिकेयर से भुगतान प्राप्त किया, जबकि इन बिलों के एवज में सेवाएं कभी भी नहीं दी गईं। इसके बाद पंचोली ने इस फंड को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए अपने भारत स्थित विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया। योगेश पंचोली पर ये भी आरोप है कि उसने अपने खिलाफ मुकदमा शुरू होने से एक दिन पहले विभिन्न संघीय जांच एजेंसियों को फर्जी ईमेल भी भेजे, जिनमें लिखा गया कि सरकारी गवाह ने कई अपराध किए हैं तो उसे अमेरिका में रहने की इजाजत नहीं है। योगेश ने गवाही ना होने के लिए यह चाल चली। हालांकि जांच में वह पकड़ा गया। मिशिगन के पूर्वी जिले की फेडरल ज्यूरी ने योगेश पंचोली को धोखाधड़ी करने और साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया है।

### दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज नेता अजीज पहाड़ का निधन, रंगभेद के खिलाफ संघर्ष में निभाई थी अहम भूमिका

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज राजनेता और स्वतंत्रता सेनानी अजीज पहाड़ का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बुधवार को जोहानिसबर्ग में अंतिम सांस ली। परिवार ने एक बयान में कहा कि हम भारी मन से यह घोषणा कर रहे हैं कि अजीज गुलाम हुसैन पहाड़ का 27 सितंबर, 2023 की शाम को 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बयान में कहा गया है कि अजीज एक देशभक्त, स्वतंत्रता सेनानी के साथ जीवन भर लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहे। साथ ही वह एक शानदार राजनयिक और रणनीतिकार थे, जिन्होंने 1994 से 2008 तक संसद सदस्य और विदेश मामलों के उप-मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। तीन महीने पहले ही अजीज पहाड़ के बड़े भाई और उनके साथी कार्यकर्ता रहे एस्सोप गुलाम पहाड़ का निधन हुआ था। पहाड़ बंधु छोटी उम्र में ही दक्षिण अफ्रीका में ट्रांसवाल इंडियन कांग्रेस के सदस्य के रूप में रंगभेद के खिलाफ आंदोलन में शामिल हो गए थे। बाद में दोनों को निर्वासित जीवन जीना पड़ा था, लेकिन उन्होंने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) में अग्रणी भूमिका निभाई और नेल्सन मंडेला को रिहा कराने के लिए एएनसी के संघर्ष में शामिल रहे। एफडब्ल्यू डी क्लार्क के नेतृत्व वाली सरकार ने जब 27 वर्षों तक राजनीतिक कैदी रहे मंडेला को रिहा करने का निर्णय लिया। इसके बाद वे दक्षिण अफ्रीका लौट आए।

### रिपब्लिकन पार्टी की डिबेट का ट्रंप के सहयोगी ने उड़ाया मजाक, बोले-

# इन मजाकिया और पकाऊ बहसों पर रोक लगनी चाहिए

**वॉशिंगटन ।** राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की दूसरी डिबेट कैलिफोर्निया के सिमी वैली म्यूजियम और लाइब्रेरी में हुई। खास बात ये है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस डिबेट से भी गायब हैं। ट्रंप के एक सलाहकार ने तो इन डिबेट पर ही सवाल खड़े किए हैं और इसका मजाक उड़ाया है। ट्रंप के सलाहकार क्रिस लाविटा ने कहा है कि 27 सितंबर की डिबेट एक मजाक है और यह उम्मीदवारों का एक इंटरव्यू जैसा है।

### डिबेट को बताया पकाऊ और महत्वहीन

क्रिस लाविटा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आज की रिपब्लिकन पार्टी की डिबेट भी पहली डिबेट की तरह बहुत पकाऊ और महत्वहीन थी। डिबेट के दौरान कुछ भी अहम नहीं कहा गया। पार्टी की उम्मीदवारी में डोनाल्ड ट्रंप का दबदबा है और इस डिबेट से उसमें कुछ बदलाव नहीं आएगा। अब आगे की डिबेट पर तुरंत रोक लगनी चाहिए ताकि हम जो बाइडन के खिलाफ तैयारी कर सकें और जो धन और समय इन डिबेट्स में लग रहा है, उसका इस्तेमाल जो बाइडन को हराने के लिए कर सकें।

### श्रमिकों को लुभाने की कोशिश में ट्रंप

बता दें कि जहां एक तरफ रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार जनसमर्थन पाने के लिए डिबेट कर रहे थे, तो वहीं ट्रंप मिशिगन में एक ऑटो पार्ट्स उत्पादन प्लांट के वर्कर्स को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि ऑटो विनिर्माण क्षेत्र के वर्कर्स इन दिनों जो बाइडन सरकार से नाराज हैं और ट्रंप इस श्रमिक वर्ग को अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

बता दें कि जहां एक तरफ रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार जनसमर्थन पाने के लिए डिबेट कर रहे थे, तो वहीं ट्रंप मिशिगन में एक ऑटो पार्ट्स उत्पादन प्लांट के वर्कर्स को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि ऑटो विनिर्माण क्षेत्र के वर्कर्स इन दिनों जो बाइडन सरकार से नाराज हैं और ट्रंप इस श्रमिक वर्ग को अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

### डिबेट में उम्मीदवारों के निशाने पर रहे ट्रंप

वहीं कैलिफोर्निया में डिबेट के दौरान निक्की हेली और रोन देसांतिस ने ट्रंप पर तीखा हमला बोला। देसांतिस ने ट्रंप के डिबेट में हिस्सा नहीं लेने की आलोचना की। देसांतिस ने ट्रंप के राष्ट्रपति रहते हुए उनकी आर्थिक नीतियों की आलोचना की। वहीं निक्की हेली ने चीन नीति को लेकर ट्रंप को निशाने पर लिया। निक्की हेली ने कहा कि वह चीन से व्यापार पर फोकस करते हैं लेकिन वह इस बात पर फोकस नहीं करते कि चीन के लोग हमारी जमीन खरीद रहे हैं और वह अमेरिकी लोगों को मार रहे हैं। ट्रंप इस बात पर फोकस नहीं करते कि चीन ने क्यूबा में जासूसी के लिए खुफिया बेस बना लिया है।

पहली डिबेट के दौरान विवेक रामास्वामी के नाम की खूब चर्चा हुई और उनकी लोकप्रियता में भी बढ़ोतरी हुई। दूसरी डिबेट में निक्की हेली और अन्य उम्मीदवारों ने विवेक रामास्वामी पर भी तीखा हमला बोला। लगातार दूसरी डिबेट से गायब रहे डोनाल्ड ट्रंप अभी भी दूसरे उम्मीदवारों की तुलना में सबसे आगे हैं।

### यूक्रेन को मदद देने के खिलाफ विवेक रामास्वामी, डिबेट के दौरान निशाने पर आए

**वॉशिंगटन।** विवेक रामास्वामी उस वक्त आलोचकों के निशाने पर आ गए, जब उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी की डिबेट के दौरान कहा कि वह यूक्रेन को आर्थिक मदद देने के खिलाफ हैं और वह रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन का समर्थन नहीं करेंगे। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप का भी यूक्रेन युद्ध को लेकर यही रुख है। हालांकि अपने इस स्टैंड को लेकर विवेक रामास्वामी राष्ट्रपति पद की डिबेट के दौरान अन्य उम्मीदवारों के निशाने पर आ गए। कैलिफोर्निया के सिमी वैली स्थित रीगन लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की डिबेट का आयोजन किया गया। इस दौरान विवेक रामास्वामी ने यूक्रेन युद्ध में रूस के खिलाफ अमेरिका की मदद का विरोध किया। इसे लेकर रामास्वामी अलग-थलग पड़ गए और अन्य उम्मीदवारों ने इस मुद्दे पर रामास्वामी के खिलाफ हमला बोल दिया। डिबेट के दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, निक्की हेली और न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी ने रामास्वामी की तीखी आलोचना की। डिबेट के दौरान रामास्वामी ने अपने तर्क का बचाव करते हुए कहा कि चीन असली दुश्मन है और हम यूक्रेन युद्ध में समर्थन देकर रूस को चीन के पाले में धकेल रहे हैं। हमें इस संकट के समाधान के लिए कोई बेहतर योजना बनानी चाहिए। वहीं रामास्वामी पर हमला बोलते हुए माइक पेंस ने कहा कि अगर पुतिन को यूक्रेन पर कब्जा करने दिया जाता है तो यह एक तरह से चीन के लिए हरी झंडी होगी कि वह ताइवान पर हमले कर दे। वहीं अन्य उम्मीदवार क्रिस क्रिस्टी ने कहा कि यूक्रेन में लड़ने के लिए चीन, रूस की मदद कर रहा है। ईरान, रूस को हथियार उपलब्ध करा रहा है और उत्तर कोरिया भी ऐसा कर रहा है। हमें चीन-रूस गठबंधन के खिलाफ लड़ना होगा और हम व्लादिमीर पुतिन से गले मिलकर ऐसा नहीं कर सकते। अगर हम पुतिन को यूक्रेन लेने देंगे तो अगला नंबर फिर पोलैंड का होगा।

### खालिस्तानी आतंकी निज्जर हत्या मामला

# पीएम ट्रूडो पर भड़के भारतीय-कनाडाई व्यवसायी, भारत पर लगाए गए आरोपों को बताया गैर-जिम्मेदराना

**ओटावा।** कनाडा में रह रहे भारतीय प्रवासियों ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाए आरोपों की निंदा की है। उन्होंने इसे गैर-जिम्मेदराना करार देते हुए कहा कि हिंदू-सिख समुदाय प्रभावित न हो इसलिए दोबारा बयान दे सकते थे। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के बाद भारत-कनाडा के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इस पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान को भारतीय-कनाडाई व्यवसायी रवि श्मा ने गैर-जिम्मेदराना करार दिया। उन्होंने कहा, कनाडाई संसद में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा की गई घोषणा कुछ ऐसी थी जिसे आसानी से नजरअंदाज की जा सकती थी।

खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या पर भारत पर लगाए गए आरोपो का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, जब यह घोषणा की गई, तब कनाडा में रहने वाले हिंदू समुदाय सतर्क था। इस घोषणा ने तत्काल प्रभाव पैदा कर दिया, जिससे लोगों को लगा कि वे संकट में हैं। वह डर गए थे, क्योंकि जो घोषणा संसद में गई उससे यही लग रहा था कि भारत सरकार ने निज्जर की हत्या करवाई थी, जो सच नहीं था। सच कुछ और है। कनाडा में हिंदु और सिख शांति से रहते हैं और प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा जारी बयान में जो कहा गया वह बहुत गैर-जिम्मेदराना था।

उन्होंने आगे कहा कि कोई भी समुदाय प्रभावित न हो इसके लिए ट्रूडो इसे दोबारा बदल सकते थे और यही बात मैं अपने हिंदू और सिख दोस्तों से सुना। उम्मीद है कि समुदाय साथ मिलकर अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। अब उनके बयान से समुदाय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। भारतीय कनाडाई व्यवसायी ने कनाडा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्हें सबूत दिखाने की मांग की है।

### चुनिंदा लोग खालिस्तान की मांग कर रहे

**वॉशिंगटन ।** भारतीय मूल के अमेरिकी दिग्गज उद्योगपति संत सिंह चटवाल ने कहा है कि 99 प्रतिशत सिख भारत से प्यार करते हैं और बहुत ही कम तादाद है उन लोगों की जो खालिस्तान का समर्थन करते हैं। संत सिंह चटवाल ने पीएम मोदी की भी जमकर तारीफ की और कहा कि पीएम मोदी ने सिख समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है। भारत-कनाडा के बीच जारी विवाद में खालिस्तान का मुद्दा लगातार चर्चा में बना हुआ है, ऐसे में संत सिंह चटवाल का यह बयान बेहद अहम है।

# नासा ने लाया गहरे अंतरिक्ष से एस्टेरॉयड का नमूना 250 ग्राम पत्थर से खुलेंगे सौरमंडल के रहस्य

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने गहरे अंतरिक्ष से एक एस्टेरॉयड का नमूना वापस धरती पर लाया है। यह सौर मंडल के सबसे खतरनाक उल्कापिंडों में से एक बेन्नू का सैंपल है। अमेरिका के लिए यह बेहद ऐतिहासिक रहा। पहली बार इस तरह का कोई मिशन सुरक्षित रूप से उतरा है। ओसीरीस रेक्स स्पेसक्राफ्ट ने 2020 में इस सैंपल को भरा था। नासा इस वस्तु को लेकर और भी अधिक जानना चाहता है। आंकड़ों के मुताबिक अगले 300 वर्षों में यह हमारे ग्रह से टकरा सकता है। हालांकि इसके सैंपल की स्टडी का यह इकलौता कारण नहीं है। इसका एक बड़ा कारण 4.6 अरब साल पहले हमारे सौर मंडल की शुरुआत से जुड़ी जानकारी को समझना है।

नासा के ओसीरीस रेक्स मिशन की टीम ने जब रेगिस्तान में इस कैप्सूल को देखा तो उनमें खुशी छा गई। जहां यह कैप्सूल उतरा है वह जमीन रक्षा विभाग की है, जिस पर लैंडिंग की पुष्टि स्थानीय समयानुसार 10.52 बजे हुआ। निर्धारित समय से यह तीन मिनट पहले उतरा। इस कैप्सूल का आकार एक कार के टायर के आकार का है। 12 किमी प्रति सेकंड की स्पीड से यह वायुमंडल में आया। एक हीटशील्ड और पैराशूट के जरिए इसके उतरने की स्पीड धीमी हो गई। एयरोस्पेस कंपनी लॉकहीड मार्टिन के चीफ इंजीनियर टिम प्रिजर ने कहा कि इस छोटे कैप्सूल ने काम को पूरा किया। यह किसी पंख की तरह धरती पर गिरा।

इस मिशन से जुड़े दांते लॉरेट ने कहा, मैं हेलीकॉप्टर में था, जब मैंने सुरा की पैराशूट खुल गया है और हम सॉफ्ट लैंडिंग करने वाले हैं, तो मैं उस समय किसी बच्चे की तरह रो रहा था। कैप्सूल के जरिए 250 ग्राम उल्कापिंड के सैंपल को लाया गया है। यह सैंपल सुनने में ज्यादा नहीं लगता। लेकिन नासा की टीमें जिस तरह का टेस्ट करना चाहती हैं, उसके लिए यह पर्याप्त से ज्यादा है।

नासा के जॉनसन स्पेस फ्लाइट सेंटर के मुख्य वैज्ञानिक एलीन स्टैनबेरी ने कहा, हम बहुत हाई रिजॉल्यूशन पर बहुत छोटे कणों का विश्लेषण कर सकते हैं। नासा ने इससे जुड़ी तस्वीरें जारी की हैं।

# परमाणु हथियारों के विकास के लिए उत्तर कोरिया ने बनाया कानून, अमेरिका की बढ़ सकती है परेशानी

**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरिया ने एक अहम बदलाव के तहत परमाणु हथियारों के तेज विकास की नीति को अब अपने संविधान में शामिल कर लिया है। अब कानून बनने के बाद उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों के विकास में तेजी आ सकती है। उत्तर कोरिया का यह कदम ऐसे समय आया है जब अमेरिका द्वारा उत्तर कोरिया से अपील की जा रही है कि वह बातचीत की मेज पर लौटे। इस बातचीत के जरिए उत्तर कोरिया को परमाणु हथियार कार्यक्रम ना चलाने के लिए अमेरिका से आर्थिक मदद मिलनी है।

उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग-उन ने उत्तर कोरियाई संसद (सुप्रीम पीपल्स असेंबली) के सत्र के दौरान कहा कि वह अमेरिका और उसके सहयोगियों से प्योंगयांग को मिल रही चुनौती और इसके परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने की मंशा के मद्देनजर यह कदम उठा रहे हैं। उत्तर कोरियाई तानाशाह ने कहा कि उत्तर कोरिया की परमाणु बल तैयार करने की नीति को अब देश के आधारभूत कानून की तरह स्थायी बनाया जा रहा है, जिसका उल्लंघन करने की किसी को भी अनुमति नहीं होगी। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया केसीएनए ने कहा है कि किम जोंग उन ने परमाणु हथियारों के उत्पादन में तेजी लाने और परमाणु हमले की क्षमताओं में विविधता लाने के साथ ही इन्हें सेना की विभिन्न सेवाओं में तैनात करने की जरूरत पर भी बल दिया।

किम जोंग-उन हाल ही में रूस के दौरे से लौटे हैं, जहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। रूस दौरे पर किम जोंग उन ने कई हथियार निर्माता कंपनियों के प्लांट्स का दौरा किया। किम जोंग-उन का यह दौरा ऐसे समय हुआ, जब अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर आरोप लगाया है कि नॉर्थ कोरिया, यूक्रेन युद्ध के बीच रूस को हथियारों की सप्लाई कर रहा है। माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच नागरिक परमाणु कार्यक्रम की तकनीक के ट्रांसफर पर बातचीत हो सकती है। ऐसी भी आशंका है कि उत्तर कोरिया इस डील के तहत मिले मैटेरियल का इस्तेमाल अपने परमाणु मिसाइल कार्यक्रम को बढ़ाने में भी कर सकता है।

### ब्रिक्स संसदीय मंच : राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश बोले-

# अफ्रीका के साथ संबंधों का विस्तार करना भारत का लक्ष्य

**जोहान्सबर्ग ।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने जोहान्सबर्ग में नौवें ब्रिक्स संसदीय मंच को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य अफ्रीका के साथ संबंधों का विस्तार करना है। इस सम्मेलन का विषय अफ्रीका मुक्त व्यापार समझौते के त्वरित कार्यान्वयन के लिए ब्रिक्स और अफ्रीका साझेदारी को गहरा करने के लिए बहुपक्षवाद और संसदीय कूटनीति का इस्तेमाल करना है। ब्रिक्स पांच देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह है।

**मजबूत हुए भारत-अफ्रीका व्यापार संबंध** - एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, भारत और अफ्रीका के बीच करीबी संबंधों पर जोर देते हुए हरिवंश ने कहा कि दोनों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते ऐतिहासिक, भौगोलिक और आर्थिक संबंधों से बंधे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों के बीच व्यापार संबंध मजबूत हुए हैं।

**अफ्रीकी उत्पादों के लिए भारत बड़ा बाजार** - उन्होंने कहा, अफ्रीका के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 2022-2023 में पहले ही 98 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। भारत, अफ्रीकी वस्तुओं और उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार भी प्रदान करता है।

ड्यूटी-फ्री टैरिफ प्रिफरेंस स्कीम भारत की कुल टैरिफ लाइनों के 98.2 फीसदी तक शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करती है। इसके जरिए भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए अपना बाजार खोला है। अब तक 33 कम विकसित अफ्रीकी राष्ट्र इस योजना से लाभ पाने के हकदार हैं।



**अफ्रीका के साथ संबंधों का विस्तार करना भारत का लक्ष्य**-उन्होंने हाल ही में अफ्रीकी संघ (एयू) को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किए जाने के साथ अफ्रीका को भारत के समर्थन को भी रेखांकित किया। राज्यसभा के उपसभापति ने कहा, विकास साझेदारी, डिजिटल साक्षरता, कृषि, स्वच्छ और कुशल ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद का मुकाबला करने से लेकर समुद्री सुरक्षा तक, भारत का लक्ष्य अफ्रीका के साथ अपने संबंधों का विस्तार करना है।

**ब्रिक्स के अधिक समावेशी होने के प्रयासों की सराहना की**- हरिवंश ने ब्रिक्स के अधिक समावेशी होने के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, भारत ब्रिक्स की समानता, खुलेपन, समावेशिता, आम सहमति, परस्पर सम्मान और समझ की भावना को महत्व देता है। विकासशील देशों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिक्स ने बार-बार वैश्विक शासन प्रणाली के अधिक लोकतंत्रीकरण और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, डब्ल्यूटीओ आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में सुधार की मांग की है। उन्होंने कहा, ब्रिक्स में हमने अपनी कार्रवाई से यह साबित किया है। हमने समूह में शामिल होने के लिए छह नए सदस्यों को आमंत्रित किया है।

**जलवायु परिवर्तन पर चर्चा में भी भाग लेंगे हरिवंश**-विषयगत चर्चा के अलावा ब्रिक्स संसदीय मंच में उठाए जाने वाले अन्य विषय अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (एएफसीएफटीए) के माध्यम से क्षेत्रीय एकीकरण और स्वच्छ ऊर्जा में संक्रमण (ट्रांजिशन) हैं। उपसभापति जलवायु परिवर्तन और विधायी लामबंदी पर चर्चा में भी भाग लेंगे।

## पंजाब : बटाला की गौशाला में 13 गायों की मौत

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के बटाला स्थित गौशाला में बीती रात 13 गायों की मौत हो गई। गायों की मौत की खबर मिलते ही गुरुवार को हिंदू संगठन भारी संख्या में गौशाला के आगे जमा हो गए। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। बुधवार रात गायों की मौत के बाद आज सुबह पशुपालन विभाग के डाक्टरों की टीम ने घटनास्थल का दौरा करके पशु चारे के सैंपल लिए हैं। मृत गायों का आज पोस्टमार्टम किया जाएगा। समाजसेवी विजय प्रभाकर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि गौशाला में कुछ गायों की मौत हो गई है। जब वे गौशाला पहुंचे तो देखा गायों के पेट फूले हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि शरारती तत्वों ने चारे में कुछ मिलाकर गायों को खिलाया है। जिस कारण उनकी मौत हुई है। मौके पर पहुंची एसडीएम बटाला शायरी भंडारी ने कहा कि इस मामले में तहसीलदार, वैटनरी डॉक्टर और डीएसपी की टीम बना कर जांच के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एसपी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर पता चला कि 13 गायों की मौत हो चुकी है। पुलिस अपनी तरफ से जांच कर रही है।

# महिला आरक्षण बिल 2024 में लागू कर ओबीसी महिलाओं को आरक्षण की मांग

## कांग्रेस ओबीसी सेल ने एडीसी को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**फतेहाबाद ( हिंस )।** कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल को 2024 में होने वाले चुनाव में लागू करने और ओबीसी समाज की महिलाओं को भी इस आरक्षण में शामिल करने की मांग की है। इसको लेकर कांग्रेस ओबीसी सैल फतेहाबाद का प्रतिनिधिमंडल एडीसी से मिला और उन्हें राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ओबीसी सैल के जिलाध्यक्ष नरेश सोनी एडवोकेट, शहरी प्रधान मुकेश प्रजापति ने बताया कि महिला आरक्षण इस देश की आधी आबादी की राजनीतिक भागीदारी औश्र उनके सशक्तिकरण का सबसे जरूरी माध्यम है। इससे देश की राजनीति, संसद और विधानसभाओं में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं आएंगी और नीति निर्माण में निर्णायक भागीदारी निभाएंगी लेकिन महिलाओं की ये लड़ाई अब भी अधूरी है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 1989 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने का बिल संसद में पेश किया था लेकिन उस समय विपक्ष के बड़े हिस्से ने इसका विरोध किया और बिल राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया लेकिन महिलाओं को अधिकार देने के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता जारी रही। 1992 में पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण लागू किया। इससे विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कोटे के भीतर महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गई। इसके बाद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा में पारित करवाया लेकिन लोकसभा में बहुमत न होने के चलते यह पेश नहीं हो पाया। नरेश सोनी व मुकेश प्रजापति ने कहा कि यूपीए सरकार जाने के बाद भी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने भी बार-बार प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर महिला आरक्षण लागू करने मांग दोहराई। कांग्रेस ओबीसी सैल ने मांग की है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए व इसे 2024 के लोकसभा चुनावों से ही लागू किया जाए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शम्मी रत्ति, प्रवीन प्रजापति, भूप सिंह सोनी, राजवीर सोनी, संदीप, विजय यादव आदि भी मौजूद रहे।

## भारत निर्वाचन आयोग का तीन दिवसीय दौरा : अधिकारियों से लेंगे चुनावी तैयारियों का जायजा

**जयपुर ( हिंस )।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल तीन दिवसीय यात्रा पर 29 सितंबर से 1 अक्तूबर तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान वे प्रदेश में विधानसभा आम चुनाव-2023 की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 29 सितंबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त, आयुक्त व अन्य वरिष्ठ अधिकारी जयपुर में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आयोग एन्फोर्समेंट एंजेंसियों राज्य पुलिस, सीपीएफ, आयकर, आबकारी, परिवहन, वाणिज्यिक कर विभाग, राज्य की लीड बैंक के समन्वयक, रेलवे तथा एयरपोर्ट आदि के नोडल अधिकारियों से विधानसभा चुनाव-2023 के संबंध में चर्चा करेंगे। गुप्ता ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त के समक्ष 30 सितंबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी एवं केंद्रीय पुलिस बल के नोडल अधिकारियों द्वारा तैयारियों से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस महानिरीक्षकों, जिला पुलिस अधीक्षकों और चुनाव से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव पूर्व तैयारियों का जायजा लेंगे। दौरे के आखिरी दिन एक अक्तूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्त मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। तीन दिवसीय दौरे में उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू, धर्मेन्द्र शर्मा, नितेश व्यास, अजय भादू, हृदयेश कुमार, महानिदेशक बी नारायण, संयुक्त निदेशक अनुज चांडक और सचिव अश्विनि कुमार मोहल भी रहेंगे।

## नगर परिषद कर्मचारियों ने शहर में की भूख हड़ताल

बैग ही बैग
पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा
(सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा)
फतेहाबाद ( जिला फतेहाबाद )

**फतेहाबाद ( हिंस )।** हरियाणा सरकार की वायदाखिलाफी और हठधर्मिता के खिलाफ नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगरपरिषद व फायर कर्मचारियों ने गुरुवार को चौथे दिन भी भूख हड़ताल जारी रखी। कर्मचारियों ने आज सरकार के खिलाफ शहर के मुख्य बाजारों में उलटा झाडू और हाथों में काले झंडे लेकर रोष प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ की फतेहाबाद इकाई प्रधान नरेश राणा ने की व संचालन इकाई सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। आज सफाई कर्मचारी और फायर बिग्रेड कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में सुनीता देवी, संतोष देवी, रानी देवी, कविता देवी, सुरेश, ऊषा, बली राम, मोनू सरबटा, कृष्णा, राजन, रविंद्र लोट, फायरमेन सुशील व सुमित शामिल रहे। राज्य वरिष्ठ उप प्रधान रमेश तुषामड ने फूल माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रमेष तुषामड ने बताया की हरियाणा सरकार पालिका, परिषद व निगम के गरीब सफाई के के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। बातचीत कर पहले कर्मचारियों की मांगों को जायज बताया जाता है लेकिन बाद में उन्हें लागू नहीं किया जाता। सरकार की इस वायदाखिलाफी से कर्मचारियों में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी दो दशमों से ज्यादा समय से लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करते हुए बेहतरीन ढंग से काम कर रहे हैं लेकिन हरियाणा सरकार इनके साथ भेदभाव कर रही है। इन कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा। इस कारण जहां इन्हें कम वेतन दिया जा रहा है वहीं कोई सामाजिक सुरक्षा लाभ भी नहीं मिल पा रहा।

## आरएएस प्रारंभिक परीक्षा-2023 के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा एक अक्तूबर, रविवार को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन किया जाएगा। पूर्वाह्न 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा में जयपुर शहर के 265 परीक्षा केंद्रों पर 95 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमाएंगे। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या-116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 29 एवं 30 सितंबर को प्रात: 10 बजे से सांय पांच बजे तक और एक अक्तूबर को प्रात: आठ बजे से परीक्षा समाप्ति उपरांत परीक्षा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। जिला कलक्टर ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र पर पहचान के लिए प्राथमिकता से मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होवें। आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी को ई-एडमिट कार्ड, नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नीली स्याही का पारदर्शी बॉल पेन के अतिरिक्त अन्य किसी सामग्री को परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्र में किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। उसके बाद केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारम्भ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्र पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जावें ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं, अत: समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। पुरुष अभ्यर्थी आधी आस्तीन के शर्ट/टी-शर्ट/कुर्ता, पेंट/पायजामा एवं हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर आ सकेंगे। महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साड़ी, आधी आस्तीन का कुर्ता/ब्लाउज, हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर एवं बालों में साधारण रबड बैंड लगाकर आ सकेंगी। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार की घड़ी, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैंड बैग, हेयर पिन, गंडा/ताबीज, कैप/हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शौल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। वहीं, सिख धर्म के अभ्यर्थियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीक धारण कर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। परीक्षा में अभ्यर्थियों को 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इसमें अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि ओएमआर आंसर शीट में समस्त प्रश्नों में दिए गए 5 विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन कर भर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा आयोजित आगामी वस्तुनिष्ठ भर्ती परीक्षाओं में अब प्रश्न-पत्र व ओएमआर शीट में 5वां विकल्प भी दिया जाएगा। यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो उसे पांचवे विकल्प का चयन करना होगा। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए 5 में से केवल एक गोले को ओएमआर शीट पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा कर भरना होगा। प्रत्येक प्रश्न के किसी एक विकल्प को भरना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहे तो 5वें विकल्प का चयन कर भरना होगा। किसी भी विकल्प का चयन न करने पर प्रति प्रश्न 1/3 अंक काटे जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में यदि किसी भी विकल्प का चयन नहीं किया जाता है तो उसे उस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।

## भाजपा जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के मूड में नहीं : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर ( हिंस )।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को दावा किया कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में कोई चुनाव नहीं कराना चाहती है, क्योंकि वह जानती है कि लोग उन्हें मतपत्र के माध्यम से दंडित करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात की समीक्षा के लिए अगले हफ्ते जम्मू में विपक्षी दलों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें जम्मू-कश्मीर के हालात की समीक्षा करके कुछ निर्णय लिए जा सकते हैं। श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा चुनाव कराने के मूड में नहीं हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि लोग उनके साथ नहीं हैं। कश्मीर को छोड़िए, जम्मू में भी भाजपा को लोगों से नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए उनमें चुनाव कराने का साहस नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा तो दूर की बात है, शायद वे स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव कराने के इच्छुक नहीं हैं, जिसके बारे में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में बहुत बात की थी। अब्दुल्ला ने कहा कि हमारा मानना है कि एकमात्र लोकसभा का चुनाव होगा, क्योंकि इसे टालना मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा वे कोई अन्य चुनाव कराने के मूड में नहीं दिखते, क्योंकि लोगों का मूड उन्हें वोट के जरिए दंडित करने का है। स्थानीय निकाय चुनाव टालने पर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार इससे इनकार करेगी। उमर अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और कुछ नौकरशाह हैं, जो नहीं चाहते कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो। उमर अब्दुल्ला ने दावा किया था कि जम्मू-कश्मीर में 80 फीसदी लोग मौजूदा व्यवस्था से खुश हैं और कोई बदलाव नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात की समीक्षा के लिए अगले हफ्ते जम्मू में विपक्षी दलों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें जम्मू-कश्मीर के हालात की समीक्षा करके कुछ निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि बैठक जम्मू में बुलाई गई है, क्योंकि कभी-कभी यह दावा किया जाता है कि सभी फैसले कश्मीर में लिए जाते हैं। पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह के आतंक मुक्त जम्मू-कश्मीर के बयान के बारे में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी इस लक्ष्य को हासिल करने में अपनी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि हम कितने आतंक-मुक्त हैं, यह कोकेरनाग की घटना से स्पष्ट है। इतने लंबे समय के बाद एक कर्नल, एक मेजर, जेके पुलिस के एक डीएसपी और एक जवान को खोना कोई सामान्य घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि आपका उद्देश्य जम्मू कश्मीर को आतंक मुक्त बनाना है, कृपया इसे करें। इसे जमीन पर साबित होने दीजिए, फिर अफ्सपा हटाओ। उन्होंने कहा कि हम आपका हौसला बढ़ाने वाले पहले व्यक्ति होंगे।

## केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी का आयोजन

**उदयपुर ( हिंस )।** सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर की ओर से गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, उदयपुर में केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियां प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कश्मीरी युवाओं से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल करने की अपील की साथ ही युवाओं को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। प्रारंभ में केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में युवाओं को जानकारी देते हुए बताया कि एक अक्तूबर को एक घंटे सुबह दस बजे श्रमदान अवश्य करें। नेहरू युवा केंद्र उदयपुर के शुभम पुर्बिया ने बताया की भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं युवा मामले में खेल मंत्रालय के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम वतन को जानो कार्यक्रम में कश्मीर के छह जिलों बरामुल्ला, कुपवाड़ा, पुलवामा, श्रीनगर, अनंतनाग एवं श्रीनगर से करीब 132 युवा प्रतिभागिता करने उदयपुर आए हैं।

## भाजपा की बैठक में मेरे विधानसभा चुनाव लड़ने संबंधी कोई चर्चा नहीं : शेखावत

**जयपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने उनके विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं को खारिज कर दिया है। भाजपा की बैठक से बाहर आते समय संवाददाताओं ने जब शेखावत से पूछा कि आपको मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ चुनाव लड़वाने की चर्चाएं चल रही हैं। इस पर उन्होंने कहा कि पार्टी का निर्णय तो पार्टी जाने, कौन चुनाव लड़ेगा ? यह पार्टी संसदीय बोर्ड तय करेगा, लेकिन फिलहाल इस पर कोई चर्चा नहीं हुई। शेखावत ने कहा कि बैठक में राजस्थान में आगामी चुनाव संबंधी विचार हुआ। सारी परिस्थितियों और क्षेत्रों पर चर्चा हुई। चुनाव में क्या समीकरण बनेंगे ? उस पर भी चर्चा हुई। चुनाव के हालात पर भी चर्चा हुई। वर्तमान सरकार के हालात पर भी चर्चा हुई। समाज और प्रदेश में व्याप्त मुद्दों पर भी चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गहलोत सरकार सबसे भ्रष्टाचारी सरकार है। भ्रष्टाचार के विषय पर भी बहुत विस्तार से चर्चा हुई। आने वाले चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई।

# गुरुग्राम के पब, बारों में हुक्के पर पूर्णतया प्रतिबंध

**गुरुग्राम ( हिंस )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशों के अनुसार अब गुरुग्राम के पब, बार में हुक्के पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। आबकारी विभाग ने प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले पब, बार पर कार्यवाही के लिए टीमों का भी गठन कर दिया है। गुरुवार को उप-आबकारी आयुक्त अमित भाटिया के मुताबिक गुरुग्राम के सभी 270 पब, बार पर बारी-बारी से जांच की जाएगी। नशीली चीजों की बिक्री पर प्रतिबंध के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सरकार नशा ना करने के प्रति जहां जागरुकता अभियान चला रही है, वहीं नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्ती भी दिखा रही है। इस कड़ी में सरकार ने हुक्का बारों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सख्त आदेश हैं कि इन पर प्रतिबंध में कोई कोताही ना हो। मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद अब गुरुग्राम का आबकारी विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग की ओर से जिला के सभी रेस्तराओं, पब और बार को आदेश जारी करके कहा गया है कि किसी भी कीमत पर हुक्का बार चलाने की अनुमति नहीं है। अगर कोई चोरी-छिपे यह काम करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। किसी को भी हुक्का रखने, हुक्के का प्रयोग करने की सख्त मनाही है। उप-आबकारी आयुक्त अमित भाटिया का कहना है कि गुरुग्राम में कुल 270 पब, बार हैं। काफी संख्या होटलों, रेस्तराओं की भी है। काफी जगह पर हुक्का बार चलाए जाते हैं। काफी पब, बार शहर के वेस्ट जोन में हैं। 270 में से 81 पब, बार वेस्ट जोन में हैं। प्राथमिक तौर पर इनमें चेकिंग के लिए आबकारी विभाग की ओर से छह टीमें गठित की गई हैं। ईस्ट जोन में संचालित किए जा रहे 190 पब, बार को भी सख्त हिदायत जारी करके कहा गया है कि वे हुक्का बार जैसे क्रियाकलापों को संचालित ना करें। सरकार की सीधी नजर है। अगर कहीं पर भी ऐसा होता पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धालुओं ने किया गणेश मूर्ति विसर्जन

**यमुनानगर ( हिंस )।** गणेश चतुर्थी के दिन से शुरू हुए गणेश उत्सव के बाद गुरुवार को यमुना नहर के अलग-अलग घाटों पर भारी संख्या में ढोल नगाड़ों के साथ गणेश मूर्ति के विसर्जन किया गया। जिला प्रशासन की और से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस के साथ-साथ तैराकों की भी तैनाती की गई। अनंत चतुर्दशी को भगवान गणेश के पूजन के समापन दिन के रूप में मनाया जाता है और भगवान गणेश को अगले वर्ष में जल्द आने की कामना के साथ विदा कर मूर्ति को गणेश विसर्जन के लिए समुंद्र, नदी में डालने के लिए ले जाया जाता है। वैसे तो गणेश विसर्जन का यह पर्व विशेष रूप से महाराष्ट्र, गुजरात, और अन्य पश्चिमी भारतीय राज्यों में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन अब यह उत्तर भारत के भी कई राज्यों में मनाया जाने लगा है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार महर्षि वेद व्यास ने महाभारत ग्रंथ की रचना करने का निर्णय लिया और लेखन कार्य के लिए उन्होंने गणेश की आराधना की। महाकाव्य कहे जाने वाले महाभारत ग्रंथ का लेखन कार्य लगातार 10 दिनों तक चला और अनंत चतुर्दशी के दिन यह लेखन कार्य संपन्न हुआ। लेकिन जब कथा पूरी होने के बाद महर्षि वेदव्यास ने आंखें खोली तो देखा कि इस दिव्य काव्य के तेज के कारण भगवान गणेश के शरीर का तापमान बड़ा हुआ है। ऐसे में गणेश जी के शरीर का तापमान कम करने के लिए महर्षि वेदव्यास ने गंगा नदी में गणेश जी स्नान करवाया। इसीलिए इस दिन गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने का चलन भी शुरू हुआ।

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना की स्वरलहरियों से गुंजायमान हुई सूर्यनगरी

**जोधपुर ( हिंस )।** अपणायत के शहर सूर्यनगरी में गुरुवार को सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। गणेश चतुर्थी से शुरू हुए दस दिवसीय गणपति महोत्सव के समापन के दौरान हिंदुओं ने अस्थायी रूप से सार्वजनिक स्थानों पर और अपने घरों में विराजित किए गणपति मूर्तियों को विधिविधान से विसर्जन किया। आज अनंत चतुर्दशी पर हजारों की तादाद में उधापन के कार्यक्रम भी संपन्न हुए। दूसरी तरफ ईद मिलादुन्नबी का पर्व भी हर्षोउल्सास के साथ मुस्लिम भाइयों ने मनाया। पुलिस प्रशासन चाक चौबंद रहा। दोनों की धर्मों के जुलूस के दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था करने के साथ माकूल जाब्ता भी तैनात किया गया। गणेश चतुर्थी को शहर के सैकड़ों स्थानों और हजारों घरों में गणपति महोत्सव के चलते अस्थायी गणेश प्रतिमाओं को विराजित किया गया और नौ दिन तक जमकर धार्मिक आयोजन किए गए। आज अनंतचतुदर्शी पर सुबह से ही घरों और सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन का कार्यक्रम शुरू हो गया जो शाम तक शहर में चलता रहेगा। सार्वजनिक स्थान पर लगायी गई गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निकाली जाने वाली अधिकांश शोभायात्राएं जालोरीगेट चौराहे पर शिवसेना की ओर से स्थापित किए गए गणेश पांडाल के आगे से निकली। इससे पूर्व बीती रात्रि को कई जगह पर जागरण और भजन संध्याओं का आयोजन भी किया गया। गणेश महोत्सव के दौरान दोपहर बारह बजे से मूर्तियों के विसर्जन के लिए जुलूस आने शुरू हो गए। जो कि आडा बाजार, कंदोई बाजर, माण्रक चौक होकर गुलाब सागर तक पहुंच कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दूसरी तरफ बाहर व शहर के अंदर से जालोरी गेट आने वाले जुलूस नागौरी गेट, उम्मेद चौक, घंटाघर, माणक चौक, कंदोई बाजर, त्रिपोलिया बाजार, सोजती गेट चौकी, चांदशाह तकिया होकर जालोरी गेट पहुंच कर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हुए। हिन्दू मुस्लिम एकता की प्रतीक मानी जाने वाली सूर्यनगरी के बांशिदों ने एकराय होकर दोनों ही धर्मों के बड़े जलसो को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया।

## आठ साल पुराने मामले में हुई कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा की गिरफ्तारी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने गुरुवार सुबह कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा को आठ साल पुराने केस में गिरफ्तार किया है। खैहरा के खिलाफ 2015 के ड्रग्स मामले में जांच चल रही थी। इसमें डीआईजी के नेतृत्व में बनी एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर उनकी गिरफ्तारी हुई है। एसआईटी में दो एसएसपी भी शामिल रहे हैं। जलालाबाद पुलिस ने वर्ष 2015 में मार्केट कमेटी ढिलवां के पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से 2 किलो हेरोइन, 24 सोने के बिस्कुट, एक देसी .315-बोर पिस्तौल, दो पाकिस्तानी सिम कार्ड और एक टाटा सफारी कार बरामद हुई थी। इस मामले में मार्केट कमेटी ढिलवां के पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह के साथ कथित संबंधों के कारण खैहरा का नाम सामने आया था।

## एहतराम और अकीदत के पैगाम से निकला जुलूस ए मोहम्मदी

**जोधपुर ( हिंस )।** शहर में गुरुवार को ईद मिनाद उन नबी का पर्व अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। जूलूस ए मोहम्मदी को तंजीम अईम्मा ए अहले सुन्नत की सरपरस्ती में पूरी मुस्लिम आवाम के साथ बड़े इत्मीनान और एहतराम के साथ निकाला गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश में फैल रही नफरतों को रोकने के लिए एक बेहतरीन पैगाम दिया है। जूलूस के दौरान जगह जगह पर मुस्लिम समुदाय के विभिन्न संस्थाओं ने जूलूस ए मोहम्मदी का इस्तकबाल गुल पोषी कर के किया। इस मौके पर साजिद खान ने बताया कि हमारे कोशिश समाज में फैल रही बुराइयों को रोकने और पूरे देश में सद्भावना को मजबूत करने के लिए पहली बार इस प्रकार का आयोजन किया गया है। जूलूस को स्टेडियम से ओलमा इकराम हाजी मोइनुदीन अशरफी, कारी इकराम, मौलाना जावेद, कारी उम्मेद अली, मुफ्ती आलमगीर और जोधपुर के तमाम ओलमाओं ने कुरान पाक को तिलवात के बाद हरी झंडी दिखा के रवाना किया। अपने तय समय अनुसार जुलूस ईदगाह पहुंच कर देश की खुशहाली और अमन की दुआओं के साथ खत्म हुआ। कार्यक्रम की संरचना में मौलाना हाफिज जावेद, सैय्यद मोइन अशरफी, मौलाना रफीक, मौलाना अंजार, मौलाना नफीश, मोहम्मद जावेद, मोहसिन अत्तारी, राजू खान, मोहम्मद यूसुफ, जमाल कुरेशी, अकबर पठान, इमरान कुरेशी, शकील अहमद, शीफरान राठौड़, अरफात पठान, हैदर नूरी, कय्यूमअहमद सलीम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सैय्यद हैदर अली रंगरेज ने प्रशासन और आवाम का शुक्रिया अदा किया।

# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 2.9 अरब डॉलर के राहत पैकेज की श्रीलंका की दूसरी किस्त देने में देरी होने की आशंका

**नई दिल्ली।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 2.9 अरब डॉलर के राहत पैकेज की श्रीलंका की दूसरी किस्त में देरी होने की आशंका है क्योंकि नकदी संकट से जूझ रहे देश के विदेशी ऋण पुनर्गठन की प्रकृति बेनतीजा है। बता दें कि श्रीलंका पिछले साल इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट से प्रभावित हुआ जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक महत्वपूर्ण निचले स्तर पर गिर गया और जनता ईंधन, उर्वरकों और आवश्यक वस्तुओं की कमी का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर आई।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने इस साल मार्च में श्रीलंका की आर्थिक नीतियों और सुधारों का समर्थन करने के लिए विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत 48 महीने के लिए 2.9 अरब डॉलर की विस्तारित व्यवस्था को मंजूरी दी थी। देश के लिए वैश्विक ऋणदाता-समर्थित विस्तारित निधि सुविधा कार्यक्रम की पहली समीक्षा के लिए श्रीलंका का दौरा करने वाले आईएमएफ मिशन ने कहा कि स्थिरीकरण के शुरुआती संकेतों के बावजूद, पूर्ण आर्थिक सुधार अभी तक सुनिश्चित नहीं है। श्रीलंका के वित्त राज्य मंत्री रंजीत सियाम्बलपिटिया ने पिछले सप्ताह कहा था कि समीक्षा के अंत में करीब 330 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त जारी होने की उम्मीद है।

आईएमएफ मिशन के टीम लीडर पीटर ब्रेयर ने कोलंबो में संवाददाताओं से कहा, चूंकि श्रीलंका अपने सार्वजनिक ऋण का पुनर्गठन कर रहा है, जो बकाया है, इसलिए पहले कार्यक्रम की समीक्षा के लिए कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी के लिए वित्तपोषण आश्वासन समीक्षाओं को पूरा करने की आवश्यकता है। ये वित्तपोषण आश्वासन समीक्षाएं इस बात पर ध्यान केंद्रित करेंगी कि क्या ऋण पुनर्गठन के साथ पर्याप्त प्रगति की गई है ताकि यह विश्वास दिलाया जा सके कि यह समय पर और कार्यक्रम के ऋण लक्ष्यों के अनुरूप संपन्न होगा।

उन्होंने कहा, हमें संतुष्ट होने के लिए दो महत्वपूर्ण चीजों की जरूरत है। हमें निर्धारित लक्ष्यों, नीतियों और सुधारों पर समझौते तक पहुंचने की आवश्यकता है जो हमें इस समझ के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देगा कि कार्यक्रम के उद्देश्य तक पहुंचा जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### एलन मस्क की सैटेलाइट कंपनी को अगले महीने मिलेगा इंटरनेट लाइसेंस

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक जल्द ही भारत में अपनी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस शुरू कर सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी को अगले महीने सरकार की तरफ से ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन (जीएमपीसीएस) के लिए लाइसेंस मिल जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टारलिंक को ऑपरेट करने वाली मस्क की सैटेलाइट कंपनी स्पेस एक्स ने डेटा ट्रांसफर और स्टोरेज का प्रोसेस, सैटेलाइट की लोकेशन, भारत में ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइड करने के प्लान जैसे सभी रेगुलेटरी जरूरतों का काम पूरा कर लिया है। दूरसंचार मंत्रालय से स्टारलिंक को भारत में ब्रॉडबैंक सर्विस प्रोवाइड करने की परमिशन अगले महीने मिल सकती है। बता दें कि सैटेलाइट कंपनी स्टारलिंक करीब एक महीने से भी ज्यादा समय से भारत में अपनी सर्विस शुरू करने की कोशिश कर रही है लेकिन कुछ कारणों की वजह से इसे गृह मंत्रालय से परमिशन नहीं मिल पा रही थी। खबर के मुताबिक, मंत्रालय सैटेलाइट द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन सर्विस लाइसेंस के लिए स्टारलिंक के प्रपोजल को मान सकता है और उम्मीद है कि लाइसेंस अगले महीने पास हो जाएगा। स्पेसएक्स को इस दौरान, दूरसंचार मंत्रालय, गृह मंत्रालय और अंतरिक्ष मंत्रालय से मंजूरी लेनी पड़ेगी। जिएमपीसीएस के बाद स्टारलिंक को सरकार के कई विभागों और भारत के स्पेस मिनिस्ट्री से मंजूरी लेनी पड़ेगी। इसके बाद कंपनी अपने ऑपरेशन को देशभर में शुरू कर सकती है। वर्तमान में, मुकेश अंबानी की जियो और सुनील मित्तल समर्थित वन वेब के पास भारत में जीएमपीसीएस लाइसेंस हैं। जियो की साझेदारी लक्जमबर्ग की कंपनी एसईएस के साथ है। जेफ बेजोस के पास भी 'कुइपर' नाम का इसी तरह का एक प्रोजेक्ट है, लेकिन यह अभी तक भारत में नहीं आया है।

### सोने-चांदी में गिरावट, सोना 53,148 रुपए और चांदी 70,640 रुपए

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में गुरुवार के कारोबारी दिन भारी गिरावट देखी जा रही है। इस हफ्ते में सोमवार, मंगलवार और बुधवार के बाद लगातार चौथे दिन गुरुवार को भी दोनों धातुओं की कीमतें लगातार कम हुई है। बता दें कि गुरुवार के दिन भारत में 22 कैरेट सोने की कीमत 53,148 रुपए प्रति दस ग्राम पर है, तो वहीं 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने की कीमत 57,980 रुपए पर पहुंच गई है। इसके साथ ही चांदी दाम 70,640 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गया है। मल्टी कमॉडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना 752 रुपए की गिरावट के साथ, 57,680 रुपए पर चल रहा है जबकि चांदी की कीमत यहां 1,152 रुपए की गिरावट के बाद 70,625 रुपए किग्रा हो गई है। दिल्ली में चार दिनों से हो रही गिरावट के बाद सोना 22 कैरेट 52,956 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जबकि 24 कैरेट वाला सोना 57,770 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया है. वहीं चांदी का भाव दिल्ली में 70,280 रुपए प्रति किग्रा चल रहा है। मुंबई में 22 कैरेट शुद्धता वाला सोना 53,048 रुपए तो 24 कैरेट सोना 57,870 रुपए में कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी का भाव यहां 70,400 रुपए प्रति किग्रा हो गया है। उधर कोलकाता में सोना 22 कैरेट 52,974 रुपए प्रति 10 ग्राम तो 24 कैरेट गोल्ड 57,790 रुपए प्रति दस ग्राम में मिल रहा है। वहीं चांदी की कीमत यहां 70,310 रुपए प्रति किग्रा चल रही है। चेन्नई में 22 कैरेट वाला सोना 53,203 रुपए तो 24 कैरेट वाला सोना 58,040 रुपए प्रति दस ग्राम में कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी का भाव यहां 70,610 रुपए प्रति किग्रा चल रहा है।

### यूट्यूबर ने थोड़ा सा दवाब डाला तो आईफोन में क्रेक पड़ गए

**नई दिल्ली।** एप्पल के आईफोन15 प्रो मेक्स को एक यूट्यूबर द्वारा परखा गया तो वह एक ड्यूरेबिलिटी टेस्ट में फेल हो गया। पॉपुलर टेक यूट्यूबर जेरीग एवरीथिंग ने एप्पल आईफोन 15 प्रो मेक्स को लेकर एक ड्यूरेबिलिटी टेस्ट किया। वीडियो में साफ दिखा कि सिर्फ 5 सेकंड के अंदर ही आईफोन ड्यूरेबिलिटी टेस्ट में फेल हो गया है। एक दशक में पहली बार कोई आईफोन ड्यूरेबिलिटी टेस्ट में फेल हुआ है। टेस्ट के दौरान बैक पैनल पर दिए गए ग्लास पर जैसे ही यूट्यूबर ने थोड़ा सा दवाब डाला तो क्रेक पड़ गए। बैक पैनल पर ग्लास दिया है, जो कई छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट गया। बता दें कि साल 2014 में लॉन्च हुआ आईफोन 6 प्लस भी ड्यूरेबिलिटी टेस्ट मे फेल हुआ था। इसके बाद लोगों में आईफोन 6 को खरीदने की दिलचस्पी भी कम हो गई थी। उसमें खराब क्वालिटी की एल्यूमिनियम यूज की गई थी। जिस कारण आईफोन 6 जेब में रहने के कारण भी थोड़ा सा दवाब डलने के कारण बेंड हो जाता था।

### शेयर बाजार में भारी गिरावट

# निवेशकों को करीब ढाई लाख करोड़ का बड़ा नुकसान

**सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 982 अंक और निफ्टी 274 अंक लुढ़के**

**नई दिल्ली।**

सिर्फ एक दिन की बढ़त के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार एक बार फिर धराशायी हो गया। सुबह कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। पहले 1 घंटे के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव भी होता नजर आया, लेकिन इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से बिकवाल हावी हो गए। गुरुवार को बिकवाली के जबरदस्त दबाव के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 980 अंक से ज्यादा और निफ्टी 270 अंक से अधिक लुढ़क गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.92 प्रतिशत और निफ्टी 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

गुरुवार को कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि कैपिटल गुड्स को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। इस दौरान एफएमसीजी, आईटी, ऑटोमोबाइल, कमोडिटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके साथ ही बैंकिंग, फार्मास्यूटिकल, इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी इंडेक्स में भी गिरावट दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी गुरुवार को चौतरफा बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.19 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गुरुवार को कारोबार का अंत किया।

गुरुवार को बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की कमी आ गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन गुरुवार को कारोबार के बाद घट कर 317.21 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 319.61 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को गुरुवार को कारोबार से करीब 2.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

गुरुवार दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,790 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,622 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,039 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 129 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में गुरुवार को 2,043 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 716 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,327 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 6 शेयर हरे निशान में और 44 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स गुरुवार को 287.32 अंक की मजबूती के साथ 66,406.01 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने कुछ देर तक बाजार में एक्टिव होकर लिवाली की, जिससे ये सूचकांक रिकवर कर वापस हरे निशान में आया। इसके बाद बिकवाली का दबाव दोबारा बन जाने की वजह से ये सूचकांक लगातार नीचे गिरता चला गया। गुरुवार का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 982.62 अंक गिर कर 695.30 अंक की कमजोरी के साथ 65,423.39 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से थोड़ा रिकवर करके 610.37 अंक की गिरावट के साथ 65,508.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 45.35 अंक की तेजी के साथ 19,761.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। पहले 1 घंटे के कारोबार के दौरान हुए उतार-चढ़ाव के बाद बिकवाल पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से ये सूचकांक लगातार फिसलता चला गया। शाम 3 बजे के करीब ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 274.55 अंक गिर कर 225.35 अंक की गिरावट के साथ 19,492.10 के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 192.90 की कमजोरी के साथ 19,523.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से लार्सन ऐंड टुब्रो 1.52 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 0.70 प्रतिशत, भारती एयरटेल 0.59 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.56 प्रतिशत और ओएनजीसी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ गुरुवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा 4.59 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 3.98 प्रतिशत, एलटी माइंडट्री 3.16 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 2.73 प्रतिशत और विप्रो 2.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# भारत का चालू खाता पिछले साल के मुकाबले घटा, पर जीडीपी के 1 प्रतिशत के बराबर

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

**नई दिल्ली।**

रिजर्व बैंक ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा कम होकर 9.2 अरब डॉलर हो गया है, जो कि भारत की कुल जीडीपी का 1.1 प्रतिशत है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का चालू खाता घाटा 17.9 अरब डॉलर था, जो कि भारत की जीडीपी का 2.1 प्रतिशत था। हालांकि चालू खाता घाटा पिछली तिमाही के मुकाबले यह ज्यादा है। पिछली तिमाही में चालू खाता घाटा 1.3 अरब डॉलर था, जो कि जीडीपी का 0.2 प्रतिशत था।

### इन वजहों से आया चालू खाता घाटे में उछाल

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अप्रैल जून तिमाही में बढ़ते व्यापार घाटे और नेट सर्विसेज में कम सरप्लस के साथ ही प्राइवेट ट्रांसफर रिसीट में कमी के कारण चालू खाते में पिछली तिमाही के मुकाबले उछाल आया है। प्राइवेट ट्रांसफर रिसीट का एक बड़ा हिस्सा विदेशों में काम करने वाले भारतीयों द्वारा देश में भेजे जाने वाले पैसे से आता है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि पिछली तिमाही के मुकाबले यह बढ़ोतरी उम्मीद के मुताबिक ही है। विशेषज्ञों का ये भी कहना है कि बिगड़ते ट्रेड बैलेंस, तेल की बढ़ती कीमतों और आयात में बढ़ोतरी की वजह से अभी चालू खाता घाटे के और बढ़ने की आशंका है।

### रुपया एक पैसे बढ़कर 83.21 प्रति डॉलर

**मुंबई।** घरेलू बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच शुरुआती कारोबार में रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसे की बढ़त के साथ 83.21 पर पहुंच गया। विदेशी कारोबारियों ने बताया कि शुरुआती सत्र में भारतीय मुद्रा लगभग सपाट कारोबार कर रही थी।

### चालू खाता घाटा अर्थव्यवस्था को करता है कमजोर

बता दें कि चालू खाता घाटा तब होता है जब आयात की गई वस्तुओं, सेवाओं और निवेश का मूल्य, निर्यात से ज्यादा होता है। चालू खाता घाटा किसी भी देश की मुद्रा को कमजोर कर सकता है और आयात को महंगा कर सकता है। इसका अर्थव्यवस्था में महंगाई को बढ़ाने में अहम योगदान होता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा 16.8 अरब डॉलर था, वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में यह 13.4 अरब डॉलर था। बीते दिनों में सेवा आधारित व्यापार में उछाल की वजह से चालू खाता घाटे में कमी आई है।

# पाक को रूस से एलपीजी की पहली खेप मिली इरान के सरक्स सेज के रास्ते भेजा गया

NO SMOKING
ROSN

**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान को रूस से एलपीजी की पहली खेप मिली है जो नकदी संकट से जूझ रहे इस देश की दूसरी बड़ी रूसी ऊर्जा खरीद है। इस्लामाबाद में रूसी दूतावास ने कहा कि 100,000 मीट्रिक टन एलपीजी की खेप रूस को ईरान के सरक्स विशेष आर्थिक क्षेत्र के माध्यम से पाकिस्तान को दी गई थी। हालांकि, उसने ईरान की भागीदारी के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी और यह भी तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि एलपीजी की कीमत कितनी है या इस पर छूट दी गई है या नहीं। रूसी दूतावास ने कहा कि अगली खेप के लिए विचार-विमर्श जारी है। पाकिस्तान को एलपीजी के रूप में दूसरी खेप मिली है। पाकिस्तान को इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत जून में कच्चे तेल की पहली डिलीवरी मिली थी।

पाकिस्तान ने कहा है कि उसने रूसी कच्चे तेल के लिए चीन की मुद्रा में भुगतान किया था, लेकिन सौदे के मूल्य का खुलासा कभी नहीं किया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के बाहरी भुगतानों में ऊर्जा आयात का अधिकांश हिस्सा है और रूस से रियायती आयात एक राहत प्रदान करता है क्योंकि इस्लामाबाद भुगतान संतुलन की गंभीर समस्या के साथ आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिससे उसके बाहरी ऋण पर चूक का खतरा है।

पाकिस्तान को गैस और पेट्रोलियम दोनों की जरूरत है और उसने पहली बार खाड़ी क्षेत्र जो पारंपरिक रूप से उसे आपूर्ति प्रदान करता है से परे जाकर अपनी खरीद में विविधता लाने की कोशिश की है। सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि स्वतंत्र रूसी तेल रिफाइनरी फोर्टइनवेस्ट ने एक समझौता किया है जिसके तहत रूसी गैसोलीन को पहली बार जमीन के रास्ते पाकिस्तान भेजा जाएगा, क्योंकि रूसी रिफाइनर यूरोपीय संघ के आयात प्रतिबंध से कुछ दिन पहले मोटर ईंधन के लिए वैकल्पिक बाजार की तलाश कर रहे हैं।

# जेम पोर्टल से तीन साल में हटाई गई चीन की सैकड़ों कंपनियां, मंच पर पड़ोसी देशों के कोई उत्पाद नहीं

GeM
Government
eMarketplace

**नई दिल्ली।**

सरकारी खरीद मंच जेम पोर्टल से पिछले तीन साल में चीन से जुड़ी सैकड़ों कंपनियों को हटाया गया है। ये कंपनियां चीन के नागरिकों के स्वामित्व वाली हैं या चीनी इकाई की इनमें उल्लेखनीय हिस्सेदारी है। जेम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि उन कंपनियों के सरकारी खरीद मंच पर कोई उत्पाद नहीं है, जिनकी जमीनी सीमा भारत से मिलती है।

सिंह ने कहा, हमने जेम पर से बहुत सारे फर्जी विक्रेताओं को हटा दिया है। खासकर जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के संबंध में व्यय विभाग के आदेश के बाद यह कदम उठाया गया है। इसके तहत, कुछ देशों के उत्पादों का उपयोग जेम मंच पर नहीं किया जाना है। उन्होंने कहा कि कंपनियों पर कार्रवाई को लेकर हम हिस्सेदारी पैटर्न पर गौर करते हैं और यह देखते हैं कि क्या कोई जमीनी सीमा साझा करने वाला देश है। फिर उसे मंच से हटा दिया जाता है या अयोग्य घोषित किया जाता है। जेम सीईओ ने कहा कि यह एक बड़ी संख्या है, जिसे हमने मंच से हटा दिया है। इस कदम से जो श्रेणियां गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं, उनमें लैपटॉप, डेस्कटॉप, चिकित्सा उपकरण आदि शामिल हैं। ये वे कंपनियां थीं, जिसका संबंध किसी भी तरह से चीन से था।

**जेम तीन अक्तूबर से टीसीएस के हवाले**-जेम को नया रंग-रूप देने के लिए 3 अक्तूबर से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को रणनीतिक भागीदार के रूप में नियुक्त किया है। मौजूदा कंपनी इंटेलेक्ट डिजाइन अरीना की अनुबंध अवधि खत्म होने वाली है।

**कंपनियों को बाहर करने में नियमों का पूरी तरह पालन**- जेम सीईओ ने कहा कि सरकारी खरीद मंच से चीनी कंपनियों को हटाने से पहले प्रत्यक्ष शेयरधारित के अलावा विक्रेताओं की किसी भी प्रकार की अप्रत्यक्ष हिस्सेदारी की भी जांच की गई थी। ऐसा करने में नियमों का पूरी तरह पालन किया गया था। उन्होंने कहा, चीनी कंपनियों को जेम पोर्टल से बाहर करने के ये आदेश किसी भी तरह से विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की किसी भी प्रतिबद्धता का उल्लंघन नहीं करते हैं क्योंकि निवेश एवं सरकारी खरीद अब भी वैश्विक व्यापार निकाय के किसी प्रकार के समझौते का हिस्सा नहीं हैं।

**चीन से विवाद के बाद व्यय विभाग ने बदले थे नियम**- चीन से सीमा पर गतिरोध के बाद व्यय विभाग ने जुलाई, 2020 में सामान्य वित्तीय नियमों में बदलाव किए थे। इसमें भारत से सीमा साझा करने वाले देशों के बोलीदाताओं को किसी भी सरकारी खरीद में भाग लेने से मना किया गया था। पाबंदी तब तक थी, जब तक वे सक्षम प्राधिकरण के पास पंजीकरण नहीं कराते।

# विकासशील देशों की सबसे अहम आवाज भारत, वैश्विक नेतृत्व में सक्षमः सुजमैन

**नई दिल्ली।**

बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सीईओ मार्क सुजमैन ने दक्षिणी गोलार्ध में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए भारत के समर्थन की सराहना की और इसे ग्लोबल साउथ की सबसे अहम आवाज करार दिया। साथ ही कहा है कि भारत वैश्विक नेतृत्व करने में सक्षम है।

सुजमैन ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भारत में विकसित मॉडल वै श्विक स्तर पर, खासकर ग्लोबल साउथ में प्रगति को गति दे सकते हैं। भारत स्पष्ट रूप से ग्लोबल साउथ की सबसे महत्वपूर्ण आवाजों में से एक है।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा देश है, जहां हमने (गेट्स फाउंडेशन) 20 वर्षों में विकसित की गई मजबूत साझेदारियों के अलावा, भारत में बेहतर स्वास्थ्य और विकास परिणामों को चलाने में मदद करने के लिए भारत में काम किया है।

### यहां दिखती है ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता

अब हम कृषि में डिजिटल वित्तीय समावेशन में मदद करने और स्वास्थ्य में अपने कुछ सबक और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में भारत की ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता देखते हैं।

उन्होंने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिस पर हम आने वाले वर्षों में काम करने और निर्माण करने के लिए उत्साहित हैं।

इसके अलावा, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में एक विशेष कार्यक्रम इंडिया -यूएन फॉर ग्लोबल साउथ में ग्लोबल साउथ के कई नेताओं की मेजबानी की। साथ ही उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत किस तरह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

### सुजमैन ने जी 20 को सराहा

इस महीने की शुरुआत में अफ्रीकी संघ को शीर्ष विश्व अर्थव्यवस्थाओं के समूह 20 (जी20) में स्थायी सदस्य का दर्जा दिया गया था। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों को ग्लोबल साउथ से संदर्भित किया जाता है, जबकि अमेरिका, कनाडा, यूरोप, रूस, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से विकसित देश ग्लोबल नॉर्थ का गठन करते हैं।

GOALKEEPERS
GOALKEEPE
ANI

अफ्रीकी महाद्वीप विश्व की लगभग 17 प्रतिशत जनसंख्या का निवास स्थान है। हालांकि, इस साल सितंबर तक दक्षिण अफ्रीका एकमात्र जी20 सदस्य था। सुजमैन ने जी20 की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम विशेष रूप से स्वास्थ्य और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और हम निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में इन्हें लागू करने में मदद करने के लिए भारत सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### न्यूयॉर्क के गोलकीपर्स सम्मेलन में छाया भारत

सुजमैन की की कही बातें न्यूयॉर्क में वार्षिक गोलकीपर्स सम्मेलन में गूंजी, जो कि मुख्य रूप से कम आय वाले देशों में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य में सुधार पर केंद्रित था। फाउंडेशन के शीर्ष अधिकारी ने सार्वजनिक और निजी भागीदारी के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के भारत के काम को भी मान्यता दी, जिससे प्रगति में तेजी आई है।

उन्होंने कहा कि हम विशेष रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश राज्यों के साथ बहुत करीब से काम करते हैं, जहां पारंपरिक रूप से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के परिणामों के मामले में कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण आंकड़े रहे हैं, लेकिन हाल ही में इसमें सकारात्मक प्रगति देखी गई है।

### डिजिटल इंडिया विधेयक में 500 करोड़ तक जुर्माने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार डिजिटल इंडिया विधेयक के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 500 करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रस्ताव कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र प्रस्तावित विधेयक के तहत साइबर सुरक्षा को बढ़ाने के लिए किसी भी डिजिटल प्रणाली में उत्पन्न, प्रसारित, प्राप्त या पहले से रखे गए आंकड़ों की निगरानी और उसे संग्रह करने के लिए किसी भी सरकारी एजेंसी को अधिकृत कर सकता है। इस पहले का मकसद मालवेयर या वायरस के घुसपैठ या उसे फैलने से रोकना है।

# अनुराग के साथ काम करना शानदार अनुभव : शर्मा

## - अक्षत ने किया था हड्डी का सह-लेखन और निर्देशन

**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म हड्डी के निर्देशक अक्षत अजय शर्मा ने कहा है कि अनुराग कश्यप के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने दोहरी भूमिका निभाई है, जिनमें से एक ट्रांसजेंडर की है। यह फिल्म 7 सितंबर को जी5 पर रिलीज हुई थी। अक्षत ने हड्डी का सह-लेखन और निर्देशन किया था। निर्देशक ने ट्रांसजेंडर पर फिल्म बनाने और अनुराग कश्यप के साथ काम करने के बारे में बात की। अनुराग कश्यप के साथ अपने काम के अनुभव के बारे में बात करते हुए, जिनकी उन्होंने अपनी फिल्मों में निर्देशक के रूप में सहायता की है, उन्होंने कहा, यह बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। अनुराग कश्यप की खूबी यह है कि जिन्होंने भी उनके साथ काम किया है, उन्होंने अद्भुत अनुभव पाया हैं। वह एक संस्कृति विकसित करते हैं, एक आजादी है जो वह जिम्मेदारी के साथ देते हैं।

जब आप उनके साथ काम करते हैं तो आपको हमेशा कुछ भी कहने की आजादी होती है। वह मेरे लिए सपोर्टिंग पिलर रहे हैं। उसका होना बहुत बेहतरीन था। ट्रांसजेंडर पर फिल्म बनाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, देखिये हम किसी को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते। हमने चर्चा की थी कि हम फिल्म को घिसी-पिटी या उपदेशात्मक नहीं बनाएंगे। इस समुदाय में बहुत गहराई है। वे रामायण काल से ही हमारे साथ हैं। हम उन्हें केवल ऐसे लोगों के रूप में जानते हैं जो हमारे समारोहों में बधाई देने आते हैं। लेकिन हम दिखाना चाहते थे कि वे कैसे रहते हैं, क्या करते हैं। हमने वो सब बहुत ईमानदारी से दिखाया है। हड्डी एक क्राइम ड्रामा है, जिसमें नवाजुद्दीन, अनुराग कश्यप और इला अरुण मुख्य भूमिका में हैं।

# विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर रिलीज को तैयार, प्रभास के फैंस कर रहे ट्रोल

**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की अपकमिंग फिल्म द वैक्सीन वॉर 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। हालांकि, इससे पहले तक फिल्म बॉक्स ऑफिस पर साउथ सुपरस्टार प्रभास की मच अवेटेड फिल्म सालार से टकराने वाली थी। लेकिन, सालार अब दिसंबर में रिलीज होने वाली है, जबकि प्रभास के फैंस अभी भी उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। हालांकि अब प्रभास की फिल्म की टक्कर विवेक अग्निहोत्री की फिल्म से नहीं, बल्कि बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की फिल्म डंकी से होने वाली है। इस बीच विवेक अग्निहोत्री का प्रभास के फैंस से जुड़ा एक स्टेटमेंट सुर्खियों में है, जिसमें उनका कहना है कि जब उन्होंने द वैक्सीन वॉर का ऐलान किया, प्रभास के फैंस उन्हें लगातार ट्रोल कर रहे थे। अपने हालिया इंटरव्यू में विवेक अग्निहोत्री ने दावा किया कि प्रभास के फैंस उन्हें ट्रोल कर रहे थे और उनके साथ गाली-गलौच भी की। विवेक ने कहा कि जब द वैक्सीन वॉर को प्रभास की सालार के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होना था, तब प्रभास के फैंस ने उन्हें निशाने पर ले लिया। जबकि द वैक्सीन वॉर एक छोटी फिल्म है जिसमें कोई बड़ा स्टार नहीं है। ये फिल्म 12.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी है। एक और फिल्म सालार आ रही थी, जो 300 करोड़ रुपये के बजट में बनी बड़े स्टार की बड़ी फिल्म है। उनके प्रशंसक मुझे गालियां दे रहे थे, ट्रोल कर रहे थे, इसको भगाओ, नहीं आना चाहिए, भाग कोई और गया, वे भाग गए। विवेक अग्निहोत्री ने आगे इशारा किया कि जवान की जबरदस्त सफलता के बीच शाहरुख खान के फैंस भी उन्हें गालियां दे रहे हैं। हालांकि इस दौरान फिल्म निमार्ता ने ना तो किसी फिल्म का नाम लिया और ना ही किसी एक्टर का, लेकिन उन्होंने तर्क दिया कि एक और बड़ी बॉलीवुड फिल्म के फैंस उनकी बेटी की तस्वीरें इस्तेमाल कर रहे हैं और उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

# अभिनेताओं, क्रू और निमार्ताओं का शेखर ने माना आभार

बालीवुड फिल्म निमार्ता शेखर कपूर ने अपनी फिल्म मासूम...द नेक्स्ट जेनरेशन को लेकर अपनी भावनाओं को साझा किया कि फिल्म निर्माण में औपचारिक शिक्षा या सेट पर सहायता की कमी के बावजूद फिल्म कैसे अस्तित्व में आई। उन्होंने अभिनेताओं, क्रू और निमार्ताओं का उनपर दिखाए गए भरोसे और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा- मासूम कैसे बनी? लोग अक्सर मुझसे पूछते हैं.. आखिर मैंने पहले कभी कोई फि ल्म नहीं बनाई, कभी फि ल्म का अध्ययन नहीं किया, सेट पर कभी किसी की सहायता नहीं की और फिर भी न केवल मुझ पर बल्कि फिल्म बनाने की प्रक्रिया में कलाकारों, क्रू और निमार्ताओं द्वारा बहुत विश्वास और आस्था थी। किसी ने मुझसे सवाल नहीं किया और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैंने कभी खुद से सवाल नहीं किया। मासूम भावनात्मक गहराई पर बनी थी, जो किसी भी रचनात्मक प्रयास का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# आदित्य ठाकरे ने शेयर की परिणीति चोपड़ा-राघव चड्ढा की शादी की अनदेखी तस्वीरें



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा रविवार 24 सितंबर को शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने उदयपुर के लीला पैलेस में एक शाही समारोह में शादी की। परिणीति और राघव की शादी में आदित्य ठाकरे भी शामिल हुए। शादी की तस्वीरें आदित्य ठाकरे ने शेयर की हैं। आदित्य ठाकरे शनिवार को राघव और परिणीति की शादी के लिए उदयपुर गए थे। अब उन्होंने शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें आदित्य ने वेडिंग थीम वाला ऑफ-व्हाइट कुर्ता और उसके ऊपर मल्टी कलर प्रिंटेड जैकेट पहना हुआ है। आदित्य ने फोटो को शेयर करके कैप्शन लिखा आप दोनों को बधाई हो। आपके पूरे जीवन में खुशी, अच्छे स्वास्थ्य और प्यार की कामना करता हूं। परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने मई में दिल्ली में सगाई की थी। उस वक्त कई राजनीतिक नेता मौजूद थे। इसके बाद अब वे शादी के बंधन में बंध गए हैं। उनकी शादी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे।

# परफॉर्मेंस से एक्ट्रेस मौनी ने किया मंत्रमुग्ध

## -एक्ट्रेस ने की स्पेशल कैबरे डांस सीक्वेंस की तैयारी

**मुंबई (ईएमएस)।** अपने परफॉर्मेंस से एक्ट्रेस मौनी रॉय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मौनी अब अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए एक स्पेशल कैबरे डांस सीक्वेंस की तैयारी की है। मौनी ने कहा, मिलन लुथरिया सर वास्तव में बहुत सटीक हैं और वह अच्छे से जानते हैं कि उन्हें क्या चाहिए। मुझे याद है कि मैं हमेशा उनसे पूछती थी कि हम किस गाने पर कैबरे कर रहे हैं और उन्होंने हमेशा कहा कि यह एक ऑरिजनल गाना होगा और शानदार होगा। उन्होंने कहा, जब आप शो देखेंगे, तो आप देखेंगे कि मैंने अपने लाइफ में पहली बार जैज करने की कोशिश की है। मैंने इसके लिए काफी रिहर्सल की, क्योंकि इसके लिए अलग बॉडी लैंग्वेज की आवश्यकता होती है और मैं डांस स्टाइल को लेकर बहुत आश्वस्त नहीं थी। मुझे लगता है कि हम सभी मिलन सर के विजन के अनुसार ही चलें। अर्नब रे की किताब सुल्तान ऑफ दिल्लीः असेंशन पर आधारित, सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित और सुपर्ण वर्मा द्वारा सह-निर्देशित और सह-लिखित है। सीरीज में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, विनय पाठक, निशांत दहिया और महिला अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरजादा शामिल हैं। सुल्तान ऑफ दिल्ली 13 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। इस बीच, मौनी को आखिरी बार ब्रह्मास्त्र में जुनून के रूप में देखा गया था, जिसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट लीड रोल में थे। बता दें एक्ट्रेस मौनी ने सीरिज में एक्स्ट्रा रिहर्सल के लिए टाइम निकालने और अपनी बॉडी लैंग्वेज को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# क्रैक - जीतेगा तो जिएगा की शूटिंग में व्यस्त है विद्युत जामवाल

वर्तमान में बालीवुड एक्टर विद्युत जामवाल और नोरा फतेही अपनी अपकमिंग फिल्म क्रैक - जीतेगा तो जिएगा के लिए बाकू में शूटिंग कर रहे हैं। विद्युत ने इंस्टाग्राम पर एक बूमरैंग शेयर की, जिसमें वह नोरा के पीछे नजर आ रहे हैं। क्लिप में नोरा सेल्फी कैमरे के जरिए बूमरैंग करती दिख रही हैं, जबकि एक्शन स्टार उनके पीछे चलते नजर आ रहे हैं और फिर कैमरे के लेंस में देखकर मुस्कुरा रहे हैं। उन्होंने क्लिप को कैप्शन दिया, पीछे की तरफ चौकस निगाहों वाला आदमी रॉकस्टार नोरा का बॉडीगार्ड/आर्मर मिशेल नायडू है। नोरा ने भी इंस्टाग्राम पर इसी बूमरैंग को पोस्ट किया और खुद को और विद्युत को क्रैक के रूप में टैग किया। क्रैक- जीतेगा तो जिएगा एक स्पोर्ट्स फिल्म है, जिसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। यह दो भाइयों की कहानी है, जो जीतने के लिए जानलेवा स्टंट करने के लिए तैयार हो जाते हैं।

# एनिमल का एक और पोस्टर शेयर



बालीवुड की अपकमिंग फिल्म एनिमल का एक और पोस्टर शेयर किया गया है। यह फिल्म-बॉबी देओल की है। इसमें एक्टर बॉबी देओल का खून से सना लुक दिखाया गया है। फिल्म में बॉबी का किरदार जानवरों से नफरत करने वाले व्यक्ति का है। नए पोस्टर में उनका उग्र अवतार दिख रहा है। वह चुप रहने का इशारा कर रहे हैं। एक्टर ने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, एनिमल का एनिमी एनिमल एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज और सिने1 स्टूडियो द्वारा निर्मित है। फिल्म में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी हैं। बॉबी 2019 के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उन्हें आखिरी बार सिल्वर स्क्रीन पर हाउसफुल 4 में देखा गया था। यह फिल्म पहले 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम लंबित होने के कारण इसे 1 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया था।

# भगवान भरोसे का ट्रेलर हुआ रिलीज

IN CINEMAS 13 OCTOBER
OFFICIAL TRAILER
ab toh sab BHAGWAN BHAROSE

शिलादित्य बोरा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म भगवान भरोसे का ट्रेलर रिलीज हो गया है और इसके बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। ट्रेलर एक पारंपरिक भारतीय गांव में पले-बढ़े दो युवा लड़कों की कहानी है। शिलादित्य बोरा इस कहानी में दो मासूम बच्चों के दिमाग के माध्यम से इस फिल्म को बनाया है। आस्था और अटूट दैवीय विश्वास पर सवाल उठाने से परे, भगवान भरोसे सांप्रदायिक तनाव के जटिल मुद्दे की पड़ताल करता है जो दुनिया भर में हमेशा प्रासंगिक रहा है। सुधाकर नीलमणि एकलव्य और मोहित चौहान द्वारा लिखित भगवान भरोसे 13 अक्टूबर को नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म के पोस्टर का हाल ही में फिल्म निमार्ता श्रीराम राघवन द्वारा रिलीज किया गया था। फिल्म में पंथ भारतीय रॉक बैंड इंडियन ओसियन का मूल संगीत है और गीत संजीव शर्मा (पीपली लाइव) के हैं।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी है ताहिर राज भसीन

## -वेब सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली में नजर आएंगे



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड अभिनेताओं में अगर किसी की कला में निखार आया है, तो वह ताहिर राज भसीन हैं। उन्होंने तीव्र एंटागनिस्ट की भूमिका निभाने से लेकर जटिल, स्तरित नायकों को चित्रित करने तक, विविध शैलियों और कथाओं में कदम रखा है। ताहिर को समीक्षकों द्वारा प्रशंसित ये काली काली आंखें, लूप लपेटा, छिछोरे, 83 और मदार्नी जैसी कुछ परियोजनाओं में देखा गया है। ताहिर राज भसीन अगली बार मिलन लूथरिया की सुल्तान ऑफ दिल्ली में नजर आएंगे। अर्नब रे की पुस्तक सुल्तान ऑफ दिल्लीः असेंशन पर आधारित, सीरीज 60 के दशक की दिल्ली में एक गैंगस्टर के उदय की कहानी है।सुल्तान ऑफ दिल्ली में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा, लक्ष्य हमेशा अव्यवस्था को दूर करने वाला काम करना है। जो चीज मुझे किसी भी परियोजना के प्रति आकर्षित करती है वह यह है कि वह कितनी अलग है। सुल्तान ऑफ दिल्ली एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो वास्तव में मेरे मन में घर कर गया। अर्जुन भाटिया एक ऐसा नायक है जिसमें एक अभिनेता द्वारा निभाए जा सकने वाले हर संभव रंग हैं और उसने मुझे हर दिन सेट पर अपना ए गेम लाने की चुनौती दी है! मैं भाग्यशाली हूं कि मिलन लुथरिया सर ने मुझे मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना और मुझे अपने भव्य दृष्टिकोण का हिस्सा बनाया। मुझे एक सटीक रोड मैप देना उनके लिए बहुत उदारता थी, फिर भी उन्होंने मुझ पर अपने विचारों को सामने लाने के लिए जगह और स्वतंत्रता का भरोसा दिया। वह आगे कहते हैं, मैं अर्जुन भाटिया और सीरीज पर लोगों की प्रतिक्रिया देखने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। एक अभिनेता के रूप में, मैं ऐसे प्रोजेक्ट करने की इच्छा रखता हूं और मैंने इस सीरीज में अपने भीतर से सब कुछ डाला है। इसलिए, इसे मिल रहा सारा प्यार और सराहना मेरे लिए एक बड़ी व्यक्तिगत मान्यता है। मैं मिलन सर और पूरी टीम के लिए बहुत खुश हूँ! मुझे उम्मीद है कि जब लोग 13 अक्टूबर को यह सीरीज देखेंगे तो वे चौंक जायेंगे।

# आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा थिएटर्स में गदर मचाने को तैयार

JIGRA
ALIA BHATT

**मुंबई (ईएमएस)।** आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा 27 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। आलिया सिर्फ अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि एक काबिल प्रोड्यूसर भी बन गई हैं। डार्लिंग्स की सफलता के बाद अब आलिया भट्ट एक और दमदार फिल्म ला रही हैं, जिसकी एक्ट्रेस ने अनाउंसमेंट कर दी है। इस बार फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में धमाल मचाएगी। आलिया भट्ट ने 25 सितंबर 2023 को अपनी अपकमिंग फिल्म जिगरा की अनाउंसमेंट की है। इस फिल्म के जरिए आलिया भट्ट ने पहली बार बतौर प्रोड्यूसर करण जौहर के साथ हाथ मिलाया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शन और आलिया की इटरनल सनशाइन प्रोडक्शन हाउस ने किया है। जिगरा को आलिया भट्ट सिर्फ प्रोड्यूस ही नहीं कर रही हैं, बल्कि वह इस फिल्म में अहम भूमिका भी निभाती दिखेंगी। आलिया ने जिगरा की पहली झलक दिखाते हुए रिलीज डेट का एलान किया है। जिगरा 27 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन वसन बाला कर रहे हैं। अभी तक सिर्फ आलिया के लुक से पर्दा उठा है। बाकी स्टार कास्ट के नाम की अनाउंसमेंट का इंतजार है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जिगरा का एनिमेटेड मोशन पोस्टर रिलीज किया है, जिसके जरिए एक्ट्रेस का पहला लुक आउट हुआ है। वीडियो में आलिया सड़क के बीचों-बीच शर्ट-पैंट और स्कीकर्स के साथ बैग टांगे खड़ी हुई हैं और उदास लग रही हैं। मोशन पोस्टर में एक्ट्रेस ने कहा, देख मुझे। मेरी राखी पहनता है ना तू। तू मेरे प्रोटेक्शन में है। तुझे मैं कुछ भी नहीं होने दूंगी। मोशन पोस्टर को शेयर करते हुए आलिया भट्ट ने करण जौहर के साथ बतौर प्रोड्यूसर काम करने पर अपनी फीलिंग्स शेयर की हैं।

## सूडोकु नवताल- 6567

★★★✮☆
मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6566 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्दजाल- 7314

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | अ | मे | रि | का | पा | तू | फा | न | प | क |
| न | खु | क | प | इं | डो | ने | शि | या | ड़ | क |
| अ | दा | जा | ला | र | ग | स | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | पा | ब | दू | स | पा | ह | लि | ल |
| त | ना | अ | सौ | न | जा | ला | कि | या | प | दे |
| आ | इ | इ | मो | व | प | वा | स्ता | ह | यु | बां |
| ग | जी | ल | ह | व | प | रि | न | व | प | ग |
| र | रि | भा | र | त | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | या | बा | तें | व | न | ज | जी | शा | जू | दे |
| र | ग | ल | प | व | सिं | ब्रा | रु | अ | प | श |
| बां | स | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | क | र |

*शब्द जाल में सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 देशों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

चीन, भारत, अमेरिका, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान, बांगलादेश, रूस, नाइजीरिया, जापान.

### शब्दजाल - 7313 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क | मु | ग | ल | ए | आ | ज | म | ल | व |
| द | वि | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | कां | ड़ |
| र | स | ल | म | दी | छ | स | आ | र्म | ख | क |
| इं | स | ल | न | दि | वा | स | ध | ल | श | क |
| डि | आ | दो | ग | ल | ज | ना | तू | ग | झ | क |
| या | ल | द | र | दि | झ | उ | ती | ण | घ | क |
| ती | व | ल | मी | या | प | बै | जू | बा | व | रा |
| क | एं | ऊ | ई | द | ब | क | फ | ए | श | क |
| क | ड | ल | प | र्द | गी | स | री | औ | प | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | जी | त | ऐ | ओ | प | द |
| क | ड | ल | प | या | प | स | व्य | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग -6267

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | | | 1 | | |
| | 33 | 2 | 32 | | 28 | |
| 1 | | 7 | | 4 | | 3 |
| 6 | 33 | | 42 | | 31 | 6 |
| | | | 6 | | 5 | 1 |
| 7 | 27 | 3 | 35 | 5 | 40 | |
| | 5 | | | 6 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6266 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 5 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 28 | 3 | 35 | 5 | 34 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 34 | 6 | 26 | 2 | 33 | 3 |
| 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 5 | 30 | 4 | 33 | 6 | 32 | 1 |
| 2 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# एशियाड में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का सफर समाप्त, सऊदी अरब ने 2–0 से बुरी तरह हराया

**हांगझोऊ।**

हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का सफर समाप्त हो गया है। प्री–क्वार्टर फाइनल यानी राउंड ऑफ–16 के मैच में सऊदी अरब ने भारत को 2–0 से हरा दिया। सऊदी अरब के लिए मोहम्मद खलील मार्रान ने दोनों गोल दागे। इससे पहले भारतीय महिला फुटबॉल टीम ग्रुप राउंड से ही बाहर हो गई थी।

पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं थीं। सऊदी अरब की टीम ने शुरुआती 45 मिनट में कई काउंटर अटैक किए, लेकिन भारतीय डिफेंस के आगे उनकी एक न चली। भारतीय टीम ने पहले हाफ में शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरे हाफ में 51वें मिनट में सऊदी अरब के मोहम्मद खलील मार्रान ने अल शबात के शानदार क्रॉस पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो स्टाइल में हेडर से गोल दागा और अपनी टीम को 1–0 से आगे कर दिया। इसके बाद 57वें मिनट में भी मार्रान ने शानदार स्किल दिखाते हुए मैच का और अपना दूसरा गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं और सऊदी अरब ने मुकाबला जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

सऊदी अरब की टीम काफी मजबूत है। उसने पिछले साल फीफा विश्व कप में चैंपियन अर्जेंटीना को हरा दिया था। हालांकि, एशियाई खेलों में सऊदी के सभी सीनियर प्लेयर्स नहीं खेल रहे, लेकिन उन्हें कम नहीं आंका जाना चाहिए। इस टीम के आगे भारतीय टीम ने कठिन चुनौती पेश की। हालांकि, सुनील छेत्री की अगुआई वाली टीम जीत दर्ज करने में कामयाब नहीं हो पाई।

भारत और सऊदी अरब के बीच अब तक चार बार आमना–सामना हुआ है। चारों ही बार भारत को हार का सामना करना पड़ा था। पहली बार दोनों 1982 में एशियाई खेलों में भिड़े थे। तब सऊदी अरब ने भारत को 1–0 से हराया था। इसके बाद 2006 एएफसी एशियन कप में दोनों का आमना–सामना हुआ। तब सऊदी अरब ने भारत को 3–0 से शिकस्त दी थी। इसी टूर्नामेंट में फिर 2006 में ही दोनोंन टीमें भिड़ी थीं। तब सऊदी अरब ने भारत के 7–1 से हराया था। 17 साल बाद दोनों टीमें आमने–सामने आईं और सऊदी अरब ने एक बार फिर जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों में सबसे पहली बार फुटबॉल 1951 में खेला गया था। उस साल भारत ने इसका स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद दूसरा पदक भारत ने 1970 में कांस्य के रूप में जीता। उसके बाद से एशियाई खेलों में पुरुष फुटबॉल में भारत के पदकों का सूखा जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 37 साल में पहली बार घुड़सवारी के व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में भारत को पदक, अनुष ने जीता कांस्य

**हांगझोऊ ।** भारत के अनुश अगरवाला ने गुरुवार को हांगझोऊ एशियाई खेलों में घुड़सवारी प्रतियोगिता की व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। 'एट्रो' पर घुड़सवारी कर रहे अनुश ने 73.030 अंक जुटाए, जिससे वह तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह उन्होंने एशियाड में अपना दूसरा पदक हासिल किया। इससे पहले अनुश अगरवाला ने छेदा, दिव्यकृति सिंह और सुदिप्ती हाजेला के साथ मिलकर भारत को 41 साल के बाद ड्रेसेज टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया था। मलयेशिया के कबील अम्बक ने 75.780 अंक के कुल स्कोर से स्वर्ण पदक और हॉन्गकॉन्ग के जैकलीन सिऊ ने 73.450 अंक से रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में शामिल अन्य भारतीय ह्रदय विपुल छेदा पदक स्पर्धा तक नहीं पहुंच सके और बाहर हो गये। बुधवार को ह्रदय ने क्वालिफाइंग में पहला स्थान हासिल किया था। भारत का यह एशियाई खेलों के घुड़सवारी के व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में 37 वर्षों में पहला पदक है। घुड़सवारी की यह स्पर्धा एशियाई खेलों में 1986 से आयोजित की जा रही है। तब से अब तक 37 वर्षों में भारत ने पहली बार व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा कोई भी पदक जीता है। अनुश ने इतिहास रच दिया।

### क्रिकेट टीम गेम, धोनी ने नहीं भारतीय टीम ने जीता था विश्वकप : डिविलियर्स

**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि भारत ने साल 2011 में जो विश्वकप जीता था वह भारतीय टीम की जीत थी। इसलिए इसका श्रेय उस समय के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को ही देना और उन्हें विजेता बताना ठीक नहीं है। डिविलियर्स के अनुसार क्रिकेट एक टीम गेम है। इसलिए जीत में सभी खिलाड़ियों का योगदान रहता है। साथ ही कहा कि किसी एक से टीम को जीत नहीं मिल सकती है। अपने इस बयान से इस स्टार क्रिकेटर ने सभी का ध्यान व्यक्तिगत उपलब्धियों से हटाने का प्रयास किया है। उनका मानना है कि सभी को जीत के लिए सामूहिक प्रयास के महत्व को समझना चाहिये। इस दिग्गज क्रिकेटर ने कहा, क्रिकेट एक टीम गेम है, इसमें कोई खिलाड़ी विश्व कप नहीं जीतता। मैं ऐसा अक्सर सोशल प्लेटफॉर्म पर देखता हूं। धोनी ने विश्वप कप नहीं जीता, भारत ने विश्व कप जीता ये बात याद रखें। यह याद रखें। साथ ही कहा कि केवल बेन स्टोक्स ने साल 2019 में लॉर्ड्स में ट्रॉफी नहीं उठाई , यह टीम इंग्लैंड की जीत थी। इसलिए इसे स्टोक्स की जीत बताना सही नहीं है। इस पूर्व क्रिकेटर ने आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के अपने साथी रहे युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की भी तारीफ की है। सिराज के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने एशिया कप 2023 फाइनल में अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, वह हमेशा वापस आता रहता है। वह हमेशा आपके सामने रहता है और मैंने पहले भी ये बात कही है।

### विश्वकप में सफल नहीं रहा है पाक का ये दिग्गज बल्लेबाज

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज इंजमाम उल हक अपने जमाने के सबसे बेहतर खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। यहीं कारण है कि पाक प्रशंसक उनकी तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से भी करते रहे हैं। इंजमाम का अंतरराष्ट्रीय सफर अच्छा रहा था पर विश्वकप में वह प्रभावी नहीं रहे हैं। इसमें भी 2003 विश्वकप में भी वह पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं। 2003 विश्वकप में ये बल्लेबाज छह मैचों में केवल 19 रन ही बना पाया था। इस दौरान 6 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा था। इंजमाम इस विश्वकप की छह पारियां में से दो में वे खाता भी नहीं खोल पाए थे और पूरे टूर्नामेंट में केवल दो चौके ही लगा पाए थे। यहां तक कि उनका औसत गेंदबाजों सकलैन मुश्ताक और वकार यूनिस से भी कम था। इस विश्वकप में इसी कारण पाक टीम का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा था। इंजमाम ने इस विश्वकप के लिए अपना वजन कम किया था और वे काफी दुबले नजर आए थे। तब भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली ने इंजमाम के वजन को लेकर एक किस्सा सुनाया था। गांगुली ने बताया था, 'विश्वकप में इंजमाम काफी फिट होकर पहुंचे थे। मैंने उनसे पूछा था कि आप इतने फिट कैसे नजर आ रहे हैं तो उन्होंने बताया था कि मैंने काफी ट्रेनिंग की है और वजन कम करके टूर्नामेंट के लिए आया हूं. लेकिन इस विश्वकप में वह रन नहीं बना पाए।' सौरव ने कहा, 'इसके बाद जब भी भारत–पाक का मुकाबला होता था, तब मेरी नजर इंजमाम के वजन पर ही रहती थी मैंने देखा था कि जब इंजमाम का वजन ज्यादा रहता था तो उनकी बल्लेबाजी भी जोरदार रहती थी।'

एशियाई खेल 2023 : भारतीय निशानेबाजों ने फिर किया कमाल

# पुरुष टीम ने चीन को एक अंक से हराकर सोना अपने नाम किया

**हांगझोऊ ।**

एशियाई खेल 2023 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। खासकर भारतीय निशानेबाजों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। शूटिंग में भारत को अब तक 13 पदक मिल चुके हैं। भारत ने कुल 24 पदक जीते हैं। इनमें आधे से ज्यादा पदक शूटिंग में आए हैं। भारतीय निशानेबाज चार स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं, जबकि भारत की झोली में कुल छह स्वर्ण हैं।

एशियाई खेल के पांचवें दिन भारतीय पुरुष निशानेबाजों की टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1734 के साथ चीन को एक अंक से हराकर टीम स्वर्ण जीता। वियतनाम ने 1730 के साथ कांस्य पदक जीता। सरबजोत (580) और अर्जुन (578) क्रमशः 5वें और 8वें स्थान पर रहे और व्यक्तिगत स्पर्धा फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। शिवा (576) 14वें स्थान पर रहे।

भारतीय पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए स्वर्ण पदक जीता। सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने मिलकर 1733 अंकों के साथ टीम स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने चीन को केवल एक अंक से हराया, जिसमें सरबजोत और नरवाल ने एक सही शॉट (10) हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया। सरबजोत और चीमा ने भी शानदार वापसी के बाद शीर्ष आठ में जगह बनाकर व्यक्तिगत फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सरबजोत सिंह कुल 530 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि चीमा 578 के साथ आठवें स्थान पर थे। हालांकि, नरवाल 576 अंक के साथ 14वें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह नहीं बना पाए।

इन तीनों निशानेबाजों की शुरुआत कुछ खास नहीं थी और फाइनल में पहुंचने के लिए तीनों को काफी बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत थी। निशानेबाजी में टीम के पदक खिलाड़ियों के निजी स्कोर को मिलाकर तय किए जाते हैं। ऐसे में टीम का ज्यादा योगदान नहीं होता। जिस देश के खिलाड़ी निजी रूप से अच्छा प्रदर्शन करते हैं, वही टीम पदक जीतती है, लेकिन भारतीय निशानेबाजों ने इसे गलत साबित किया। शुरुआत में पिछड़ने के बाद तीनों ने दमदार वापसी की और दो खिलाड़ी फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। तीसरे खिलाड़ी फाइनल से चूक गए, लेकिन अंत में शानदार शॉट हासिल कर देश को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम योगदान दिया।

नियम के अनुसार एक देश के दो ही खिलाड़ी फाइनल में पहुंच सकते हैं। ऐसे में शिवा शीर्ष खिलाड़ियों में भी होते तो फाइनल में जगह नहीं बना पाते, क्योंकि बाकी दोनों भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन उनसे बेहतर था।

**भारतीय खिलाड़ियों ने की दमदार वापसी**–सरबजोत और नरवाल की धीमी शुरुआत के बाद प्रतियोगिता का आधा समय खत्म होने के बाद आधे समय तक भारत टीम में छठे या सातवें स्थान पर था। लेकिन जैसे–जैसे क्वालीफिकेशन खत्म होने के करीब आया, भारतीयों ने बेहतर प्रदर्शन किया। जल्द ही टीम इंडिया रजत पदक जीतने की स्थिति में आ गई और दो खिलाड़ी व्यक्तिगत स्पर्धा में फाइनल के करीब पहुंच गए। सिंह ने दो 95 के शॉट के साथ शुरुआत की लेकिन इसके बाद 97, 98, 97 और 98 के स्कोर बनाए।

चीन ने उज्बेकिस्तान को पीछे छोड़ दिया था और स्वर्ण की रेस में सबसे आगे चल रहा था। भारत को स्वर्ण जीतने के लिए 10 के स्कोर की जरूरत थी और दो भारतीय निशानेबाजों ने 10 का स्कोर हासिल कर भारत को चीन पर एक अंक से बढ़त दिला दी। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें भारत ने पिछले एशियाई खेलों में चमक बिखेरी थी, जिसमें 16 वर्षीय सौरभ चौधरी और अभिषेक वर्मा ने भारत के लिए ऐतिहासिक पदक जीते थे।

### सिफ्त अपने ही कीर्तिमान पर हैरान; स्वर्ण जीतने का था अंदाजा, पर रिकॉर्ड का न सोचा और न ही पता लगा

**नई दिल्ली।** शूटिंग के लिए इसी वर्ष एमबीबीएस को छोड़ने वाली फरीदकोट (पंजाब) की सिफ्त कौर समरा एशियाई खेलों के कंपटीशन से पहले की रात साथी आशी चौकसी से कह रही थीं कि वे दोनों स्वर्ण और रजत पदक जीत सकती हैं। सिफ्त ने स्वर्ण जीत लिया, लेकिन फाइनल में विश्व कीर्तिमान बनाने का उन्हें अंदाज भी नहीं था। सिफ्त कहती हैं कि एशियाड का स्वर्ण तो उनके लिए खुशी है ही, लेकिन विश्व कीर्तिमान का पता लगना उनके लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था।

# विश्वकप में खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर कोई संशय नहीं : रोहित

**राजकोट ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि विश्वकप में खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर उनके या टीम प्रबंधन के मन में किसी प्रकार का कोई संशय नहीं है। रोहित ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में हार के बाद भी उनकी टीम की रणनीति में कोई बदलाव नहीं आयेगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 2–0 से जीती है। रोहित ने कहा कि हम वास्तव में बहुत अच्छा खेल रहे हैं। जब हम विश्व कप की 15 सदस्यीय टीम की बात करते हैं तो हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि हम क्या चाहते हैं और किस खिलाड़ी को क्या भूमिका निभानी है।

रोहित ने कहा कि हम किसी तरह से संशय में नहीं रहना चाहते हैं। हम इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। रोहित ने कहा कि उनकी टीम ने पिछले कुछ मैचों में चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना किया और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में मिली 66 रनों की हार को लेकर परेशान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सात–आठ मैचों में हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। हमने अलग–अलग हालातों में अच्छा खेल दिखाया। इसमें कुछ अवसरों पर हमें कठिन हालातों का भी सामना करना पड़ा पर हमने उनका अच्छी तरह से सामना किया। कुछ मैचों में ही अपने अनुसार परिणाम न मिलने से हम अपनी रणनीति नहीं बदल सकते हैं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मिशेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए यह विश्व कप से पहले गेंदबाजों के लय में आने का लाभ उनकी टीम को मिलेगा। कमिंस ने कहा कि स्टार्क और मैक्सवेल ने चोट के बाद शानदार वापसी की। जिससे टीम उत्साहित है।

कुछ मैचों में खराब प्रदर्शन से नहीं बदलती रणनीति

# नवीन-उल-हक विश्वकप के बाद एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेलेंगे

**मुम्बई ।**

विवादों में रहे अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन–उल–हक ने कहा है कि वह विश्वकप के बाद एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। नवीन ने कहा कि वह टी20 और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी खेलते रहेंगे। नवीन आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हैं। नवीन ने सोशल मीडिया पर लिखा, अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक अत्यंत सम्मान की बात है। मैं इस विश्व कप के अंत में एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा करना चाहूंगा हालांकिअपने देश के लिए टी20 क्रिकेट खेलता रखूंगा। साथ ही कहा कि मेरे लिए संन्यास का फैसला बेहद कठिन रहा पर अपने खेल करियर को आगे बढ़ाने के लिए मुझे यह कठिन निर्णय लेना पड़ा, मैं अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अपने सभी प्रशंसकों को उनके समर्थन और अटूट प्यार के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। नवीन ने अब तक 7 एकदिवसीय मैचों में 25.42 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। उन्होंने देश के लिए अंतिम बार जनवरी 2021 में अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ 50 ओवर का एक मैच खेला था। इस प्रारूप में उन्होंने पहला मैच सितंबर 2016 में बांग्लादेश से खेला था।

गौरतलब है कि पिछले साल आईपीएल के दौरान नवीन की विराट कोहली से बहस हो गयी थी जिसके बाद उनकी जमकर आलोचना हुई थी। नवीन ने टी20ई में 27 मैचों में 20.70 की औसत से 34 विकेट लिए हैं। अफगानिस्तान टीम विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम को वर्ल्ड कप 2023 से पहले लगा करारा झटका, एश्टन आगर हुए पूरे टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली।**

ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन आगर भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2023 से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एश्टन आगर पिंडली की चोट से उबर नहीं पाए हैं, जिसकी वजह से वो भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में नहीं खेल सके।

एश्टन आगर पिछले कुछ समय से पिंडली की चोट से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले आगर को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के साथ ट्रेनिंग करने के दौरान पिंडली में दर्द महसूस हुआ था। वो वनडे सीरीज के लिए लौटे, लेकिन पिंडली में सूजन के कारण पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच के बाद अपना नाम वापस लिया।

**ऑस्ट्रेलिया चोटिल खिलाड़ियों से परेशान**– एश्टन आगर जल्द ही अपने बच्चे के जन्म के लिए घर लौटे और फिर भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर रहे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप स्क्वाड में आगर का नाम शामिल है और उम्मीद की जा रही है कि वो वॉर्म–अप मैचों में लौट आएंगे।

अब ऑस्ट्रेलियाई टीम में आगर के लौटने की उम्मीद कम है। कंगारू टीम पहले ही ट्रेविस हेड और नाथन एलिस की चोटों से परेशान है।

बहरहाल, ऑस्ट्रेलिया के पास इस समय प्रमुख स्पिनर के रूप में एडम जंपा शामिल हैं। ग्लेन मैक्सवेल और स्टीव स्मिथ भी जरुरत पड़ने पर स्पिन गेंदबाजी करते हैं।

**कौन होगा आगर का विकल्प**–एश्टन आगर का विकल्प कौन होगा, इस पर चर्चा चल रही है। तनवीर सांघा और मार्नस लाबुशेन को आगर का उपयुक्त विकल्प माना जा रहा है। सांघा को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में मौका मिला, जहां उन्होंने रवींद्र जडेजा को अपना शिकार बनाया। देखना होगा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम आगर के विकल्प का नाम कब तक बताएगी।

### विश्वकप अभ्यास मैच से वापसी करेंगे विलियमसन

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियमसन विश्वकप के अभ्यास मैचों से खेल में वापसी करेंगे। विलियमसन आईपीएल के 16 सत्र में चोटिल होने के बाद से ही खेल से दूर हैं। कीवी टीम के प्रमुख बल्लेबाज ने पिछले छह महीने से क्रिकेट नहीं खेला है। मार्च में आईपीएल के दौरान गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए उनके दाएं घुटने में चोट लग गयी थी। विलियमसन ने कहा कि मेरी योजना विश्वकप के अभ्यास मैचों से खेल में जुड़ने की है। जितना अधिक हो सके मैं अभ्यास मैचों से जुड़ना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि असल में, मैं जो कर रहा हूं उसमें आगे बढ़ना चाहता हूं। जिसमें दौड़ना, क्षेत्ररक्षण, बल्ले के साथ क्रीज पर समय बिताना आदि है। कीवी टीम विश्व कप अभ्यास मैच में 29 सितंबर को हैदराबाद में पाकिस्तान और दो अक्टूबर को तिरुवनंतपुरम में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। वहीं टीम 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड से खेलेगी।

# पिता रोज प्रदर्शन कर रहे, चिंता में मां रात भर जगती हैं; बेटी ने पदक जीतकर बांटी खुशियां

**हांगझोऊ ।**

एशियाई खेल 2023 में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाली रोशिबिना देवी लगातार चर्चा में हैं। उन्होंने वूशु में महिलाओं की 60 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। भारत के तीन वूशु खिलाड़ियों को वीजा नहीं मिलने के कारण यह खेल पहले से ही चर्चा में था और रोशिबिना ने इस खेल में पदक जीतकर सभी देशवासियों को गौरवान्वित कर दिया। उन्होंने अपनी जीत का कोई खास जश्न नहीं मनाया और अपने पदक को माता–पिता के साथ उन तीन साथी खिलाड़ियों को समर्पिता किया, जो वीजा नहीं मिलने के चलते प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं।



### चीन की वू जियाओवेई से मिली शिकस्त

रोशिबिना गुरुवार को फाइनल मैच में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार चीन की वू जियाओवेई से 0–2 से हार गईं। जकार्ता में 2018 में कांस्य के बाद एशियाई खेलों में यह रोशिबिना का यह दूसरा पदक था। यह वूशु में भारत का दूसरा व्यक्तिगत रजत पदक था। इससे पहले वांगखेम संध्यारानी देवी 2010 में गुआंगझोऊ खेलों में इसी भार वर्ग में फाइनल में दूसरे स्थान पर रही थीं।

स्वर्ण पदक मैच में रोशिबिना ने अपने चीनी प्रतिद्वंद्वी का पैर पकड़कर आक्रामक होने की कोशिश की, लेकिन श्रेणी में मौजूदा चैंपियन वू शियाओवेई ने तुरंत इसका आकलन कर लिया। उसने तुरंत भारतीय पर पासा पलट दिया। उसने रोशिबिना पर शानदार योजनाबद्ध टेकडाउन के साथ पहला अंक अर्जित किया। मणिपुरी एथलीट ने वापसी करने की कोशिश की और वू का पैर पकड़कर उसे किनारे तक धकेल दिया, लेकिन असफल रही क्योंकि पहला राउंड चीनी खिलाड़ी के नाम था। दूसरे राउंड में वू ने रोशिबिना को मौका नहीं दिया और आक्रामक अंदाज में जीत हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### पदक जीतकर मुझे अच्छा लग रहा

रजत पदक जीतने के बाद रोशिबिना ने कहा रजत पदक जीतकर मुझे अच्छा लग रहा है, लेकिन मैं स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने से थोड़ा दुखी भी हूं। मैं अपने तीन दोस्तों के लिए जीतना चाहती हूं जो यहां नहीं पहुंच सके। मुझे ओनिलु के आसपास रहने की आदत है। हम अक्सर एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं और अच्छे दोस्त हैं। इस तरह के बड़े आयोजनों में, किसी ऐसे व्यक्ति का होना महत्वपूर्ण है जिसके साथ आप सहज हों।

न्येमान वांगसु, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्गु अरुणाचल प्रदेश के तीन एथलीट हैं जिन्हें चीनी अधिकारियों ने हांगझोऊ खेलों के लिए यात्रा करने के लिए वीजा देने से इनकार कर दिया था। ओनिलु रोशिबीना के साथी हैं। इस पर रोशिबिना ने कहा वुशु भारत में एक छोटा परिवार है और हम सभी काफी करीब हैं। मैं अपनी सफलता अपने माता–पिता और साथी एथलीटों को समर्पित करना चाहती हूं जो यहां नहीं हैं। मैं ओनिलु, न्येमान वांगसु और मेपुंग लाम्गु के लिए जीतना चाहती हूं। यह उनके लिए मेरा उपहार होगा।

### माता-पिता की सुरक्षा को खतरा

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वासीफाई मयई लेइकी गांव की रहने वाली रोशिबिना अपने माता–पिता से फोन पर रोज बात करती थीं। खेल गांव में रहते हुए वह अपने खेल को लेकर चर्चा नहीं करती थीं। उनकी चिंता माता–पिता की सुरक्षा को लेकर है। उनके माता–पिता किसान हैं और विरोध प्रदर्शन में शामिल हैं। मणिपुर लगभग चार महीने से जातीय हिंसा की चपेट में है।

रोशिबिना ने कहा मैं कुछ भी नहीं कर सकती। मैं बस नकारात्मकता से दूर रह सकती हूं और उनके लिए प्रार्थना कर सकती हूं। मेरे पिता नियमित रूप से विरोध प्रदर्शन करने जाते हैं, जबकि मेरी मां अक्सर हमारे गांव को अराजक तत्वों से सुरक्षित रखने के लिए दूसरों के साथ रात भर जागती रहती हैं। हमारा घर एक पुलिस स्टेशन के करीब है, लेकिन मैंने सुना है कि वहां पुलिस को भी खतरा है।

## हेल्थ केयर

# इस तरह होगी नॉर्मल डिलिवरी...

**प्रेग्नेंसी** के खूबसूरत पड़ाव से हर महिला को गुजरना पड़ता है। हालांकि 9 महीने किसी भी महिला के लिए गुजारना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में अगर डिलिवरी नॉर्मल नहीं होती है तो डिलिवरी के बाद भी परेशानी होती है। इसलिए कुछ ऐसी बातें हैं जिससे डिलिवरी नॉर्मल हो सकती है।

### रोजाना व्यायाम करें

ऐसे समय में महिलाओं को आराम करने की सलाह दी जाती है, लेकिन अगर व्यायाम करने से फायदा होता है तो जरूर करें। व्यायाम से आप चुस्त रहेंगी और नॉर्मल डिलिवरी के दर्द को बर्दाश्त सकेंगी लेकिन इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि व्यायाम करते वक्त व्यायाम विशेषज्ञ से जरूर पूछ लें क्योंकि गलत तरीके से व्यायाम करने से आपके व आपके बच्चे की जान खतरे में पड़ सकती है।

### तनाव से दूर रहें

तनाव से केवल महिला की परेशानी ही नहीं बढ़ाती बल्कि प्रेग्नेंसी में भी कई काम्प्लीकेशन्स बढ़ सकते हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव महिला व बच्चे की सेहत पर पड़ता है। अगर बेवजह तनाव महसूस हो रहा है तो अपने डॉक्टर से मिलकर और इसके पीछे छुपे कारण को जानने की कोशिश करें।

### खान-पान पर ध्यान दें

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कमजोरी आती है। इस कमजोरी को घटाने के लिए डॉक्टर गोलियां भी देते हैं। लेकिन जो ताकत खाने से मिलती है वो गोलियों से नहीं मिल सकती। यदि महिला नॉर्मल डिलिवरी चाहती है तो सही समय पर खाएं और सही आहार खाएं।

### कहानियों को न सुनें

इस समय बहुत से लोग अपनी कहानियां सुनाते हैं। कई लोगों के पास सुनाने के लिए कई किस्से होते हैं लेकिन उन्हें न सुनने की जिम्मेदारी महिला पर है। डरावनी कहानियों को सुनने से मन में डर बैठ जाएगा और महिला निगेटिव सोचने लगेगी।

### परेंटल क्लासेज लें

परेंटल क्लासेज में गर्भावस्था व गर्भावस्था के बाद के महीनों से जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताई जाती हैं। बच्चे व मां से जुड़ी बातों की समझ रखने वाले एक्सपर्ट ही इन क्लासेस को चलाते हैं ताकि महिला अपनी कोई भी समस्या इन्हें खुल के बता सकें। इसके अलावा, वे नॉर्मल डिलिवरी पाने के लिए जरूरी कसरत भी सिखाते हैं।

## पीला रंग के फल व सब्जियां में सेहत के राज

पपीता, बेल, केला, कद्दू यह सब खुशी के रंग होते हैं। इनमें लाइकोपीन, बिटामिन-ए, सी, पोटेशियम, फलेवोनायड पाया जाता है ये पोषक पदार्थ ब्लडप्रेशर को नियंत्रिता करते है। इनके सेवन से कब्ज और गले की जलन से छुटकारा मिलता है। यह आपकी हेल्थ के अलावा बालों में चमक लाते है।

## घरेलू उपायों से करें हैंगनेल का उपचार

नाखून के किनारों पर उतरने वाली खाल को हैंगनेल यानी क्यूटिकल्स कहते है, मेनीक्योर के दौरान आप अपने क्यूटिकल्स को अगर नियमित पुश करवाएंगे तो उनको काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्यूटिकल नाखूनों के ऊपर की त्वचा होती है। नाखूनों को सेहतमंद रखने के लिए हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। नाखूनों के हाइड्रेशन के लिए क्यूटिकल ऑयल लगाना अनिवार्य होता है। अगर आप के क्यूटिकल बहुत नाजुक है, तो नाखूनों केआस-पास की जगह पर क्यूटिकल ऑयल लगाएं, जिससे नमी बनी रहे और नाखूनों को मजबूती मिले।

# डिल्यूशन डिसऑर्डर...

## वहम की बीमारी

**कई** लोगों को लगता है कि लोग उनके बारे में गलत बोल रहे हैं और उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। ऐसे लोग शक के चलते अन्य लोगों लड़ पड़ते हैं, लेकिन हकीकत में उनका शक गलत होता है। कोई अपने पति पर तो कोई अपनी पत्नी या प्रेमिका पर शक करता है। इसके चलते क्राइम के कई मामले सामने आते हैं। शक की बीमारी को मनोविज्ञान मे डिल्यूशन डिसऑर्डर यानी भ्रम कहते हैं। यह गलत, कट्टर, और पक्के विश्वास से बनी हुई सोच या विचार होते हैं जिसको मानने की कोई वजह नहीं होती है और मरीज फिर भी उस सोच या विचार को पक्के विश्वास के साथ मानकर चलता है। वह उस खयाल के अलावा कुछ और मानने के लिए तैयार ही नहीं होता। उसे लगता है कि जो वह सोच रहा है या फिर कर रहा है वह सब सही है और बाकी सब गलत। डिल्यूशन कई तरह के होते हैं। यहां हम इनके बारे में जानेंगे।

**नियंत्रण का भ्रमः** इसमें मरीज में एक ऐसा गलत विश्वास या सोच बैठ जाती है कि उसके मन,उसके विचार, या बर्ताव पर किसी दूसरे इंसान का कंट्रोल होता है।

**बेवफाई का भ्रमः** मरीज को लगता है कि उसके पति या पत्नी का किसी और से अफेयर चल रहा है। अकसर इस भ्रम से भ्रमित इंसान सबूतों को बटोरने की कोशिश करता रहता है और जो वास्तव में होते ही नहीं।

**खुद को आरोपी मानने का भ्रमः** ऐसे भ्रम में मरीज पश्चाताप या अपराधी होने की गलत भावना का शिकार होता है। उदाहरण के तौर पर उस इंसान को लगता है कि सुनामी, भूकंप आने जैसी घटनाओं के लिए वह जिम्मेदार है क्योंकि उसको ऐसा सपना आया था या फिर उन घटनाओं से पहले वह इनके बारे मे सोच रहा था।

**ऐरोटमनीः** यह सोच रखना कि कोई इंसान उससे प्यार करता है। ऐसे इंसान को लगता है कि किसी दूसरे इंसान ने खास तरीकों से जैसे नजरें मिलाकर, इशारे कर उसके प्रति अपने प्यार का इजहार किया है।

**भव्य भ्रमः** इसमे इंसान सोचता है कि उसमें कुछ विशेष शक्तियां ,बहुत ताकत, जानकारी या क्षमताएं मौजूद हैं जो किसी दूसरे मे नहीं है। ऐसा रोगी यह समझ लेता है की दुनिया उसका वजह से ही सुरक्षित है।

**मन की बात को पढ़ने का भ्रमः** इसमें इंसान सोचता है कि वह किसी के भी मन या दिमाग की बात आसानी से पढ़ सकता है।

**संदर्भ का भ्रमः** इसमे इंसान को लगता है कि उसके चारों तरफ होने वाली घटनाएं उससे जुड़ी हुई हैं। उसे लगता है की आसपास उसके बारे में ही बातें हो रही हैं।

**दैहिक भ्रमः** इसमे इंसान को बिना किसी वजह से लगता है कि वह बीमार है या फिर उसके शरीर के ऊपर कीड़े रेंग रहे हैं जबकि असली मे ऐसा कुछ नहीं होता।

**उत्पीड़न का भ्रमः** इसमे इंसान को लगता है की लोग उसके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। पीछा किया जाना, जासूसी, परेशान करना, धोखा देना, जहर देना, हमला होना, अड़चनें पैदा करना, चोरी या नशा करवाना, अपने खिलाफ साजिश, जासूसी, हमला होना जैसे विषय शामिल हैं।

**क्यों होती है यह बीमारीः** यह बीमारी दिमाग में डोपामाइन नाम के एक न्यूरोट्रांसमीटर की मात्रा बढ़ जाने के कारण होती है। अगर आपके आस पास किसी इंसान मे ऐसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत उसके घर वालों को इस बीमारी के विषय मे बताएं। भारत मे मनोविज्ञान के बारे में ज्यादा जागरूकता न होने की वजह से छोटी छोटी दिक्कतें बड़ी बीमारी का रूप ले लेती हैं और उसका इलाज तब करवाया जाता है जब इंसान पूरी तरह से मानसिक रोगी बन चुका होता है। तेजाब फेंकना, छोटी छोटी बातों पर बिना बात पर हंगामा खड़ा करना, बेवजह ज्यादा शक करना सब इसी बीमारी के लक्षण हैं।

## हेल्थ फैक्ट्स

# कुछ सप्लीमेंट्स की जरूरत नहीं...

**हम** सभी जानते हैं कि स्वस्थ शरीर के लिए हमें कुछ विटामिन्स और मिनरल्स लेने की आवश्यकता होती है। विभिन्न कार्यों को करने के लिए शरीर को इनकी आवश्यकता होती है परन्तु शरीर पर्याप्त मात्रा में इनका उत्पादन नहीं कर पाता। हालांकि हाल ही में की गई खोज के अनुसार यह पता चला है कि हमारे शरीर को कुछ विटामिन्स और सम्पूरकों की आवश्यकता नहीं होती। मिनरल्स और विटामिन्स को अक्सर माइक्रोन्यूट्रियंट कहा जाता है क्योंकि शरीर को बहुत कम मात्रा में इनकी आवश्यकता होती है। कैल्शियम, विटामिन डी और के, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस आपकी हड्डियों को टूटने से बचाता है। विटामिन डी पाचन तंत्र से होकर जाने वाले खाद्य पदार्थों से कैल्शियम अवशोषित करने में सहायक होता है न कि हड्डियों से।

अनेक बी विटामिन्स कुछ को एंजाइम्स के मुख्य घटक होते हैं जो खाद्य पदार्थों से ऊर्जा प्राप्त करने में सहायक होते हैं। विटामिन बी6, बी12 और फोलिक एसिड, एमिनो एसिड को पचाने में सहायक होते हैं जो कोशिकाओं के गुणन में सहायक होता है। आम धारणा के विपरीत पानी में घुलनशील कुछ विटामिन्स शरीर में लंबे समय तक रहते हैं। आपका लीवर कई वर्षों तक विटामिन बी12 की आपूर्ति करता है। आइए उन विटामिन्स और मिनरल्स के बारे में जाने जिन्हें लेने की आवश्यकता नहीं होती। सबसे पहला है कैल्शियम के सप्लीमेंट्स। अक्सर महिलाओं को मजबूत हड्डियों के लिए कैल्शियम के सप्लीमेंट्स लेने के लिए कहा जाता है।

VITAMIN
C
VITAMIN
B12

वर्तमान में की गई खोज के अनुसार इसके कारण किडनी में स्टोन, धमनियों का कड़ा होना और हार्ट संबंधी समस्याएं होने की आशंका होती है। इसके बजाय फिश, हरी पत्तेदार सब्जियां और बादाम का सेवन करें। इनमे कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। वर्तमान खोज के अनुसार विटामिन ई के कारण कैंसर हो सकता है। पहले अल्जाइमर, मोतियाबिंद, दिल की बीमारी आदि बीमारियों से बचने के लिए विटामिन ई लेने की सलाह दी जाती थी। आयोडीन के सप्लीमेंट्स लेने से पहले अपने डॉक्टर की सलाह अवश्य लें क्योंकि आयोडीन की थोड़ी भी अधिक मात्रा से हाइपोथाइरोइडिज्म के शिकार हो सकते हैं। अतः आयोडीन की मात्रा लेते समय सावधान रहें। आयरन सप्लीमेंट्स लीवर और अन्य अंग जैसे पेन्क्रियास और हार्ट को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अतः- डॉक्टर की सलाह लें और देखें कि क्या वास्तव में आपको आयरन के सप्लीमेंट्स लेने की आवश्यकता है या नहीं। विटामिन बी6 संपूरक से नसों में असामान्य उत्तेजना उत्पन्न होती है। अतः कोई भी संपूरक लेने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

## कम समय में एक्टिव रहने के उपाय

# ऑफिस में थकान दूर कर रहें फिट

**सुबह की भागदौड़ और लंबे वर्किंग आवर्स की वजह से ऑफिस जाने वाले लोगों में अक्सर थकान, कमजोरी, नर्वस ब्रेकडाउन, बॉडी पेन की शिकायतें मिलती हैं।**

सुबह ऑफिस जाने की जल्दी में न तो ठीक से नाश्ता होता है और न ही एक्सरसाइज। इस वजह से सुबह उठकर भी हम फ्रेश महसूस नहीं करते हैं। समय की कमी की वजह से ये सब होता है। इसलिए हम आपको बता रहे हैं 5 ऐसे ट्रिक्स। इसकी मदद से आप ऑफिस में सुबह से लेकर शाम तक रह सकते हैं फ्रेश और एक्टिव।

### स्ट्रेचिंग

लंबे वक्त तक लैपटॉप और कंप्यूटर पर काम करने की वजह से शरीर और आंखों में दर्द होता है। इससे निजात पाने के लिए स्ट्रेचिंग एक बेहतर उपाय है। इसके लिए आप अपनी सीट से कुछ देर के लिए उठिए। दोनों हाथों को ऊपर उठाकर स्ट्रेच करिए। हाथों की अंगुलियों को घुमाएं। इस सब से मांस-पेशियों में खिंचाव आएगा और खून का बहाव भी सामान्य होगा।

### तनाव को रखें दूर

ऑफिस में काम को लेकर तनाव होना आम बात है। अच्छा है कि 2-3 घंटों तक लागातार काम करने के बाद कुछ देर के लिए रेस्ट लें। दिमाग को डायवर्ट कर रिलैक्स मोड पर डाल दें।



### आंखों को करें रिलैक्स

ज्यादा देर तक कंप्यूटर पर टकटकी लगाकर न देखें। हर एक घंटे में थोड़ी देर के लिए आखों को बंद कर लें। इससे आंखों पर लगातार पड़ रहे दबाव से मुक्ति मिलेगी। आंखें रिलैक्स होंगी। 30 सेकन्ड के लिए पलकों को बार-बार बंद करें और खोलें। यह आंखों की अच्छी एक्सरसाइज है।

### मील

दिन में एक बार जमकर खाने से बेहतर है कि हर दो घंटों में एक कंप्लीट मील लें। इसके लिए जरूरी है कि आपकी हर मील पोषक तत्वों से भरी होनी चाहिए। इस मील में फ्रूट्स, वेजिटेबल्स, चना, पोहा खाना चाहिए। यह हेल्दी होने के साथ ही आसानी से पच भी जाता है। पोषक तत्वों से भरी ये मील आपको एनर्जेटिक भी रखेगी।

### वाकिंग

दिनभर कुर्सी पर बैठे रहना सेहत के लिए बहुत खराब हो सकता है। इससे पेट पर फैट बढ़ने के साथ ही बैकबोन संबंधी बीमारी की शिकायत भी हो सकती है। बेहतर है कि कुर्सी से उठकर बीच-बीच में 5-10 मिनट की वॉक लेते रहें।

# वैलनैस इंडस्ट्री में कॅरियर को बनाएं बेहतर

वैलनैस इंडस्ट्री के तहत विभिन्न तंदुरुस्ती तथा सौंदर्य सेवाएं आती हैं, जिनका आनंद कोई व्यक्ति किसी सैलून अथवा केंद्र में उठा सकता है। पहले यह एक असंगठित उद्योग था, लेकिन अब देश के सकल घरेलू उत्पाद यानि देश की आय में इसका योगदान महत्वपूर्ण है। एक अध्ययन के अनुसार देश में वैलनैस इंडस्ट्री के इस वर्ष के अंत तक 1 लाख करोड़ रुपए का कारोबार करने का अनुमान है। इसमें आपके लिए बेहतर कॅरियर के विकल्प मौजूद हैं।

### प्रशिक्षण संस्थान...

हाल के वर्षों में वैलनैस इंडस्ट्री में कॅरियर बनाने का प्रशिक्षण देने वाले देश में कई संस्थान खुले हैं। ये संस्थान वैलनैस के क्षेत्र में ट्रेनिंग व एजुकेशन प्रदान कर रहे हैं। मंत्रा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फिटनेस मैनेजमेंट, ओरिएंट स्पा इंस्टीट्यूट, एनएसएचएम उड़ान स्किल्स फाऊंडेशन जैसे कुछ संस्थान अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोग्राम्स तथा कोर्सेज करवा रहे हैं। ग्लोबल इंडियन ब्यूटी एक्स्पो 2014 आदि इसी का उदाहरण है। देश में वैलनैस इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य बनाने की अपार संभावनाएं हैं।

### स्वरोजगार के भी अच्छे मौके...

यह भी अच्छी बात है कि जो लोग इस सेक्टर में स्वरोजगार शुरू करना चाहते हैं उन्हें भी वैलनैस से जुड़ी यूनिट्स खोलने के लिए आरंभ में ही अधिक धनराशि की जरूरत नहीं होती तथा न ही अधिक लोगों की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम कह सकते हैं कि इस क्षेत्र में आपके लिए बेहरत कॅरियर विकल्प मौजूद है।

### अपार संभावनाएं...

भारत आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट्स तथा योगा के लिए एक ग्लोबल सेंटर बनता जा रहा है। हर्बल कॉस्मैटिक्स सेक्टर भी भारतीय वैल्नेस इंडस्ट्री में अपनी जगह पक्की करता जा रहा है। अनुमान है कि इसमें 7 प्रतिशत की दर से विकास होगा, क्योंकि अधिक से अधिक लोग रासायनिक उत्पादों को छोड़कर जैविक उत्पादों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। हेल्थ ड्रिंक्स के रूप में न्यूट्रास्यूटिकल्स, स्लिमिंग टी, डाइटरी सप्लीमेंट्स आदि का सेवन भी कई गुणा बढ़ रहा है। इस सेग्मेंट के भी वर्ष 2016 तक बढ़कर 3212.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर होने की अपेक्षा है। वहीं ग्लोबल वैलनैस टूरिज्म सेग्मेंट के भी आम पर्यटन की अपेक्षा 50 प्रतिशत तेजी के साथ बढ़ने की संभावना है।

## रेसिपी

### पेड़े की खीर

#### सामग्री

1 लीटर दूध
250 ग्राम पेड़े
150 ग्राम पनीर
चुटकीभर केसर (दूध में भिगोए हुए)
1/2 टीस्पून इलायची पाऊडर
1/4 कप मिक्स ड्राई फ्रूट्स (बारीक कटे हुए)
जरूरत अनुसार चीनी

#### विधि

पेड़े और पनीर को कद्दूकस कर लें। फिर एक पैन में दूध, चीनी डाल कर इसको गाढ़ा होने तक उबाल लें और आंच से उतारकर ठंडा होने के लिए रख दें। अब इसमें कद्दूकस किया हुआ पनीर-पेड़ा भिगोए और केसर, इलायची पाऊडर डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। फिर इसको फ्रिज में 3-4 घंटे तक ठंडा होने के लिए रखें। जब यह ठंडा हो जाएं तो इसमें मिक्स ड्राई फ्रूट्स डालकर सर्व करें।

### खीरे के पकौड़े

#### सामग्री

1 कप सिंघाडे का आटा
2 चम्मच सेंधा नमक
1/2 छोटा चम्मच मिर्च पाऊडर
1/2 छोटा चम्मच धनिया पाऊडर
2-4 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई)
2 खीरा (पतली स्लाइस कटी हुई)
तेल तलने के लिए

#### विधि

सबसे पहले एक बाउल में सिंघाडे का आटा, सेंधा नमक, मिर्च पाऊडर, धनिया पाऊडर, हरी मिर्च और पानी डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अच्छी तरह से फेट लें। अब एक कड़ाही में तेल गर्म कर लें। अब खीरे के स्लाइस को बने हुए पेस्ट में डूबोकर कड़ाही में डालकर सुनहरे रंग होने तक फ्राई करें। गरमा-गरम खीरे के पकौड़े तैयार है। इसे हरी चटनी के साथ सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**